आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 29°C | 21°C |

इनसाइड न्यूज

गन्ना मूल्य का विज्ञापन अंग्रेजी अखबार में छपवाया...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 01 नवंबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 21 | www.janexpresslive.com/epaper



भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक... 12

# देश की एकजुटता-सुरक्षा को घुसपैठियों से खतरा: पीएम

## सरदार पटेल की जयंती पर बोले प्रधानमंत्री, कहा, कांग्रेस ने ब्रिटिश एजेंडे को आगे बढ़ाया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वडोदरा**

एकता नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जिले के एकता नगर में स्थित 182 मीटर ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर पुष्पांजलि अर्पित की। यहां आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में भाग लेकर उन्होंने देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि देश की एकजुटता और सुरक्षा को आज भी घुसपैठियों से खतरा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। मोदी बोले, कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा। कांग्रेस को सिर्फ सत्ता नहीं, बल्कि गुलाम मानसिकता भी अंग्रेजों से विरासत में मिली है।




### 'अंग्रेजों का अधूरा काम कांग्रेस ने पूरा किया'

मोदी ने कहा कि जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तब 'वंदे मातरम्' देश की एकता की आवाज बना। अंग्रेज उसे दबाने में असफल रहे, लेकिन जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, कांग्रेस ने कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने **धार्मिक आधार पर 'वंदे मातरम्' का हिस्सा हटा दिया, जिससे समाज को विभाजित किया गया और ब्रिटिश एजेंडा आगे बढ़ाया गया।

### गणतंत्र दिवस जैसी झांकियां और फ्लाई पास्ट

एकता नगर में परेड गणतंत्र दिवस की तर्ज पर आयोजित की गई। इस दौरान 10 राज्यों और संगठनों की झांकियां निकलीं, जिनमें **एनडीआरएफ-एनएसजी जम्मू-कश्मीर, अंडमान-निकोबार, पुडुचेरी, महाराष्ट्र, गुजरात, मणिपुर, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड शामिल रहे। वायुसेना की सूर्यकिरण टीम ने शानदार फ्लाई पास्ट किया, जबकि एनएसजी का हेल मार्च, सीआरपीएफ और गुजरात पुलिस की महिला विंग की राइफल ड्रिल, बीएसएफ का डॉग शो और असम पुलिस का मोटरसाइकिल स्टंट शो आकर्षण का केंद्र रहे।

### 'पूर्व की सरकारों ने सरदार साहब की नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना'

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार साहब ने देश की संप्रभुता को सबसे ऊपर रखा लेकिन दुर्भाग्य से सरदार साहब के निधन के बाद के वर्षों में देश की संप्रभुता को लेकर तब की सरकारों में उतनी गंभीरता नहीं रही। एक ओर कश्मीर में हुई गलतियां, दूसरी ओर पूर्वोत्तर में पैदा हुई समस्याएं और देश में जगह-जगह पनपा नक्सलवाद-माओवादी आतंक, ये देश की संप्रभुता को सीधी चुनौतियां थी लेकिन उस समय की सरकारों ने सरदार साहब की नीतियों पर चलने की जगह रीढ़विहीन रवैये को चुना। इसका परिणाम देश ने हिंसा और रक्तपात के रूप में झेला। 2014 के बाद हमारी सरकार ने नक्सलवाद और माओवादी आतंक पर प्रचंड प्रहार किया।

### 'हमारे देश की एकता और अंदरूनी सुरक्षा को घुसपैठियों से गंभीर खतरा है'

पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारे देश की एकता और अंदरूनी सुरक्षा को घुसपैठियों से गंभीर खतरा है। दशकों से, विदेशी घुसपैठिए हमारे देश में घुस रहे हैं, इसके संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं, और इसका जनसांख्यिकी का संतुलन बिगाड़ रहे हैं। दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों ने इस गंभीर मुद्दे को नजरअंदाज किया और इस समस्या से आंखें मूंद लीं। वोट-बैंक की राजनीति के चक्कर में, उन्होंने जानबूझकर देश की सुरक्षा से समझौता किया। पहली बार, देश ने इस चुनौती का सीधे सामना करने और अपनी अखंडता की रक्षा करने के लिए एक मजबूत और निर्णायक रुख अपनाया है।

### 'सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सरदार पटेल मानते थे कि इतिहास लिखने में समय नहीं गंवाना चाहिए, हमें तो इतिहास बनाने के लिए मेहनत करनी चाहिए। उनकी ये भावना हमें उनकी जीवनगाथा में दिखाई देती है। सरदार साहब ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए, उन्होंने नया इतिहास रचा। आजादी के बाद 550 से ज्यादा रियासतों को साथ जोड़ने के असंभव कार्य को उन्होंने संभव करके दिखा दिया। एक भारत-श्रेष्ठ भारत का विचार उनके लिए सर्वोपरि था।

### 'इतिहास में सच्चाई दर्ज होनी चाहिए'

प्रधानमंत्री ने कहा कि असली लौह पुरुष को याद करते हैं, जिन्होंने पत्थर, चाकू और विभिन्न साजिशों का सामना किया, लेकिन कभी भी भारत की एकता से समझौता नहीं किया। इतिहास में सच्चाई दर्ज होनी चाहिए न कि कांग्रेस का तोड़-मरोड़कर पेश किया गया पक्ष। 86 वर्षों तक इस सच को राजनीतिक फायदे के लिए छिपाकर रखा गया। इतिहासकार रिजवान कादरी इसे सबके सामने लाए। यह इस बात की याद दिलाता है कि आजादी की लड़ाई के दौरान सरदार पटेल ने न सिर्फ अंग्रेजों से, बल्कि अंदरूनी धोखे से भी लड़ाई लड़ी थी।

### 'कश्मीर पर कांग्रेस ने की गलती, जिससे देश दशकों तक जलता रहा'

पीएम मोदी ने कहा कि सरदार साहब चाहते थे कि जैसे उन्होंने बाकी रियासतों का विलय किया, वैसे ही ओर कश्मीर का विलय हो, लेकिन, पंडित नेहरू ने उनकी वो इच्छा पूरी नहीं होने दी। कश्मीर को अलग संविधान और अलग निशान से बांट दिया गया। कश्मीर पर कांग्रेस ने जो गलती की थी, देश दशकों तक जलता रहा।

### 'राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली बातों से दूर रहें'

राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, सरदार पटेल अमर रहें, आज हम सब एक महान क्षण के साक्षी बन रहे हैं। देशभर में हो रही एकता दौड़ कोटि-कोटि भारतीयों का उत्साह बढ़ा रही है। हम नए भारत की संकल्प शक्ति को साक्षात महसूस कर रहे हैं। हर ऐसी बात जो देश की एकता को कमजोर करती है। हर देशवासी को उससे दूर रहना है। ये राष्ट्रीय कर्तव्य है, ये सरदार साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। यही आज देश की जरूरत है। यही आज एकता दिवस का हर भारतीय के लिए संदेश भी है, संकल्प भी है।

### मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने लौहपुरुष को किया याद

राष्ट्रीय एकता दिवस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, सरदार वल्लभभाई पटेल (स्वतंत्रता संग्राम के दौरान) सभी आंदोलनों की रीढ़ थे और उन्होंने उनकी सफलता सुनिश्चित की। उनके सभी कदम आज भी प्रासंगिक हैं।

### महिला अफसरों ने संभाली एकता दिवस परेड की कमान

कार्यक्रम से पहले प्रधानमंत्री ने परेड की सलामी ली। इस परेड की खास बात यह रही कि सभी टुकड़ियों का नेतृत्व महिला अफसरों ने किया। इसमें बीएसएफ-सीआईएसएफ-आईटीबीपी-सीआरपीएफ समेत 16 टुकड़ियों ने भाग लिया। परेड में बीएसएफ के 16 पदक विजेता और सीआरपीएफ के 5 शौर्य चक्र विजेता शामिल हुए। 9 बैंड टुकड़ियां और 4 स्कूल बैंड ने अपने प्रदर्शन से माहौल देशभक्ति से भर दिया।

### 1 से 15 नवंबर तक 'भारत पर्व 2025'

कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी ने घोषणा की कि एकता नगर में 1 से 15 नवंबर तक 'भारत पर्व 2025' आयोजित होगा। इस दौरान देश की विविध सांस्कृतिक विरासत और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना** को प्रदर्शित किया जाएगा।हर शाम डैम व्यू पॉइंट 1 पर दो राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

### 'आज देश में रिकॉर्ड हाइवे और एक्सप्रेसवे बन रहे'

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में रिकॉर्ड हाइवे और एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। वंदे भारत और नमो भारत जैसी ट्रेन भारतीय रेल को बदल रही हैं। छोटे शहर भी अब एयरपोर्ट की सुविधा से जुड़ रहे हैं। इस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से भारत को लेकर दुनिया का नजरिया ही पूरी तरह बदल रहा है। इसने पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण देश की दूरियों को भी कम किया है।

# योगी ने 'रन फॉर यूनिटी' को दिखाई झंडी

## बोले, राष्ट्र की अखंडता के साथ कोई खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि भारत की अखंडता और एकता के लिए जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, उन लौह पुरुष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन, समर्पण और त्याग आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। आइए, इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर हम संकल्प लें कि जाति, भाषा, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाएंगे।



### 563 रियासतों को भारत गणराज्य में शामिल कर अखंड भारत का किया निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद ब्रिटिश साजिशों को नाकाम करते हुए 563 रियासतों को भारत गणराज्य में शामिल कर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि जब हैदराबाद और जूनागढ़ की रियासतों ने भारत में विलय से इनकार किया, तब लौह पुरुष ने पहले संवाद का रास्ता अपनाया, लेकिन जब राष्ट्र की अखंडता पर संकट आया, तब उन्होंने कठोर निर्णय लेकर भारत की एकता को सुरक्षित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि भारत की अखंडता के साथ कोई खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर अखंड भारत के उस संकल्प को साकार किया, जो सरदार पटेल ने देखा था। यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

### भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से ही देश में उन महान सपूतों को सम्मान देने की परंपरा शुरू हुई है, जिन्होंने भारत को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि आज पूरे देश में 600 से अधिक स्थानों पर 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को प्रबल करने का यह अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में कहा गया है कि卐शिवो भूत्वा शिवं यजेत卐, अर्थात जिसे हम पूजते हैं, उसके अनुरूप हमें स्वयं को ढालना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल भाषणों में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी एकता और अखंडता के मूल्यों को अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केवड़िया (गुजरात) में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के रूप में सरदार पटेल की स्मृति को जीवंत बनाया गया है, जो आज राष्ट्रीय प्रेरणास्थली बन चुकी है।

### उत्तर प्रदेश से केवड़िया जाएगा सांस्कृतिक दल

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश से एक सांस्कृतिक दल और हस्तशिल्पियों का प्रतिनिधिमंडल केवड़िया जाएगा। राज्यपाल महोदया के नेतृत्व में 12 नवंबर को केवड़िया में सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'स्वदेशी अभियान' को मज़बूती देने के साथ उत्तर प्रदेश के कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने का यह अवसर भी है।

### 75 जिलों में गूंजी राष्ट्रीय एकता की भावना

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आज 'रन फॉर यूनिटी' के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें लाखों युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है।

### 'हम सब मिलकर भारत की अखंडता को सशक्त बनाएं'


सीएम ने आह्वान किया कि हमें उन सभी कुत्सित प्रयासों का विरोध करना चाहिए जो जातिवाद, परिवारवाद या छुआछूत के आधार पर समाज को बांटने का काम करते हैं। राष्ट्रीय एकता दिवस का यही संदेश है कि हम सब मिलकर भारत की अखंडता को सशक्त बनाएं और सामाजिक एकता को मजबूत करें।

### 'संकल्पना की सिद्धि हेतु सदैव प्रेरित करते रहेंगे'

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर भी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दीं और भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं प्रदेश वासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की हार्दिक बधाई। भारत की आंतरिक सुरक्षा और अखण्डता हेतु सरदार साहब द्वारा किए गए अथक प्रयास हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना की सिद्धि हेतु सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

# बिहार में पुष्कर सिंह धामी की दहाड़

## बोले, गप्पू भइया, मुगल प्रेम आपको सत्ता में नहीं आने देगा



### जीत का दावा किया

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बिहार में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने गप्पू भइया के मुगल प्रेम को लेकर तंज कसा और कहा कि इससे उन्हें सत्ता नहीं मिलेगी। धामी ने विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और भाजपा की जीत का दावा किया।

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल्याणपुर व हरसिद्धि विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि गप्पू और पप्पू के गठबंधन ने लोगों को ठगकर अपनी तिजोरियां भरने का कार्य किया है। लालू और राबड़ी ने पूरे बिहार को गरीबी के दलदल में धकेला था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार माओवाद व जंगलराज से मुक्त हुआ है। विधानसभा क्षेत्र हरसिद्धि में भाजपा प्रत्याशी कृष्णनंदन पासवान और कल्याणपुर में भाजपा प्रत्याशी सचिंद्र प्रसाद सिंह के समर्थन में सीएम धामी ने जनसभा को संबोधित किया। यह मुख्यमंत्री धामी का चुनाव में दूसरा बिहार दौरा है। इससे पहले वे दो जनसभाओं को संबोधित कर एक रोड शो में भी शामिल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तेजस्वी उर्फ गप्पू भइया कहते हैं राज्य में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे। इसे संसद की मंजूरी मिली है, जिसे आपका परिवार भी नहीं रोक सकता। कहा, आपका मुगल प्रेम आपको सत्ता में नहीं आने देगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अब यह बिहार की जनता तय करेगी कि उन्हें पूरा बिहार संभालने वाले लोग चाहिए या केवल अपने परिवार की चिंता करने वाले। उन्होंने कहा, परिवारवाद की राजनीति का अंत हो चुका है। लालू-राबड़ी के शासन में नरसंहार आम था। अब बिहार की पहचान विकास और सुशासन से हो रही है। पहले उद्योगपति बिहार में निवेश नहीं करना चाहते थे, आज बिहार की जीडीपी में उद्योगों की भागीदारी 33 प्रतिशत से अधिक है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में गरीबी हटाओ के नारे देकर गरीबों को हटा दिया जाता था, मोदी सरकार धरातल पर काम कर रही है। परिणाम यह है कि अब तक 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी का मिशन घपले और घोटालों से अपने परिवार की तिजोरियां भरना रहा है। उन्हें बिहार के बच्चों की नहीं, अपने बच्चों की चिंता है। जिनका भ्रष्टाचार का लंबा रिकार्ड रहा है, वे बिहार का विकास नहीं कर सकते।

### औद्योगिक इकाई को बिजली कनेक्शन न मिलने पर जेई व एसडीओ निलंबित

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** बाराबंकी जिले के फतेहपुर खंड अंतर्गत कुर्सी क्षेत्र में एक औद्योगिक इकाई को समय पर बिजली कनेक्शन न देने पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। मामले में एसडीओ सर्वेश कुमार और जेई अनिल कुमार को निलंबित कर बरेली के द्वितीय जोन से संबद्ध किया गया है। दोनों अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने औद्योगिक इकाई के लिए ओवरहेड बिजली लाइन निर्माण में सहयोग नहीं किया। शिकायत सीधे मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक (एमडी) रिया केजरीवाल तक पहुंची। जिन्होंने मुख्य अभियंता नरेश कुमार और एक्सईएन मनोज गुप्ता को मौका मुआयना कराकर 29 अक्तूबर को कार्रवाई के निर्देश दिए। सूत्रों के मुताबिक, अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता पर भी सवाल उठ रहे हैं कि उनके अधीनस्थ अधिकारियों की लापरवाही समय रहते क्यों नहीं पकड़ी गई। कुर्सी रोड औद्योगिक क्षेत्र की इकाई मेसर्स आर्चियन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड ने 3000 केवीए का कनेक्शन लेने के लिए 27 फरवरी, 2025 को आवेदन किया था। आवेदन के बाद निरीक्षण रिपोर्ट और एस्टीमेट समय से जारी हो गए।

# भारत में रियल एस्टेट का नया युग: हरा ढाँचा और ऊँचे मुनाफे की दस्तक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

देश आज ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ विकास का पैमाना सिर्फ ऊँची इमारतें और चौड़ी सड़कें नहीं रह गया है। अब तरक्की का अर्थ है–प्रकृति का संरक्षण, ऊर्जा की बचत और रहने योग्य भविष्य का निर्माण। भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र इसी दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ा रहा है। हरे भवनों और पर्यावरण-अनुकूल अधोसंरचना का दौर शुरू हो चुका है। इसमें सिर्फ निर्माण का तरीका नहीं बदल रहा, बल्कि निवेश का नजरिया भी बदल रहा है। इसी कड़ी में एक बड़ा कदम उठाया है वेल्थ कंपनी एसेट प्रबंधन प्रा. लि. ने, जिसने दो हजार करोड़ रुपये के श्रेणी-द्वितीय वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) भारत भूमि निधि की घोषणा की है। यह कोष भारत की पहली शून्य-कार्बन इंजीनियरिंग कंपनी बोटस के साथ मिलकर ऐसे आवासीय और वाणिज्यिक प्रोजेक्ट विकसित करेगा जो ऊर्जा की बचत, जल संरक्षण और न्यूनतम प्रदूषण पर आधारित होंगे। इस कोष का ध्यान प्लॉट आधारित विकास, आलिशान आवासीय परियोजनाओं और स्मार्ट नगरियों पर होगा। खास बात यह है कि इन परियोजनाओं में सौर ऊर्जा, जल पुनर्चक्रण, अपशिष्ट रहित निकासी व्यवस्था, तथा आधुनिक शीतलन प्रणाली जैसी नवीन तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यानी भविष्य का घर सिर्फ सुन्दर और मजबूत नहीं होगा, बल्कि सस्ता बिजली बिल, स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली भी देगा। कोष के प्रबन्ध भागीदार राकेश कुमार का कहना है कि लक्ष्य सिर्फ मकान बनाना नहीं, बल्कि भारत के शहरों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना है। वहीं बोटस के संस्थापक दीपक राय ने स्पष्ट कहा कि हरा निर्माण भविष्य में केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि सबसे बड़ा लाभदायक आर्थिक मॉडल बनेगा। साफ है–अब नए दौर का समीकरण है स्वच्छ विकास ऊँचा लाभ।

> लक्ष्य सिर्फ मकान बनाना नहीं, बल्कि भारत के शहरों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना है

### झाँसी बना उदाहरण

उधर बुंदेलखंड की धरा भी इस दिशा में नई मिसाल कायम कर रही है। झाँसी विकास प्राधिकरण ने 65 हजार वर्गफुट में विशाल अत्याधुनिक सभागार परिसर विकसित किया है। यह आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन क्षेत्र की पहचान बन चुका है। यह भवन न केवल झाँसी को जलवायु-स्मार्ट शहर बनाने में सहायक होगा बल्कि व्यापारिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बड़े मंच के रूप में उभर रहा है। इसके साथ ही सड़क विस्तार और यातायात सुधार से शहर नई ऊर्जा पा रहा है।

### एनसीआर में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में संपत्ति बाजार नई ऊँचाइयों पर है। विशेषज्ञों के अनुसार गुरुग्राम के पाँच प्रमुख क्षेत्र सोहना, द्वारका मार्ग, गोल्फ कोर्स मार्ग, गोल्फ कोर्स विस्तार मार्ग और एसपीआर सबसे तेज़ी से उभर रहे हैं। खासतौर पर सोहना में संपत्ति मूल्य वर्ष 2030 तक लगभग डेढ़ गुना बढ़ने का अनुमान है।

### नीतियों का असर: मोदी और योगी मॉडल अग्रणी

यह परिवर्तन संयोग नहीं, बल्कि सुविचारित नीति का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजमार्ग, हवाई अड्डों, औद्योगिक गलियारों और स्मार्ट शहर योजनाओं ने भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूती दी है। स्मार्ट शहर से स्मार्ट जीवन का संकल्प अब जमीन पर उतर रहा है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की क़ानून-व्यवस्था और पारदर्शी शासन-व्यवस्था ने निवेश का भरोसा बढ़ाया है। झाँसी का नया सभागार, साथ ही लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर में शहरी विकास कार्य, इसका प्रमाण हैं। आज का नया यूपी सुरक्षा, सुविधा और निवेश का नया केंद्र बन चुका है। बहरहाल स्पष्ट है कि भारत का रियल एस्टेट अब सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि नवाचार + पर्यावरण + उच्च प्रतिफल का स्वरूप ले चुका है। आने वाले समय में वही लोग आगे होंगे जो हरित, स्मार्ट और भविष्य के अनुकूल परियोजनाओं में निवेश करेंगे। अगला दशक हरे अधोसंरचना का दशक है—और यह यात्रा अभी शुरू हुई है।

# जिले के टॉप टेन हिस्ट्रीशीटर गैंग को गैंगस्टर एक्ट में 6 साल की कैद व जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद में न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अपराधियों के मन में कानून का भय पुनः स्थापित किया है।विशेष न्यायालय गैंगस्टर एक्ट ने जनपद के टॉप टेन हिस्ट्रीशीटर अपराधियों में शामिल तीन शातिर अपराधियों को छः वर्ष के कठोर कारावास एवं सात-सात हजार के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में छः माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

यह मुकदमा थाना बदौसा के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह गौर द्वारा दिनांक इक्कीस जुलाई दो हजार बीस को दर्ज कराया गया था।प्राथमिकी में नामजद अभियुक्त छेदीलाल यादव उर्फ छेदिया पुत्र जगन्नाथ यादव, सोनू उर्फ आलोक, आनंद यादव उर्फ खुशीलाल, एवं रामनरेश उर्फ रतिभान,लाल जी निवासीगण ग्राम जमुनिहापुरवा थाना बदौसा जनपद बांदा के निवासी हैं।अभियोजन के अनुसार यह सभी एक संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं, जो हत्या, लूट, रंगदारी, अवैध असलहों का उपयोग एवं अन्य जघन्य अपराधों में सक्रिय रूप से लिप्त रहे हैं।

मामले की विवेचना निरीक्षक मोहम्मद अकरम द्वारा की गई थी। अभियोजन पक्ष द्वारा ठोस साक्ष्य और प्रमाण प्रस्तुत करते हुए प्रभावी पैरवी की गई, जिसके फलस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट बांदा श्री प्रदीप कुमार मिश्रा ने अभियुक्तों को दोषी ठहराया।विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट अधिवक्ता सौरभ सिंह ने बताया कि यह जनपद का सबसे कुख्यात गैंग था,जिसके लीडर छेदीलाल उर्फ छेदिया हैं, जबकि सोनू, खुशीलाल और रामनरेश,लालजी इसके सक्रिय सदस्य हैं।इन अपराधियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में हत्या, लूट और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

उन्होंने कहा ÷यह फैसला पूरे जनपद के लिए एक संदेश है कि अपराध कितना भी संगठित क्यों न हो, कानून के शिकंजे से कोई नहीं बच सकता। न्यायालय का यह निर्णय न केवल अभियोजन की मेहनत का परिणाम है, बल्कि समाज में न्याय और विश्वास की स्थापना की दिशा में एक मजबूत कदम है।गैंग चार्ट जिलाधिकारी द्वारा अनुमोदित कराया गया था, जिसके आधार पर गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा दो गवाह प्रस्तुत किए गए, जिनके साक्ष्यों और दस्तावेजों के गहन परीक्षण के उपरांत न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषी पाया और सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक अधिवक्ता सौरभ सिंह, पैरोकार राहुल वर्मा, कोर्ट मोहर्रिर जितेन्द्र कुमार और गौरव की कड़ी मेहनत से यह निर्णय संभव हुआ। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपराधियों के लिए समाज में कोई स्थान नहीं है; कानून सबके लिए समान है और न्याय अंततः सत्य की जीत है।

# धर्मनगरी में धूमधाम से मनाई गई लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा राष्ट्रीय एकता व अखण्डता बनाए रखने की शपथ ली गई। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों में विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों व पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जनपद में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। साथ ही चित्रकूट इण्टर कॉलिज, जेएम पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं व आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने कहा कि यह यात्रा भारत की एकता के प्रतीक स्वरूप है, जो एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संदेश देती है। कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत का एकीकरण कर जो एकता व अखण्डता का संकल्प दिलाया था, वर्तमान भारत उस संकल्प को लेकर चल रहा है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की शपथ भी दिलाई। इसके बाद सभी ने सामूहिक राष्ट्रगान भी गाया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाध्यक्ष भाजपा महेंद्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, लवकुश चतुर्वेदी, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी, जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय, जिला क्रीड़ा अधिकारी अरविन्द सोनकर, भाजपा नेता देव त्रिपाठी, आलोक कुमार पाण्डेय, विकास कुमार मिश्रा, सुरेश अनुरागी, रवि गुप्ता, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

जिला कलेक्टरेट सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अखण्ड भारत के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए सभी को राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। विकास भवन सोनपुर में मुख्य विकास अधिकारी सहित विकास भवन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि भारत के एकीकरण में सरदार वल्लभ भाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिनकी सूझबूझ से देशी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत देश का निर्माण किया गया। उनका यह योगदान सदैव सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। इस दौरान सभी ने शपथ भी ली।

राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध बाल अपचारियों को सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान, रियासतों के एकीकरण और भारत की एकता व अखंडता के प्रति उनके अदम्य साहस के बारे में बताया गया। साथ ही राष्ट्रीय एकता व अखण्डता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान रन फॉर यूनिटी सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौकेपर प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजना पोडवाल, सह?प्रेक्षण अधिकारी अर्चना श्रीवास्तव, सदस्य दीपक शर्मा, अशोक कुमार पटेल, संस्था प्रभारी वीर सिंह, योगाचार्य संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का आयोजन कर नागरिकों को सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों एवं उनके योगदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। कर्वी कोतवाली क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव, कर्वी कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल, वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव सिंह आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार मानिकपुर थाना क्षेत्र में उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम व प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव द्वारा, थाना क्षेत्र राजापुर में क्षेत्राधिकारी राज कमल व प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह द्वारा, थाना मऊ क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी फहद अली व प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह द्वारा, थाना भरतकूप क्षेत्र में उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा, थाना बहिलपुरवा क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा द्वारा, थाना क्षेत्र रैपुरा में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला द्वारा, थाना क्षेत्र मारकुण्डी में प्रभारी निरीक्षक निशाकान्त राय द्वारा व थाना क्षेत्र बरगढ़ में प्रभारी निरीक्षक शिवआसरे द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस ने उत्कृष्ट अनुशासन, दक्षता एवं उच्च मनोबल का प्रदर्शन किया। समाज में राष्ट्रीय अखंडता, सद्भाव, एकजुटता और राष्ट्रीय चेतना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

खोह स्थित पुलिस लाइन में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

# मोरम, गिट्टी का अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग कर रहे ट्रकों के खिलाफ हुई सख्त कार्यवाही

## पकड़े गये 29 ट्रकों से चौदह लाख पचास हजार का वसूला जायेगा राजस्व

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिलाधिकारी घनश्याम मीणा की मोरम के ओवर लोड और अवैध परिवहन कर रहे ट्रकों के खिलाफ सख्ती के बाद हरकत में आये एसडीएम मौदहा और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मोरम अवैध परिवहन कर रहे 20 ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये
5 ट्रकों को कोतवाली मौदहा, जबकि 15 ट्रकों का आनलाइन चालान किया गया, वही एसडीएम सदर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सहित खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मोरम का अवैध परिवहन कर रहे तीन ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये कुछेछा चौकी के हवाले किया। जबकि उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी राठ के साथ ही खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मोरम का अवैध परिवहन करते 6 ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये चिकासी थाने के हवाले किया गया। बताया गया कि टीम ने मोरम और गिट्टी के 29 ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही की है। जबकि पकड़े गये ट्रकों से करीब चौदह लाख पचास हजार का राजस्व मिलेगा।

# छीबों और हन्ना विनैका प्रधान ने सीखे युवा लीडरशिप विकसित करने के गुर




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिले के रामनगर विकासखण्ड के दो प्रधानों ने दिल्ली में अपनी ग्राम पंचायत को मॉडल युवा ग्राम सभा बनाने के गुर सीखे। दिल्ली के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में बृहस्पतिवार को आयोजित मॉडल युवा ग्रामसभा कार्यशाला में छीबों ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा व हन्ना विनैका ग्राम प्रधान दीपक तिवारी ने हिस्सा लिया। केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय एवं जनजातीय विकास मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मॉडल यूथ ग्राम सभा की एक दिवसीय कार्यशाला से लौटे प्रधानों ने बताया कि उन लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं में लीडरशिप विकसित करने के टिप्स दिए गए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम सभा वार युवाओं को सही दिशा में ले जाकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाना है। बताया कि हर ग्राम सभा में युवाओं को शिक्षा से लेकर राजनीति व व्यवसाय में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 200 ग्राम प्रधानों को बुलाया गया था। साथ ही विभिन्न आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी बुलाया गया था। इस दौरान उन्होंने पंचायती राज्य विभाग के केन्द्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं की जानकारी भी दी।

# सरदार पटेल की देन है आधुनिक भारत का स्वरूप : अनूप गुप्ता

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुक्रवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत सरदार पटेल चैराहा से की गई, जो एल.आई.सी. चैराहा व धनुष चैराहा होते हुए पुनः पटेल चैराहे पर समाप्त की गई। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई व सभी को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में भाजपा के कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के प्रभारी व विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता ने कहा कि आधुनिक भारत का स्वरूप सरदार पटेल की देन है। सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शी सोच से 562 से अधिक रियासतों का विलय करवाकर वर्तमान भारत को साकार रूप दिया। कहा कि घर-घर स्वदेशी का संकल्प ही सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कहा कि वर्तमान में कुछ राजनीतिक दल व अराजकतत्व देश व समाज को जाति, भाषा, वर्ग, क्षेत्र और मजहब के नाम पर खण्ड-खण्ड करना चाहते हैं। कहा कि सभी युवा अलगाववादी विचारों का विरोध करें। युवाशक्ति की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि सभी को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी कूटनीति का प्रयोग कर देशी रिसायतों का विलय भारत में कराया था, उनका यह योगदान सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प में सहभागिता करें तथा लोकल उत्पादों का प्रयोग करते हुए स्थानीय बाजार व्यवस्था को मजबूत करें। भाजपा सरकार कृषि और कृषक कल्याण के लिए काम कर सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजली दे रही है। एकता मार्च कार्यक्रम के संयोजक पंकज अग्रवाल ने बताया कि मार्च के बाद संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, भाजपा नेता देव त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, लवकुश चतुर्वेदी, चन्द्रप्रकाश खरे, राजीव त्रिपाठी, रामसागर चतुर्वेदी, हीरो मिश्रा, बृजेश पांडेय, रवि गुप्ता, सुरेश अनुरागी, फूलचंद राजपूत, रामप्रताप सिंह, दीपक द्विवेदी, गोलू गर्ग आदि मौजूद रहे।

# 'लौह पुरुष' की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय सहित समस्त थानों में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दिलाई पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की चित्र पर माल्यार्पण कर पुलिस कर्मियों को सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखण्डता व आंतरिक सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी। पुलिस कार्यालय में ही अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक व क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सलामी दी गई। इसी क्रम में पुलिस लाइन सहित जनपद के सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी पर पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखण्डता व आंतरिक सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी।



# तीन नवंबर को होगी समीक्षा बैठक

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि भारत सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए आगामी तीन नवंबर को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति- दिशा की बैठक सांसद कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# वन स्टाप सेन्टर के जायजे के दौरान सचिव जिला विधिक प्राधिकरण को मिली खामियां

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने निराश्रित महिलाओं और बच्चियों के लिये चलाये जा रहे वन स्टाप सेन्टर और चाइल्ड लाइन का जायजा लिया गया। जायजे के दौरान काउन्सलर रीना, सिक्योरिटी गार्ड किरन, मल्टीपरपज स्टाफ रेखा सहित कम्प्यूटर आपरेटर अनुभव मौजूद पाये गये। जबकि जायजे के दौरान सेन्टर मैनेजर मोनिका गुप्ता मौजूद नहीं पायी गयीं। काउन्सलर रीना ने बताया कि उनकी अचानक तबियत खराब होने के चलते वो सेन्टर से करीब दोपहर एक बजे चली गयी थी। वही जायजे के दौरान सेन्टर में कोई भी बालिका या महिला रहती नहीं पायी गयी। काउन्सलर रीना ने बताया कि सिर्फ तीन महिलायें और बच्चियां सेन्टर में रह रही हैं, जिन्हें सुबह बयान देने के लिये महिला सिपाही ले गयी हैं। जबकि सेन्टर के
रजिस्टर में भी ये दर्ज पाया गया है। वही जायजे के वक्त सेन्टर के कुछ रजिस्टर खाली पाये गये। जिसके लिये मौजूद कर्मचारियों को हिदायत दी गई कि सभी रजिस्टर में वक्त से डिटेल दर्ज किया जाये। वही मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सेन्टर में रहने वाली महिलाओं को सुबह के वक्त रोटी-सब्जी दी गई थी। जबकि इस बात को सेन्टर के रजिस्टर में दर्ज नहीं पाया गया। वही कम्प्यूटर आपरेटर ने बताया कि सेन्टर में रहने वाली महिलाओं और बच्चों को दिये जाने वाले खाने की हर रोज फोटो ली जाती है। जबकि आज दी गई रोटी-सब्जी की फोटो लिये जाने के बारे में बताया गया। जायजे के वक्त सेन्टर में सी0सी0टी0वी0 कैमरे पाये गये, लेकिन कैमरे का मानीटर सेन्टर पर नहीं पाया गया।

बताया गया कि मानीटर डी0पी0ओ0 के चेम्बर में लगाया गया है। जिसके बाद डी0पी0ओ0 राजीव सिंह को एक मानीटर %वन स्टाप सेन्टर% में लगाये जाने की हिदायत दी गई, साथ ही सेन्टर में साफ-सफाई और मच्छर से बचाव के बेहतर इंतजाम करने की हिदायत दी गई। वही मौजूद काउन्सलर को सचिव ने बताया कि अगर सैन्टर में रह रहे बच्चियां और महिलाओं को किसी तरह की कानूनी मदद की जरूरत हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से मुलाकात की जा सकती है।

## दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के गुणवत्ता संवर्धन को कार्यशाल आयोजित

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के गुणवत्ता संवर्धन के लिए शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन में किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रीय दूरवर्ती अधिकारियों, प्रतिष्ठित विद्वानों के साथ प्रदेश के 52 जिलों के तीन सौ से अधिक लोगों ने सहभागिता की। तीन चर्चा सत्रों में सम्पन्न इस कार्यशाला में दूरवर्ती के श्रेष्ठ शैक्षणिक केंद्र के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की छवि को और भी ऊंचाईयों पर ले जाने का संकल्प ध्वनित हुआ। इसमें इग्नू दिल्ली के पूर्व कुलपति प्रो.नागेश्वर राव, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा ने विचार व्यक्ति किए। दूरवर्ती निदेशक प्रो. कमलेश थापक के साथ प्रो. आंजनेय पाण्डेय, प्रो. नीलम चैरे, प्रो. अजय चोरे ने विभिन्न तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता की। सहायक कुलसचिव अनुराग द्विवेदी, नीलकमल कुमावत, संतोष राजपूत ने विभिन्न तकनीकी सत्रों का संयोजन किया। उद्घाटन तथा विभिन्न सत्रों का संचालन काशी प्रसाद तिवारी ने किया।

# एसपी ने नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

खोह स्थित पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों सहित आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एन.सी.एल. (न्यू क्रिमिनल लॉ) जागरूकता अभियान 2.0 के तहत आवश्यक जानकारी दी तथा सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर समस्याएं सुनी। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित कान्हा सभागार में निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों व आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को एन.सी.एल. जागरूकता अभियान 2.0 के तहत नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस 2023), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस 2023) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बन्ध में सभी को जागरूक किया। एसपी ने 'शून्य एफआईआर' की अवधारणा, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्रावधान, नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्रावधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्रावधानों की जानकारी दी। बताया कि औपनिवेशिक काल के पुराने दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करते हुए आधुनिक, नागरिक-केंद्रित तथा तकनीकी रूप से सशक्त न्याय प्रक्रिया की नींव रखी है। इसके अलावा एसपी ने सैनिक सम्मेलन का आयोजन कर रिक्रूट आरक्षियों की समस्याएं सुनी तथा सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लौह पुरुष की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित हुई 'रन फॉर यूनिटी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



दिनांक 31अक्टूबर को ÷लौह पुरुष÷ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती अवसर पर जनपद में ÷रन फॉर यूनिटी÷ का भव्य आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों,पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, आमजनमानस तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। ÷रन फॉर यूनिटी÷ के माध्यम से ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ तथा राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया गया। एकता दौड़ का शुभारम्भ महाराणा प्रताप चौराहा से हुआ जहां मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार,पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस0, जिलाधिकारी जे0 रिभा व पुलिस अधीक्षक पलास बंसल ने एकता दौड़ को रवाना किया गया। एकता दौड़ में सभी अधिकारी भी शामिल हुए। ÷सरदार पटेल अमर रहे÷ तथा ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ के नारों की गूंज के साथ एकता दौड़ रेलवे स्टेशन, बाबूलाल चौराहा से अतर्रा चुंगी होते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में सम्पन्न हुई जहां जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद,सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू तथा अन्य जनप्रतिनिधियों नें पुष्प वर्षा कर एकता दौड़ का स्वागत किया।जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और देश की अखण्डता के प्रति उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। सभी नागरिकों से आह्वान किया गया कि हम सभी मिलकर उनके आदर्शों पर चलें और देश की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने में योगदान दें।कार्यक्रम में अन्त सभी राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई गई।

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive



**एसआईआर के एलान के बाद बंगाल के मतुआ...**

हाल ही में चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कराने का एलान किया है। चुनाव आयोग के इस एलान के साथ ही पश्चिम बंगाल के मतुआ समुदाय में डर, नाराजगी और चिंता का माहौल है। मतुआ समुदाय को विशेष गहन पुनरीक्षण... पढ़ें पेज 12 पर...



# गन्ना मूल्य का विज्ञापन अंग्रेजी अखबार में छपवाया अखिलेश का तंज, कितने किसान इसे पढ़ पाएंगे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता कर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर सरदार पटेल के नाम पर विश्वविद्यालय बनवाएंगे। गन्ना मूल्य पर कहा कि गन्ना मूल्य में 30 रुपये से ज्यादा की वृद्धि होनी चाहिए थी। दाम में कम से कम इतनी बढ़ोतरी करें जिसमें किसान खुशहाल हो। सपा मुखिया ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने गन्ना मूल्य और भुगतान करने का विज्ञापन अंग्रेजी अखबार में छापा। बताओ कितने किसान अंग्रेजी में यह जानकारी पढ़ पाएंगे। बहराइच की गन्ना मिल बंद हो गई। जिम्मेदार किसानों का करोड़ों रुपया लेकर भाग गए। ये सब सरकार के पोषित लोग हैं। अब सरकार मंडियां बेचना चाहती है। एसआईआर के दूसरे चरण को लेकर अखिलेश ने कहा कि हमारी मांग है कि इतनी बड़ी प्रक्रिया में जाति पर एक अतिरिक्त कॉलम शामिल किया जाए। इससे जाति जनगणना कराने, बेहतर नीति निर्माण और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। मुझे उम्मीद है कि सरकार हमारे सुझाव पर विचार करेगी और उसे लागू करेगी। कानपुर के अखिलेश दुबे की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जितना भ्रष्टाचार इस सरकार में हो रहा है, उतना कभी नहीं हुआ। विकास दुबे की गाड़ी इसलिए पलटाई गई थी, कि कहीं सरकार न पलट जाए। अब अखिलेश दुबे को बचाया जा रहा है। जितना भ्रष्टाचार इस सरकार में है, उतना किसी सरकार में नहीं रहा। विश्वविद्यालय में किसे कुलपति बनाया जा रहा है, सभी को पता है।



### मुख्यमंत्री को नाम बदलने का पुराना शौक

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को नाम बदलने का पुराना शौक है। यदि आपको ओसामा बिन नाम पसंद नहीं था, तो एआई से पूछते इसका हिंदी नाम बताए। यदि वह हिंदी नाम शेर सिंह बताता तो वही कर देते। धरती पर यदि किसी के साथ सबसे भेदभाव हुआ है तो वह हैं दलित। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संघ पर बैन की बात कही है। हम उनसे सहमत हैं। अखिलेश ने कहा कि जैट जीपीटी की मानें तो आरएसएस ने ऐसा वातावरण पैदा किया, जिससे नाथू राम गोडसे ने गांधी जी की हत्या की। भाजपा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पार्टी है। मैं तेजस्वी से कहूंगा की अडानी का एक-एक रुपया वापस कर दें। 10 हजार युवाओं को नौकरी देने का शपथ पत्र लें।

### भाजपा सरकार में इलाज कराना भगवान भरोसे

सपा मुखिया ने कहा कि सबसे अधिक असुरक्षित महिलाएं व बेटियां भाजपा सरकार में हैं। इस सरकार में दलित, पिछड़े मारे जा रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में कोई बहुत काम नहीं हुआ। एंबुलेंस हम लोगों ने चलवाई थीं। सरकार आने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। आज जब भाजपा के बड़े नेताओं को इलाज कराना होता है तो सपा सरकार में बनवाए गए मेदांता में इलाज कराने जाते हैं। इस सरकार में इलाज कराना भगवान भरोसे है। अखिलेश ने आगे कहा कि भाजपा की मूल पार्टी आरएसएस है। सरदार पटेल ने संघ पर बैन लगाया था। शर्तों पर संघ से बैन खत्म हुआ था। भाजपा हमें दूसरी चीजों में उलझाए है। अमेरिका और चीन के लिए बाजार बेचे डाल रहे हैं। कोई स्पेन बना रहा है तो कोई क्योटो। भाजपा नकारात्मकता फैला रही है। मेरठ में जो दुकानें गिराई जा रही हैं, उसका आदेश सपा सरकार में भी था। लेकिन, हमने नहीं गिराईं। भाजपा गिरा रही है।

# रन फॉर यूनिटी को लेकर आईजी लॉ एंड ऑर्डर एल.आर. कुमार की प्रेस वार्ता

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रदेशभर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पुलिस मुख्यालय से लेकर सभी जनपदों के थाना स्तर तक दौड़ आयोजित की गई, जिसमें पुलिस विभाग के जवानों व कर्मचारियों के साथ आमजन ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी की। आईजी लॉ एंड ऑर्डर एल.आर. कुमार ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि रन फॉर यूनिटी को सफल बनाने के लिए पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। सभी जनपदों के पुलिस कप्तानों और क्षेत्रों की पुलिस इकाइयों को स्पष्ट आदेश दिया गया था कि प्रत्येक कर्मचारी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मकसद राष्ट्र की एकता, अखंडता और जनसहभागिता को मजबूती देना था। आईजी कुमार ने बताया कि प्रदेश भर में अनुमानित 40 से 50 लाख लोगों ने इस दौड़ में हिस्सा लिया। इसमें पुलिस बल, पीएसी, गृह रक्षक, महिला पुलिस बल, नागरिक सुरक्षा दल, छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल रहे। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी यह दर्शाती है कि देश सरदार पटेल के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को दिल से मानता है। राजधानी लखनऊ में कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय से शुरू हुआ और हजरतगंज, कैसरबाग होते हुए पुनः मुख्यालय पर पूरा हुआ। डीजीपी मुख्यालय, वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने दौड़ में भाग लिया। इसी तरह प्रदेश के अन्य जनपदों– कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मेरठ, झाँसी और आगरा समेत सभी जिलों में सुबह से ही पुलिस लाइन और थाना परिसरों में दौड़ आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा सरदार पटेल के जीवन, उनके संघर्ष और देश को एकता के सूत्र में पिरोने के योगदान पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने कहा कि लौह पुरुष पटेल ने जिस राष्ट्रनिर्माण और एकता पर जोर दिया था, आज उसे सुरक्षित रखना सभी का दायित्व है। आईजी लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्रभाव जागृत करने के प्रयास लगातार चलते रहेंगे। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और जनता का धन्यवाद किया।

# छात्र-छात्राओं ने किया विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण

■ विधानसभा में गूंजती है जनता की आवाज़: महाना

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा का आज एलेन हाउस पब्लिक स्कूल कानपुर के छात्र-छात्राओं के दल ने शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने विधानसभा भवन की ऐतिहासिक विरासत, वास्तुकला और लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा। इस अवसर पर विद्यार्थियों में लोकतंत्र के प्रति उत्सुकता और गर्व की भावना झलकी।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि ÷जब तक किसी व्यक्ति या संस्था के बारे में जानकारी नहीं होती, तब तक उसके प्रति नकारात्मक धारणा बनी रहती है। यह मानव स्वभाव है कि पहले नकारात्मक विचार आते हैं, लेकिन जब हम किसी विषय को गहराई से समझते हैं, तो दृष्टिकोण सकारात्मक हो जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति जनता में निहित है और विधानसभा उस शक्ति का प्रतीक है जहाँ जनता की आवाज़ गूंजती है। उन्होंने विद्यार्थियों को विधानसभा और विधानपरिषद की भूमिकाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा यह भी समझाया कि देश के केवल कुछ राज्यों में ही विधानपरिषद की व्यवस्था है। सदन में प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, और विधेयक पारित करने जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा होती है।विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को सदन का भ्रमण कराते हुए बताया कि सदन में कौन कहाँ बैठता है, गैलरियों का क्या महत्व है, और कार्यवाही कैसे संचालित होती है। ÷वर्ष में तीन सत्र होते हैं, जिनमें प्रदेश के विकास, कानून व्यवस्था, और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर विधायक विचार-विमर्श करते हैं। कोई सदस्य तभी बोल सकता है जब स्पीकर की अनुमति मिलती है, क्योंकि अनुशासन और मर्यादा ही लोकतंत्र की पहचान है। विद्यार्थियों से कहा कि वे इस भ्रमण से प्राप्त अनुभव को जीवन में उपयोग करें और अपने साथियों, अभिभावकों तथा समाज में लोकतंत्र की समझ को साझा करें। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश के भावी नागरिक के रूप में आप सभी का दायित्व है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करें और समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाएं।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विधानसभा भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव बताया। विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भ्रमण उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और स्मरणीय रहा।

# अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने मनाई सरदार पटेल जयंती

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में शुक्रवार को अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने देश की एकता के निर्माता ÷भारत रत्न, लौह पुरुष÷ सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई। इस अवसर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि कर नेता और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ कैंप कार्यालय पर पार्टी के लखनऊ महानगर अध्यक्ष एडवोकेट सच्चिदानंद पटेल की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महासचिव केके पटेल और विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय सचिव मुन्नर प्रजापति मौजूद रहे। इस दौरान नेताओं ने कहा कि जब दुनिया को यह विश्वास नहीं था कि इतने टुकड़ों में बंटा देश एकजुट हो सकता है, तब सरदार पटेल ने यह असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। आजादी के बाद अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई 562 रियासतों को एकीकृत कर आधुनिक भारत का निर्माण किया। सरदार पटेल सिर्फ व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा हैं। इस अवसर पर विधि मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य, महिला मंच के प्रदेश महासचिव शिखा सिंह, शिल्पी द्विवेदी, विधि मंच के राकेश वर्मा, समाजसेवी राजेश पटेल सहित बड़ी संख्या में लखनऊ महानगर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मनाई गई सरदार पटेल और आचार्य नरेंद्र देव की जयंती

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

निर्बल विकास जन कल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान मे समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता एवं संस्थान के प्रदेश महासचिव रमेश सिंह रवि ने शिविर कार्यालय गोमती नगर में समाजवाद के महानायक, दार्शनिक तथा शिक्षाविद आचार्य नरेंद्र देव व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता रमेश सिंह रवि ने किया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए रमेश सिंह रवि ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव महान समाजवादी नेता स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद थे। उनका जन्म 31 अक्टूबर 1889 को सीतापुर में हुआ था। उन्होंने काशी विद्यापीठ बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति व लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्य किया और स्वतंत्रता आंदोलन में कई बार जेल गए और बौद्ध दर्शन के अध्ययन में विशेष रुचि थी।भारतीय राजनीति में नैतिक समाजवादी विचारों को बढ़ावा दिया उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। परधीन भारत मे भी योग्यता और ईमानदारी के बलबूते उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नये आयाम स्थापित किये और समाज को नई दिशा दी ऐसे महान व्यक्तित्व को याद करते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलकर ही संकल्प ले तभी समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है।

## पीजीआई की गंदगी... मच्छर और कॉकरोच से परेशान हुए पूर्व मंत्री, बोले, ओटी में फैला खून, मशीनों पर जमा गंदगी



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पूर्व सांसद और प्रदेश सरकार में मंत्री रहे नरेश अग्रवाल ने लखनऊ स्थित संजय गांधी पीजीआई में गंदगी, मच्छर और कॉकरोच से पीड़ित होने की बात कही है। सोशल मीडिया में इसकी खबर प्रसारित होने के बाद पीजीआई प्रशासन ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई है। प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के पिता और पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल को पेट संबंधी समस्या के चलते 29 अक्तूबर को पीजीआई में भर्ती कराया गया था। सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर के मुताबिक प्राइवेट वार्ड बेहद खराब था। कमरे में मच्छर और कॉकरोच थे। शिकायत करने के बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद उन्हें प्रोसीजर के लिए ओटी ले जाया गया। ओटी में पहले से काफी खून फैला हुआ था। गंदगी का आलम यह था कि मशीनों पर धूल जमी हुई थी। जिस टेबल पर उनको लिटाया गया, उस पर चादर तक नहीं थी। जैसे-तैसे रात काटने के बाद सुबह से ही वे वहां से वापस आ गए।

### पहले भी उठे हैं अव्यवस्था के मामले

पीजीआई में अव्यवस्था और सुनवाई न होने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले पूर्व मंत्री चेतन चौहान कोरोना महामारी के समय पीजीआई में अव्यवस्था और खराब व्यवहार के शिकार हो चुके हैं। एमएलसी सुनील सिंह ने यह मुद्दा सदन में भी उठाया था। पिछले साल पूर्व सांसद को भर्ती न किए जाने का मामला भी खूब छाया रहा था। पीजीआई में विशिष्ट व्यक्तियों की जब यह हालत है तो फिर सामान्य मरीज की वहां क्या ही स्थिति होगी। संजय गांधी पीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने कहा कि पूर्व मंत्री का मामला संज्ञान में आया है। संस्थान में व्यवस्था दुरुस्त रखने का पूरा प्रयास रहता है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बना दी गई है। समिति को अगले तीन दिन में अपनी रिपोर्ट देनी है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य ग्राम्य विकास संस्थान मे मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ द्वारा लौह पुरुष, भारत रत्न, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती संस्थान के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू के संरक्षण व अपर निदेशक सुबोध दीक्षित की अध्यक्षता व में, ÷ राष्ट्रीय एकता दिवस ÷ के रूप मे मनायी गयी। कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्व प्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर अपर निदेशक संस्थान सुबोध दीक्षित ने माल्यार्पण किया ,तदुपरान्त अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अपर निदेशक सुबोध दीक्षित द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता के परिप्रेक्ष्य में संकल्पबद्धता के साथ शपथ दिलाई गई।लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दर्शन पर संस्थान के प्रमुख अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रासंगिक विचार प्रकट किए गए।अध्यक्षीय उद्बोधन के अन्तर्गत अपर निदेशक सुबोध दीक्षित द्वारा सभी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता की नीति पटेल का सबसे बड़ा योगदान था रियासतों का भारत संघ में विलय।562 रियासतों को भारत में सम्मिलित करने के लिए उन्होंने राजनीति, समझदारी और दृढ़ता का उपयोग किया।उनका मानना था कि भारत की एकता सर्वोपरि है, व्यक्तिगत या प्रांतीय स्वार्थ नहीं। दर्शन हम एक राष्ट्र हैं, हमें एकता में रहना होगा तभी हम सशक्त बनेंगे। मजबूत प्रशासन और अनुशासन की नीति पटेल का विश्वास था कि प्रशासन अनुशासन, सत्यनिष्ठा और दक्षता पर टिका होता है।उन्होंने किसानों के अधिकारों के लिए खेड़ा और बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व किया।उनका उद्देश्य था कि किसान सम्मानपूर्वक जीवन जी सके और उसे न्याय मिले। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का दर्शन वे मानते थे कि भारत को विदेशी निर्भरता से मुक्त होकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रबंधन के दृष्टिगत संस्थान के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

# शिक्षामित्रों की उम्मीदों पर फिरा पानी, समिति ने खड़े किए हाथ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

यूपी के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 1.46 लाख शिक्षामित्रों के लिए मानदेय वृद्धि की उम्मीदों पर फिलहाल विराम लग गया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति ने रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है, जिसमें स्पष्ट किया है कि शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने का निर्णय समिति के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। मामला दोबारा राज्य सरकार और मंत्री परिषद के पास भेजा गया है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उच्च न्यायालय के 12 जनवरी 2024 के आदेश के अनुपालन में शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि के प्रकरण की समीक्षा की गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि मानदेय बढ़ाने से बड़ा वित्तीय बोझ आएगा, ऐसा निर्णय केवल मंत्री परिषद या सक्षम स्तर से ही लिया जा सकता है। समिति ने इसे विधिसम्मत न मानते हुए फाइल शासन को वापस भेज दी है। समिति ने सर्वसम्मति से यह सिफारिश की है कि शासन उच्च स्तर पर इस विषय पर विचार करे और आगे की कार्यवाही करे।शासन की ओर से गठित समिति में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल, एससीईआरटी निदेशक गणेश कुमार, परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी, और मध्याह्न भोजन प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक राकेश सिं शामिल थे। इन चार अधिकारियों की समिति ने अध्ययन के बाद रिपोर्ट शासन को भेज दी है। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिक्षामित्रों के लिए उम्मीदें अभी खत्म नहीं हुई हैं। समिति के अधिकार सीमित थे, इसलिए अब निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में होने वाली मंत्री परिषद में लिया जा सकता है अगर उच्च स्तर से स्वीकृति मिलती है तो शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि संभव है। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस 5 सितंबर को समारोह में संकेत दिए थे कि शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने के लिए समिति का गठन किया गया है और इस पर जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# एकता और राष्ट्र निर्माण के प्रतीक सरदार पटेल को जयंती पर रालोद ने किया नमन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में आज भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल केवल स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी नहीं थे, बल्कि वे उस भारत के निर्माता थे जिसकी एकता और अखंडता आज भी हमारे संविधान की आत्मा में बसती है। उन्होंने जिस दृढ़ निश्चय और राजनीतिक दूरदर्शिता से सैकड़ों रियासतों को जोड़कर भारत को एक राष्ट्र बनाया, वह इतिहास का अनुपम उदाहरण है। आज जब देश के भीतर विभाजनकारी विचारधाराएँ और नफरत की राजनीति अपना सिर उठा रही हैं, तब हमें सरदार पटेल के आदर्शों की और अधिक आवश्यकता है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि शक्ति केवल शासन से नहीं बल्कि जनसेवा, सादगी, ईमानदारी से प्राप्त होती है।

# सूक्ष्म उद्यम सखियों के संग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उड़ान

■ स्वावलम्बन से लखपति बनने तक महिला सशक्तिकरण की नई दिशा दे रहा आजीविका मिशन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार नए कदम उठा रहा है। स्वयं सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन के तहत कई अभिनव पहलें की जा चुकी हैं, जिनमें समूह सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, कृषि सखी, पशु सखी, रेशम सखी और सूर्य सखी जैसी भूमिकाएं शामिल हैं। मिशन ने महिलाओं की आजीविका को एक नए आयाम पर ले जाते हुए 'सूक्ष्म उद्यम सखी' की शुरुआत की है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को रोज़गार प्राप्त करने वाली से रोज़गार देने वाली उद्यमी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।मिशन के तहत 13,064 महिलाओं को 'सूक्ष्म उद्यम सखी' के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये महिलाएं आगे चलकर 50-50 अन्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ेंगी, जिससे 6.5 लाख से अधिक नए उद्यमों के सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 11,000 से अधिक सूक्ष्म उद्यम सखियों का चयन किया जा चुका है, तथा शेष के चयन हेतु 4 नवम्बर, 2025 को परीक्षा आयोजित की जाएगी। चयनित सखियों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया प्रगति पर है। प्रशिक्षण के दौरान सखियों को व्यवसाय योजना, उद्यम प्रबंधन, विपणन, सरकारी योजनाओं की जानकारी, वित्तीय साक्षरता और व्यावहारिक ज्ञान जैसे सर्वेक्षण और उद्यम स्थापना प्रदान किया जा रहा है।मिशन निदेशक दीपा रंजन के निर्देशन में विशेष मोबाइल ऐप भी विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से सूक्ष्म उद्यम सखियाँ अपना सारा कार्य जैसे सर्वे, उद्यम निर्माण, प्रगति रिपोर्टिंग आदि डिजिटल रूप से करेंगी। इससे पारदर्शिता, गति और कार्य की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स संस्था तकनीकी सहयोग दे रही है। संस्था महिलाओं को उद्यम कौशल, प्रबंधन क्षमता, प्रशिक्षण सुविधा एवं बाज़ार से जोड़ने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रही है।इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक संकुल स्तरीय संघ में 4-4 सूक्ष्म उद्यम सखियों की नियुक्ति की जा रही है। एक सखी लगभग 50 महिलाओं को उद्यम स्थापना में सहयोग करेगी। बैंक सखी के सहयोग से इन्हें बैंक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर स्थानीय संसाधनों पर आधारित सूक्ष्म उद्योग स्थापित कर सकें। सूक्ष्म उद्यम सखियाँ अपने गांवों में अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी वे न केवल स्वयं की पहचान बनाएंगी, बल्कि दर्जनों परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने में भी योगदान देंगी। यह पहल प्रधानमंत्री के 'लखपति महिला' विज़न को साकार करने में भी सहयोगी सिद्ध होगी।'सूक्ष्म उद्यम सखी' योजना ग्रामीण महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि गांवों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति दे रही है। यह योजना महिला उद्यमिता, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इन सखियों के माध्यम से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्वावलम्बन, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा और सतत विकास की नई कहानी लिखी जा रही है।

# सारनाथ में मूलगंध कुटी विहार की वर्षगांठ पर भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के होंगे दर्शन: जयवीर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी विहार की 94वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के सार्वजनिक दर्शन हेतु विधिवत अनावरण किया जाएगा। आगामी 3 से 5 नवंबर तक भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि अवशेषों को बौद्ध श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाएगा। सारनाथ वही पुण्य भूमि है, जहां भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश ''धर्मचक्र प्रवर्तन'' दिया था। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष भी अस्थि अवशेष दर्शन के लिए बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आए थे। इस वर्ष पूर्व से भी बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षुओं और आस्थावानों के पहुंचने का अनुमान है। बौद्ध भिक्षु-भिक्षुणियां विभिन्न देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, नेपाल तथा कोलकाता, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से सारनाथ पहुंच रहे हैं। यह आयोजन महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया, सारनाथ केंद्र और वियतनामी बौद्ध संघ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। भगवान बुद्ध के अवशेषों को साल में दो बार बुद्ध पूर्णिमा और कार्तिक पूर्णिमा पर सार्वजनिक दर्शन हेतु रखा जाता है। इस दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेषों के दर्शन करते हैं। भगवान बुद्ध के अवशेषों और उससे जुड़े आस्था की यात्रा भी उतनी ही प्राचीन है। 2,600 वर्ष पूर्व भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के उपरांत उनके अवशेषों को श्रद्धापूर्वक आठ भागों में



विभाजित कर सम्पूर्ण भारत में बने स्तूपों में रखा गया। कालांतर में सम्राट अशोक ने इन पवित्र अवशेषों को पुनः खोजकर अपने विशाल साम्राज्य के विविध स्थलों पर पुनर्स्थापित कराया। मूलगंध कुटी बिहार में बुद्ध के दो अस्थि अवशेष सुरक्षित हैं। एक अवशेष गांधार तक्षशिला क्षेत्र के एक प्राचीन स्तूप से प्राप्त हुआ था, जिसे भारत सरकार ने 1956 में भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के 2,500वें वर्ष पर महाबोधि सोसायटी को भेंट किया था। दूसरा अवशेष, दक्षिण भारत के नागार्जुनकोंडा से प्राप्त हुआ था, जो एक पात्र में सुरक्षित रखा गया। इन दोनों अवशेषों के दर्शन वर्ष में दो बार होते हैं। दर्शन के बाद अवशेषों को विधिवत बुद्ध प्रतिमा के नीचे स्थापित किया जाता है। सारनाथ भारत के आध्यात्मिक मानचित्र पर विशिष्ट स्थान रखता है। यही वह पावन भूमि है जहां भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना प्रथम उपदेश दिया था। आज भी यह स्थल विश्व भर से आने वाले श्रद्धालुओं और विद्वानों को आकर्षित करता है। वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर लगभग 28 लाख पर्यटक आए थे, जबकि 2024 तक यह संख्या बढ़कर 84 लाख से अधिक हो गई, जो लगभग 200 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। 2025 की पहली छमाही में केवल सारनाथ में 5 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ, जो इसे बौद्ध स्थलों में विशिष्टता प्रदान करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार बौद्ध सर्किट के विकास, सुविधाओं के विस्तार, बेहतर संपर्क व्यवस्था पर कार्य कर रही है।

# धूमधाम से मनाई गई लौहपुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयन्ती

■ रन फॉर यूनिटी का आयोजन, जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को डीएम ने फल वितरित किया

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**






राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की150वीं जयंती शुक्रवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर नवीन कलेक्ट्रेट परिसर एवं नवीन पुलिस लाइन में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर किया।रन फॉर यूनिटी में अधिकारियों, कर्मचारियों,पुलिस कर्मियों,विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित नागरिकों ने भाग लिया।और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों और जनसामान्य को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी ने सरदार पटेल की जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि एवं राष्ट्र निष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता को सशक्त किया। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही भारत की पहचान है।और सरदार पटेल का जीवन हमें राष्ट्रीय हित हुआ एक जड़ता का संदेश देता है। उन्होंने अपील की समाज में सौहार्द भाईचारा और परस्पर सम्मान की भावना को सुदृढ़ करना ही सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर जिला अस्पताल गौरीगंज पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किया,स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और मरीजों से कुशलक्षेम पूंछा।इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी,अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ.राजेश द्विवेदी, एसडीएम गौरीगंज प्रीति तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती पर ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मानते हुए एनटीपीसी ऊँचाहार में 'रन फॉर यूनिटी' वाकाथन का आयोजन किया गया। यह आयोजन सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप किया गया।

इस मौके पर एनटीपीसी ऊँचाहार के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक आशुतोष विश्वास, दिलीप कुमार साहू, तथा एसयू हरिदास ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव भी उपस्थिति रही। परियोजना प्रमुख ने इस अवसर पर उपस्थित एनटीपीसी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई, जिससे एकता और अखंडता के प्रति सभी की प्रतिबद्धता पुनः सुदृढ़ हुई। इसके साथ ही, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत भ्रष्टाचार उन्मूलन शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर सभी विभागों के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सभी विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी सफल बना दिया।

## भागवत कथा में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

**अमेठी।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द की अनोखी मिसाल देखने को मिली।कथा स्थल पर गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में अल्पसंख्यक समाज के दर्जनों बुजुर्गों और युवाओं ने पहुँचकर भाईचारे और सामुदायिक एकता का संदेश दिया।कथा में आए मुस्लिम समाज के बुजुर्गों ने कहा कि धर्म का उद्देश्य जोड़ना है,तोड़ना नहीं और समाज को आपसी प्रेम,सम्मान और भाईचारे से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने भगवान श्रीराम की जीवन लीला,त्याग,आदर्श और मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप से जुड़ी कथा को बड़े मनोयोग से सुना।राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अमेठी की पहचान हमेशा से आपसी सद्भाव,मेल-जोल और गंगा-जमुनी संस्कृति की रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म का सार प्रेम है, और प्रेम ही समाज को एक सूत्र में बांधता है।

# जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

नगर मजिस्ट्रेट, राम अवतार की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रतिनिधि पुलिस अधीक्षक, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि ऑफिसर इंचार्ज, ई0सी0एच0एस0, जिला सेवायोजन अधिकारी, एल.डी.एम. व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0प्रा0) द्वारा स्वागत किया गया तथा नगर मजिस्ट्रेट द्वारा पूर्व बैठकों के एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। पूर्व सैनिकों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं पर विचार-विमर्श कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन भी दिया गया।

## सचिन कुमार सिंह ने जनपद के मुख्य विकास अधिकारी का संभाला पद

जन एक्सप्रेस/अमेठी। शुक्रवार को सचिन कुमार सिंह आई.ए.एस.ने मुख्य विकास अधिकारी अमेठी के पद का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण किया।कार्यभार ग्रहण करते हुए उन्होंने जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।और संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ प्राथमिक चर्चा की।सीडीओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले के ग्रामीण एवं समग्र विकास को गति देना उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता,समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष बल देने की बात कही।साथ ही आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।कार्यभार ग्रहण के अवसर पर जिले के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती

## 'एक भारत आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने का आह्वान - सांसद संजय सेठ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

एक भारत आत्मनिर्भर भारत÷ अभियान के अंतर्गत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती जनपद रायबरेली में धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 राज्यसभा सांसद संजय सेठ ने मा0 विधान परिषद सदस्य मुकेश मिश्रा, मा0 सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह एवं जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल के साथ बस स्टेशन चौराहा स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

माल्यार्पण के पश्चात बस स्टेशन चौराहे से एक भव्य ÷एकता पदयात्रा÷ निकाली गई, जो अस्पताल चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक पहुंची। इस पदयात्रा में जिला प्रशासन के अधिकारियों, पीआरडी जवानों, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चों, सफाई कर्मियों, युवा मंगल दल, पीएसी जवानों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कलेक्ट्रेट पहुंचने पर सांसद संजय सेठ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷एक भारत आत्मनिर्भर भारत÷ का सपना तभी साकार होगा जब देशवासी एकजुट रहकर एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानेंगे। उन्होंने सभी से 26 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

इस अवसर पर एमएलसी मुकेश मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल के विचार आज भी देश को एक सूत्र में पिरोए रखने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ अभियान के माध्यम से हमें गांव-गांव, घर-घर तक एकता का संदेश पहुंचाना चाहिए।

मा0 सलोन विधायक अशोक कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सभी को बधाई देते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की बात कही।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरदार पटेल का जीवन सेवा, समर्पण और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात कर देश निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर लोगों को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने ÷रन फॉर यूनिटी÷ रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया, जो मोतीलाल नेहरू स्टेडियम पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार वर्मा, डीडीओ अरुण कुमार, डीआईओएस संजीव सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, डीपीआरओ सौम्य शील सिंह, डीबीएसए राहुल सिंह, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, डीसी मनरेगा प्रमोद सिंह चंद्रोल, जिला युवा कल्याण अधिकारी अमिताभ कुमार, जिला युवा अधिकारी सुधीर पांडे, व्यायाम प्रशिक्षक राम किशोर, प्रधानाचार्य जीआईसी रत्नेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष आर.बी. सिंह, शिवेंद्र सिंह, किरण, सुधा अवस्थी, शरद सिंह, एस.एस. पांडेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती, आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती, राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट से एमएलके पीजी तक आयोजित रन फोर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान , विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम , विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल , जिलाध्यक्ष रवि मिश्र , डीएम विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दुष्यन्त चौधरी द्वारा रन फॉर यूनिटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तथा देशभक्ति नारे के साथ एमएलके पीजी कॉलेज तक एकता मार्च निकला गया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ज्योति राय, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

### एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

एमएलके पीजी कॉलेज में मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक सदर , विधायक तुलसीपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष, डीएम, मुख्य विकास अधिकारी, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष द्वारा लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया तथा मुख्य अतिथि एमएलसी द्वारा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान रन फोर यूनिटी में बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन चरित्र एवं आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अंग्रेजों की भारत को विभाजित करने की नीति को विफल करते हुए 565 रियासतों का भारत संघ में विलय कराया और अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बोलते हुए सदर विधायक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने अदम्य साहस , अद्वितीय नेतृत्व तथा दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाते हुए 565 रियासतों का देश में विलय कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

### कलेक्ट्रेट में दिलाई गई एकता की शपथ

सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।

# एबीवीपी ने लौह पुरुष के जयंती अवसर पर किया हाफ मैराथन का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती अवसर पर हॉफ मैराथन ( रन फॉर यूनिटी 4.0 ) का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को एमएलके पीजी कॉलेज के दक्षिणी गेट शुरू हुई आप मैराथन दौड़ प्रतियोगिता शारदा पब्लिक स्कूल से यू टर्न लेकर पुनः एम एल के गेट पर समाप्त हुई। मुख्य अतिथि एमएलके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। सीनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान वीरेंद्र यादव, द्वितीय विकास यादव, तृतीय मिंटू यादव ने हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान दिव्यांशी वर्मा, द्वितीय आकांक्षा सिंह व तृतीय स्थान पूजा यादव ने प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पहलवान, द्वितीय आयुष तिवारी, तृतीय स्थान शिवम तिवारी को मिला। इस अवसर पर जिला सह प्रमुख अनुज सिंह, बलरामपुर नगर इकाई अध्यक्ष अरुण कुमार व नगर मंत्री कीर्ति उपाध्याय, नगर उपाध्यक्ष डॉ वसंत कुमार, डॉ भानु प्रताप, डॉ केके सिंह, डॉ ए के लाल, प्रो एस एन सिंह, जिला संयोजक अनुराग, जिला सह संयोजक युवराज, खेलो भारत आयाम के नगर संयोजक विशाल पटेल, सौरभ मिश्रा, प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक जयशंकर मिश्रा, विवेक, अनुज, जिला संगठन मंत्री अनुज, एबीवीपी के पूर्व कार्यकर्ता कुशाग्र सिंह सहित अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर सरदार पटेल जी की जयंती पर जनपद वासियों को एकता अखंडता के सूत्र का संदेश दिया।

# शैक्षणिक भ्रमण दल के सदस्यों ने किया दुर्लभ वनस्पतियों का संग्रह

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के शैक्षणिक भ्रमण दल ने विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के नेतृत्व में शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण समन्वयक डॉ मोहम्मद अकमल एवं श्रवण कुमार की अगुवाई में एमएससी बॉटनी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड राज्य के नैनीताल में दुर्लभ प्रजाति के विभिन्न वनस्पतियों का अध्ययन एवं संग्रह किया ।

वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने 31 अक्टूबर को बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर गए छात्र-छात्राओं ने पहाड़ियों, झरनों तथा विहंगम दृश्यों का अवलोकन किया तथा दुर्लभ वनस्पतियों का अध्यन किया । अध्यन करने वाली वनस्पतियों में प्रमुख रूप से प्लेजियोकाजमा, फ्यूनेरीया तथा सिलेजिनेला जिसको संजीवनी बूटी भी कहा जाता है का संग्रह किया । साथ ही जिमनोस्पर्म के बहुत सारे पौधों का अध्ययन किया जिसमें पाइनस, कयूप्रेसस, थूजा प्रमुख रूप से शामिल हैं । भ्रमण दल ने पाइनस के फ़ीमेल कोन का संग्रह भी किया गया । उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान सर्व प्रथम इकोकेव पार्क का भ्रमण किया गया। नैनीताल का इको केव गार्डन सूखाताल क्षेत्र में स्थित एक प्राकृतिक गुफाओं का समूह है, जिन्हें वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास जैसा बनाया गया है। यहां बाघ, तेंदुआ, चमगादड़ और गिलहरी जैसी छह अलग-अलग गुफाएँ हैं, जिनमें रेंगकर और चलकर प्रवेश किया जा सकता है। इसके पश्चात नैनीताल से हिमालय दर्शन करने के लिए पंगूट रोड पर हिमालय दर्शन स्पॉट का भ्रमण किया गया जहाँ से नंदा देवी, त्रिशूल और पंचाचूली जैसी कई चोटियों का मनोरम दृश्य दिखाई देता है। साथ ही साथ सरिता ताल, जिसे सरियाताल के नाम से भी जाना जाता है, का भी दौरा किया गया। यह नैनीताल जिले में स्थित एक छोटी लेकिन मनोहारी झील है। यह नैनीताल शहर से लगभग 8-10 किमी की दूरी पर कालाढूंगी रोड पर स्थित है। अंत में मंशा देवी एवं भव्य हनुमान मंदिर का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में मोहम्मद फैज, सौम्य पाण्डे , उपेन्द्र पाण्डे, रिचा उपाध्याय, इप्सिता, फूलमती, बसंती, अंबिका, सौम्या व अदिति उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर रैली कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**





जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई, कल्पना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह व डॉ जितेन्द्र भट्ट के संयोजकत्व मे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सभागार मे किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया । वैदिक मंगलाचरण तथा सरस्वती वंदना मानसी, स्नेहा व नीति द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय थे । विशिष्ट अतिथि मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह तथा सांस्कृतिक निदेशिका प्रो रेखा विश्वकर्मा थी । कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण , सरस्वती वंदना तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से हुआ । एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट के नेतृत्व मे एक एकता रैली ( रन फार यूनीटी) निकाली गई । रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं सहित सैकड़ो छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया । डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व के विषय मे संक्षेप मे जानकारी दी । डॉ शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य लोगो को देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के महत्व को याद दिलाना है । उन्होने कहा कि इस साल यह दिवस एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्म निर्भर भारत की थीम पर मनाया जा रहा है जो देश के सक्षम और आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य को दर्शाता है । डॉ शुक्ल ने राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के पारित होने मे सरदार वल्लभ भाई पटेल का अमूल्य योगदान विषय पर संक्षेप मे स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी । मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो पाण्डेय ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आजादी के समय भारत 562 रियासतों मे बंटा था । ऐसे समय मे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति तथा राजनीतिक कुशलता और नेतृत्व से इन रियासतों का भारत मे विलय कराया ।प्राचार्य ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों के कारण ही हैदराबाद, जूनागढ और कश्मीर जैसी रियासतों का भारत मे विलय संभव हो सका । प्राचार्य ने छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं से कहा कि वे राष्ट्रीय एकता दिवस के महत्व को समझे तथा इस सम्बंध मे जागरूकता का प्रचार करें । मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह ने अपने सम्बोधन मे कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, वल्कि राष्ट्र की एकता और संकल्प का प्रतीक है । यह दिन हमे याद दिलाता है कि हम सभी अपने देश की एकता और अखंडता को सुरक्षित रखने मे अपना योगदान दें । प्रो वीणा ने 1928 मे गुजरात मे उपनिवेश काल मे सरदार वल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व मे बरदोली मे किसानो के द्वारा लगान मे वृद्धि के विरुद्ध चलाए गए अहिंसक सत्याग्रह आंदोलन की जानकारी संक्षेप मे छात्र छात्राओ को दी । डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट ने छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं को एक भारत श्रेष्ठ भारत के विषय मे संक्षेप मे जानकारी दी । साथ ही उन्होने sardar@150 तथा स्व4 Bharat Portal के विषय मे संक्षेप मे जानकारी दी । कार्यक्रम मे निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, काव्य पाठ का भी आयोजन किया गया । इस अवसर पर डॉ ए के दीक्षित, डॉ आशीष कुमार लाल, डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ अनुज सिंह, डॉ दिनेश तिवारी, डॉ बी एल गुप्ता, सिद्धार्थ मोहंता, डॉ विनीत कुमार, शिवम सिंह व आर्या तिवारी उपस्थित थे । छात्र छात्राओं मे अनिमेष, धरमेश, विजय व शिवम सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित थे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# अरिदमन, नारायण समेत पांच की 30 दिन न्यायिक रिमांड मंजूर

## दीनू और रामखिलावन नहीं हुए हाजिर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बसपा नेता पिंटू सेंगर मर्डर केस में जेल में बंद दीनू उपाध्याय गैंग के पांच मेंबरों के खिलाफ 30 दिन की न्यायिक अभिरक्षा रिमांड एडीजे-10 की कोर्ट में मंजूर कर ली है। गैंगस्टर एक्ट मुकदमें के विवेचक चमनगंज इंस्पेक्टर संजय राय ने दीनू समेत सात आरोपियों की 60 दिन की न्यायिक अभिरक्षा रिमांड याचिका कोर्ट में दाखिल की थी। लेकिन दीनू उपाध्याय सोनभद्र और राम खिलावन हमीरपुर जेल में बंद होने के कारण कोर्ट में हाजिर नहीं हो सके हैं। अब विवेचन अगले सप्ताह एक बार फिर तलबी याचिका कोर्ट में दाखिल करेंगे।

### 4 साल 11 महीने बाद दीनू को भेजा था कि जेल

20 जून 2020 को चकेरी थानाध्यक्ष में पिंटू सेंगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 4 साल 11 महीने बाद 10 मई 2025 को पुलिस में दीनू उपाध्याय को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। 8 सितंबर 2025 को नवाबगंज थाने में दीनू उपाध्याय गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके गिरोह को इंटर रेंज गैंग के रूप में मान्यता दी गई थी। गैंग का सरगना दीनू को बनाया गया था। दीनू के गिरोह में पहले 20 मेंबरों के नाम शामिल किए गए थे। जिसमें हिस्ट्री सीटर राम खिलावन, विमला देवी, उपेंद्र सिंह भदौरिया, धीरज दुबे, शुभम कुमार, अजय शर्मा, उदय नारायण, आलोक मिश्रा, अनूप शुक्ला, अरिदमन सिंह, धर्मेंद्र यादव, नारायण सिंह भदौरिया, दीपक जादौन, गोपाल सिंह, धीरज दुबे, मनु उपाध्याय, संजय उपाध्याय, नीरज दुबे, सत्येंद्र त्रिवेदी, स्रोत गुप्ता, विकास ठाकुर के नाम शामिल किए गए थे।

### अब है गैंग में 26 मेंबर

कुछ दिन पहले गिरोह में अधिवक्ता व भाजपा नेता अमन शुक्ला रचित पाठक भानु प्रकाश भुवन प्रकाश व राधेश्याम का नाम शामिल किया गया था। इसके बाद गैंग में 26 मेंबर हो गए थे। मुकदमे की जांच चमनगंज इंस्पेक्टर संजय राय कर रहे हैं।

### दीनू और राम खिलावन कोर्ट में नहीं हुए पेश

इंस्पेक्टर संजय राय ने बताया कि कोर्ट ने अरिदमन सिंह दीनू व राम खिलावन कोर्ट में हाजिर नहीं हो सके। जिस पर कोर्ट अरिदमन सिंह दीपक जादौन नारायण भदौरिया संजय उपाध्याय अनूप शुक्ला की 27 नवंबर तक की न्यायिक अभिरक्षा रिमांड मंजूर कर ली है। दीनू व राम खिलावन के खिलाफ अगले सप्ताह तलबी याचिका कोर्ट में दाखिल की जाएगी। चमनगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि अब कोर्ट के आदेश पर सभी आरोपियों के बयान दर्ज करने के साथ साक्ष्य संकलन कर अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि गैंग के सरगना दीनू उपाध्याय समेत 7 मेंबर अरिदमन सिंह दीपक जादौन नारायण भदौरिया संजय उपाध्याय अनूप शुक्ला व राम खिलावन गैंगस्टर एक्ट में 60 दिन की न्यायिक अभिरक्षा के रिमांड की याचिका एडीजे-10 की कोर्ट में दाखिल की गई थी।

# रन फॉर यूनिटी में संघ स्वयंसेवकों ने दिया एकता का संदेश

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने बिल्हौर के जी.टी. रोड मार्ग पर एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रभा सनराइज विद्यालय के विद्यार्थी भी स्वयंसेवकों के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़े और एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया।दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता और संगठन के प्रतीक सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सभी ने एक स्वर में देश को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर विभाग संघचालक नरेश, जिला प्रचारक धीरेन्द्र, जिला कार्यवाह राकेश, विभाग सद्भाव प्रमुख हरीश (टोनी), रमाशंकर, डॉ.एस.एस. राजपूत, बृजेंद्र तथा चंद्रभाल सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और देशप्रेम की भावना का विकास करना रहा। बच्चों और स्वयंसेवकों ने तिरंगा लहराते हुए एकता ज़िंदाबाद और सरदार पटेल अमर रहें के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।

# रन फॉर यूनिटी में उमड़ा जनसैलाब, सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा ने दी एकता की मिसाल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण के तत्वावधान में शुक्रवार को ÷रन फॉर यूनिटी÷ (एकता दौड़) का भव्य आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान की अध्यक्षता में बिल्हौर ब्लॉक परिसर से हुआ। शुरुआत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्र एकता का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि अरुण पाठक, सांसद अशोक रावत, विधायक राहुल बच्चा सोनकर, विधायक सरोज कुरील, जिला प्रभारी राधेश्याम पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा बिल्हौर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा।मुख्य अतिथि अरुण पाठक ने कहा कि सरदार पटेल के दृढ़ नेतृत्व ने भारत को अखंडता का रूप दिया, वे सच्चे अर्थों में राष्ट्र की एकता के शिल्पी थे। सांसद अशोक रावत ने कहा कि राष्ट्र पहले, व्यक्तिगत हित बाद में – यही पटेल जी की प्रेरणा है। विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने युवाओं को देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया, जबकि विधायक सरोज कुरील ने कहा कि महिलाएं भी राष्ट्र निर्माण में समान भागीदारी निभाएं। जिला प्रभारी राधेश्याम पाण्डेय ने पटेल जी को प्रशासनिक एकता का निर्माता बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान ने कहा कि यह दौड़ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है, हमें पटेल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। मीडिया प्रभारी अंशुल बाजपेई ने बताया कि आगामी सप्ताह में बिल्हौर विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में 8 किमी की पदयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में कृष्ण मुरारी शुक्ल, राम शरण कटियार, रवि दीक्षित, राजेश शुक्ल, शुभम बाजपेई, जयप्रकाश कटियार, विक्रम मिश्रा, शुभ्रांशु कटियार, अतुल सावरे, गुड्डू सिंह, नील कमल चौहान, शोभित दीक्षित, राजेन्द्र कटियार, गीता गुप्ता, सौरभ शर्मा, अमिताभ त्रिपाठी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सपाइयों का हल्ला बोल: किसानों के मुआवजे और स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पुनर्स्थापना की मांग

- सरकार पर लगाया किसानों की उपेक्षा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अपमान करने का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी निर्भय सिंह यादव ने किया। सपाइयों ने सीतापुर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और पूर्व राज्यसभा सांसद जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल की प्रतिमा हटाए जाने की कड़ी निंदा की और उसकी पुनःस्थापना की मांग की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार चार दिनों से हो रही बारिश से किसानों की धान, आलू और राई की फसलें बर्बाद हो गई हैं, परंतु प्रशासन अभी तक राहत के कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। सपा नेता विनय कोरी ने कहा कि सरकार किसानों की परेशानी से आंख मूंदे बैठी है। तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन के उपरांत सपाइयों ने अपनी मांगों का ज्ञापन एसडीएम डॉ. संजीव कुमार दीक्षित को सौंपा, जो जिलाधिकारी को संबोधित था।वहीं, सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने स्वतंत्रता सेनानी जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल की प्रतिमा हटाकर पूरे समाज का अपमान किया है। इसे पुनः उसी स्थान पर स्थापित किया जाए। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन के बाद नेहरू पार्क स्थित सपा कार्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सपा युवजन सभा के प्रदेश सचिव आशीष यादव 'चटरू' ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज देश को फिर से सरदार पटेल की नीतियों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में श्याम सुंदर यादव, तिलक सिंह, साहिर हुसैन जाफरी, अभिषेक यादव मटरू, अरशद सिद्दीकी, रामसागर यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# त्रिलोकपुर में ज़मीन के सौदे पर संगीन इल्ज़ाम

- अनुसूचित जाति की ज़मीन का गैर-अनुसूचित जाति को बैनामा, जांच की माँग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

तहसील बिल्हौर के ग्राम त्रिलोकपुर में ज़मीन के एक सौदे को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम के निवासी मान सिंह पुत्र झब्बू ने उपजिलाधिकारी महोदयको शिकायती अर्ज़ी देकर इल्ज़ाम लगाया है कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति रामकेवल पुत्र नरायन ने अपनी कृषि भूमि बिना सरकारी इजाज़त के गैर-अनुसूचित जाति की महिला बीना सिंह पत्नी नरेश सिंह के नाम बैनामा कर दी है।अर्ज़ी के मुताबिक, यह बैनामा उपनिबंधक कार्यालय बिल्हौर में हुआ था। शिकायतकर्ता का कहना है कि बीना सिंह ने छल और कपट से यह सौदा करवाया और बाद में नायब तहसीलदार की अदालत में चल जहां से आदेश भी अपने हक़ में करवा लिया।मान सिंह का आरोप है कि जिलाधिकारी की अनुमति के बिना अनुसूचित जाति की भूमि किसी गैर-अनुसूचित जाति व्यक्ति को बेचना या ट्रांसफर करना कानूनन मना है, जिससे यह बैनामा विधि-विरुद्ध और शून्य माना जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि बीना सिंह ने राजस्व अधिकारियों से सांठगांठ करके यह आदेश पारित करवाया है शिकायतकर्ता ने माँग की है कि नायब तहसीलदार द्वारा पारित नामांतरण आदेश तत्काल निरस्त किया जाए व विवादित भूमि को ग्राम सभा में निहित कराया जाए।तथा विक्रेता और खरीदार दोनों के ख़िलाफ़ धोखाधड़ी और छल-कपट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। पीड़ित शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने पूर्व में भी मामले की शिकायत की पर बिल्हौर के राजस्व अधिकारियों ने मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की पीड़ित आज भी तहसील न्यायालय के चक्कर काट रहा है।

# विधि छात्रों पर लगातार हो रहे हमले का विरोध प्रदर्शन

## विधि छात्रों ने कमिश्नर को दिया प्रार्थना पत्र



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

विधि छात्र मोर्चे के सैकड़ों छात्रों ने अनुज त्रिपाठी एवं अमन यादव के नेतृत्व में विधि छात्रों पर हो रहे लगातार हमले की निंदा करते हुए और कालेज के बाहर छात्रों की सुरक्षा के मुद्दों को लेकर पुलिस बल की मांग करते हुए पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौपा। कानपुर पुलिस कमिश्नर विधि छात्राओं द्वारा ज्ञापन के माध्यम से दी गई सारी मांगे मानते हुए छात्रों की सुरक्षा की व्यवस्था किए जाने की बात किए जाने की बात कही है। वही वर्तमान परिदृश्य जहां छात्रों के लिए प्रदेश स्तर और देश स्तर में सुगम व्यवस्थाएं और स्वतंत्र पाठ्यक्रम के लिए जाना जा रहा वही कानपुर कमिश्नरेट उनके प्रति सौतेला व्यवहार करती नजर आ रही जिसकी पुरजोर निंदा करते हैं विद्यार्थी कल का नहीं आज का नागरिक है जो कल विभिन्न क्षेत्रों में प्रकाश फैलाएगा आपके प्रशासन के रवैया द्वारा छात्र खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रुद्रा प्रजापति, शिव श्याम, सचिन, विनायक विवेक, इंद्र कृष्ण, नीरज, अमित, अनुज, भारत लाल, सचिन, अमित, निखिल, संदीप, संकल, अनुज, आयुष, मुकुल, गौरव, विवेक आदि शमिल रहे।

# परियर गंगा घाट पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



परियर। स्थानीय परियर घाट के गंगा तट पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पूज्य महान संत गरिया स्वामी जी बंसी वाले स्वामी जी के प्रेरणा से शुक्रवार को तीसरे दिवस में कथा भीष्म पितामह पाठ द्रोपदी उत्तरा का प्रसंग मंचासीन पूज्य संत दंडी स्वामी की उपस्थिति में संतों का प्रसंग मां गंगे के प्रसंग पर कथा हुई व्यास पंडित विनोद तिवारी माधोगंज हरदोई ने अपनी सरस वाणी से सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया आज की कथा के मुख्य यजमान शरदवीर सिंह (गुड्डू सिंह) मांखी सपरिवार व पूज्य संत ब्रह्मचारी जी महाराज के संयोजन के साथ संपन्न हुआ मौके पर मौजूद दिनेश द्विवेदी जी मरौंदा, राजकुमार तिवारी हमीरपुर, प्रेम शंकर त्रिवेदी, (परेदा) लाल जी (लखनऊ) अशोक कुमार अवस्थी सपरिवार (अमोईया) राधेश्याम, राजू पांडे (नरहरपुर)राजा प्रताप सिंह उन्नाव आदि लोग उपस्थित रहे।

# चायवाले को कार में बंधक बनाकर पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कल्याणपुर के अंबेडकरपुरम में शराब पीने से रोकने पर चाय दुकानदार को कार में बंधक बनाकर पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबेडकरपुरम निवासी अवधेश मोहल्ले में चाय की दुकान चलाते हैं। गुरुवार शाम कुछ युवक दुकान के पास बैठकर शराब पी रहे थे। अवधेश ने उन्हें टोका और दुकान के पास शराब पीने से मना किया। इसी बात से नाराज युवकों ने बाद में घटना को अंजाम दिया। आरोप है कि गौरव बाजपेई, टीटू मिश्रा, कुलदीप कुरील और एक अज्ञात युवक सिगरेट लेने के बहाने अवधेश को कार में बुलाकर ले गए। रास्ते में चारों ने उन्हें बंधक बनाकर जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद घायल अवस्था में दुकान के पास फेंककर फरार हो गए। अवधेश की पत्नी ने बताया कि पति को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की।

कल्याणपुर इंस्पेक्टर अजय प्रकाश ने बताया कि पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। गौरव बाजपेई, टीटू मिश्रा, कुलदीप कुरील और एक अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाश में टीमों को लगाया गया है, जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# कानपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर। भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर देशभर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में बिठूर के शनिदेव चौराहे से नाना राव पेशवा स्मारक तक राष्ट्रीय एकता मिशन रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम एसीपी कल्याणपुर रविंद्र कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा, सहायक प्रभारी संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज एस आई विकास गुप्ता, के अलावा रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के चलते एसीपी कल्याणपुर रविंद्र कुमार सिंह ने सभी छात्र एवं छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में पूरी जानकारी दी। साथ ही साथ कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान भी वितरित किया गया। वहीं दूसरी ओर चौबेपुर थाना प्रभारी आशीष चौबे के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत चौबेपुर स्थित सुप्रसिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर से बंदी माता रोड तिराहे तक विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों और क्षेत्रीय नागरिकों ने हिस्सा लिया।और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# डॉक्टर संदीप गौतम को गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कानपुर कॉर्डियोलॉजी विभाग में तैनात डॉक्टर ने छोटे से चीरे से सर्जरी कर दिल की सर्जरी करने में सफलता हासिल की है। उनकी इस सफलता पर कानपुर गोविंद नगर क्षेत्र से विधायक सरेंद्र मैथानी ने डॉक्टर डॉ. संदीप गौतम को सम्मानित किया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी डॉ. संदीप गौतम कार्डियोलॉजी विभाग कानपुर में तैनात हैं। कानपुर देहात के गुजैनी निवासी 19 वर्षीय युवती का चयन एयरफोर्स में हुआ था। जब उसका मेडिकल परीक्षण हो रहा था। तब जांच में पता चला कि युवती के ह्रदय में पैदायशसी छेद है। इस छेद को डिवाइस द्वारा बंद करने की कोशिश की गई। लेकिन छेद बड़ा होने की वजह से उसका ऑपरेशन नहीं हो सका। बड़े ऑपरेशन द्वारा उसका छेद बंद किया जाना था। लेकिन इसके लिए काफी रुपयों की आवश्यकता पड़ रही थी। जिसके बाद युवती के परिजनों ने क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र मैथानी से संपर्क कर समस्या बताई। विधायक ने ऑपरेशन को लेकर डॉ. संदीप गौतम से चर्चा की और मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना के तहत युवती के निशुल्क इलाज की व्यवस्था कराई। सभी तैयारियों के बाद डॉ. संदीप ने छोटे से चीरे से सर्जरी की। इस सर्जरी में हड्डी नहीं काटनी पड़ती है, और छाती के दाहिनी ओर से ऑपरेशन किया जाता है।

यह सर्जरी विश्वस्तरीय सर्जरी में आती है। युवती के ऑपरेशन के बाद युवती स्वस्थ है। इसके लिए कानपुर देहात क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने डॉ. संदीप गौतम को सम्मानित किया है। उनके इस ऑपरेशन और सम्मान पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी का इजहार किया है।

# मासूम से दुष्कर्म और छोटी बहन की हत्या के दोषी को सजा

जन एक्सप्रेस। शाहजहाँपुर



सात वर्ष की मासूम से दुष्कर्म और छोटी बहन की क्रूरतापूर्वक हत्या के 57 माह पुराने मामले में दोषी अनिल उर्फ चमेली को अदालत ने मृत्युदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने अपने फैसले में केस को विरलतम श्रेणी का मानते हुए कहा कि दोषी को मृत्युदंड दिया जाना ही न्यायोचित होगा। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो समाज में गलत संदेश जाएगा और न्यायिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न उठेगा। कांट थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच और सात साल की सगी बहनें 22 फरवरी 2021 को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे प्राथमिक विद्यालय में लगे नल पर नहाने गई थीं। शाम तक दोनों नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। वे लोग बच्चियों को तलाशते रहे। शाम को गांव से बाहर खेत पर पांच वर्ष की बच्ची मृत अवस्था में मिली। उसके सिर से खून बह रहा था। दूसरी बहन की तलाश शुरू की तो रात करीब 11 बजे घटनास्थल से लगभग सौ मीटर की दूरी पर बच्ची लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। उसकी सांसें चल रही थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इसके बाद उसे बरेली के एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में बच्चियों के दादा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस की विवेचना में अजीजगंज में जिला अस्पताल के पीछे रहने वाले अनिल उर्फ चमेली का नाम सामने आया। वारदात के दिन गांव वालों ने बच्चियों को उसके साथ जाते देखा था। अनिल मधुमक्खियों के छत्ते तोड़कर शहद निकालने के लिए गांव में अक्सर आता-जाता रहता था। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो अनिल ने बताया कि वह बच्चियों को बिस्कुट देने के बाद शहद खिलाने का लालच देकर उन्हें गांव के बाहर खेत पर ले गया था। उसने बड़ी बहन से दुष्कर्म किया और शहद तोड़ने में इस्तेमाल होने वाली लोहे की खंती से उसके सिर पर वार कर दिया।उसके चीखने-चिल्लाने पर छोटी बहन गांव की ओर भागने लगी। पकड़े जाने के डर से उसने सौ मीटर आगे उसे पकड़ लिया और सीने पर बैठकर खंती से ही उसके सिर पर भी कई वार किए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों बहनों को मरा समझकर वह भाग गया था।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अनिल के खिलाफ दो अप्रैल 2021 को आरोपपत्र अदालत भेजा। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) मनोज कुमार सिद्धू ने केस को विरलतम श्रेणी का मानते हुए अनिल को मृत्युदंड से दंडित किया। अदालत ने कहा कि मृत्युदंड के लिए अनिल उर्फ चमेली की गर्दन में फंदा डालकर तब तक लटकाया जाए, जब तक उसकी मृत्यु न हो जाए। उस पर 1,37,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

# अंडर–23 में चार महिला खिलाड़ियों का चयन, अब कानपुर में होगा ट्रायल

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर

कानपुर के कमला क्लब में अंडर-23 के ट्रायल मैच में शाहजहांपुर की चार महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। उनका जिला स्तर से चयन हुआ है। बल्लेबाज संध्या, एकता, हर्षिता व अंशिका का चयन हुआ है। शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने बताया कि एक नवंबर को कानपुर में चारों महिला खिलाड़ियों का ट्रायल होगा। चयन होने पर उन्हें मैच खेलने को मिलेंगे। मैचों में बेहतर प्रदर्शन पर यूपी की टीम का रास्ता खुल जाएगा। ट्रायल के लिए महिला खिलाड़ियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

### महिला क्रिकेट मैच आज



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को महिला क्रिकेट मैच का आयोजन जीएफ कॉलेज के मैदान पर किया जाएगा। राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष रफी उल हसन ने बताया कि मैच में स्थानीय व लखनऊ की टीमें प्रतिभाग करेंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-14 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता जलालाबाद तहसील में छह नवंबर को होगी। उद्घाटन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक करेंगे। कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने बताया कि काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में लीग की जिम्मेदारी रजत शर्मा को दी गई है। लीग मैचों में प्रयास क्रिकेट अकादमी जलालाबाद, स्टेडियम शाहजहांपुर, फरीद अकादमी, चौधरी अकादमी जलालाबाद, शाह क्रिकेट अकादमी, एसएस क्रिकेट अकादमी, एलाइड क्रिकेट अकादमी व डे-नाइट क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# आदित्य और कौशिकी ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया दम

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर

जुझारपुर की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बृहस्पतिवार को टकेली में हुई। विजेता बच्चों को पुरस्कार दिए गए। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ बालक और बालिका वर्ग में आदित्य और मोहिनी, 200 मीटर दौड़ में अजीत और नैंसी पाल, ऊंची कूद में रोहित और कौशिकी देवी, लंबी कूद में आदित्य और कौशिकी देवी विजेता रहे। उच्च प्राथमिक स्तर पर सौ मीटर दौड़ में आलोक और प्रांसी, ऊंची कूद में आदित्य और रजनी, 200 मीटर दौड़ में आदित्य और साधना, 400 मीटर दौड़ में आलोक और सपना विजेता रहे। खोखो बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक स्कूल (यूपीएस) जारमानो और बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक स्कूल बढ़ारू बिजला की टीम विजेता रही।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# जागरुकता और कानून सख्ती से ही रुकेंगी ऑनर किलिंग

**संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न रिपोर्टों में ऑनर किलिंग को विश्व में एक गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताया गया है, जो कि लैंगिक असमानता और पुरुष प्रधान समाजों में गहराई से निहित है। रिपोर्टों के अनुमान के अनुसार, हर साल दुनिया भर में लगभग 5,000 ऑनर किलिंग होती हैं, जिनमें 20त्न मामले भारत में होते हैं, हालाँकि सटीक आंकड़े अज्ञात हैं क्योंकि सभी देश आधिकारिक डेटा नहीं रखते हैं। ये रिपोर्टें बताती हैं कि यह सिर्फ़ भारत की ही नहीं, बल्कि मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और यूरोप के देशों सहित अन्य क्षेत्रों की भी एक वैश्विक समस्या है।**

*गुरुग्राम में पिता दीपक यादव ने परिवार की इज्जत बचाने के लिए अपनी बेटी पूर्व टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गोली मार कर हत्या की थी। पिता और बेटी के बीच लंबे समय से तनाव और विवाद चल रहा था। चार्जशीट में आरोपी पिता दीपक ने बताया कि उसके गांव के लोग उसे टोकते थे कि तुम बेटी की कमाई खा रहे हो। बेटी के चरित्र पर भी उंगली उठाते थे। इससे उनके सम्मान को ठेस पहुंचती थी। इसलिए बेटी की हत्या कर दी। अभी तक यही माना जाता रहा है कि ऑनर किलिंग के ज्यादातर मामले गरीब और पिछड़ेपन के कारण ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में ही होते हैं, किन्तु गुरुग्राम में हुई इस घटना ने साबित कर दिया कि कुछ हद तक यह मानसिकता शिक्षित लोगों के बीच शहरों में भी व्याप्त है। देश एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था सहित दूसरे क्षेत्रों में छलांग लगा रहा है, वहीं आदिमयुगीन इस तरह की वारदात से भारत की छवि कलंकित हो रही है। दिल्ली की पत्रकार निरुपमा पाठक की मौत के साथ ऑनर किलिंग का मुद्दा सुर्खियों में आया था। आरोप था कि परिवार ने उसे इसलिए मार डाला क्योंकि वह गर्भवती थीं और अपनी जाति के बाहर के व्यक्ति से शादी करने की योजना बना रही थीं। इसके बाद राजधानी में संदिग्ध ऑनर किलिंग के दो और मामले सामने आए। हालांकि राजधानी में ऑनर किलिंग की घटनाएं दुर्लभ हैं, लेकिन भारत के उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाएं आम हैं। ऑनर किलिंग के पीछे मूल कारण यह विचार है कि परिवार का सम्मान महिला की पवित्रता से जुड़ा होता है। ऑनर किलिंग के कई कारण हो सकते हैं, जैसे वैवाहिक बेवफाई, विवाह से पहले यौन संबंध, अनुचित संबंध, तय शादी से इनकार करना या यहां तक कि बलात्कार भी। भारत में ऑनर किलिंग तब होती है जब कोई जोड़ा अपनी जाति या धर्म के बाहर शादी करता है । करनाल की एक सत्र अदालत ने एक खाप पंचायत के आदेश के विरुद्ध विवाह करने वाले एक युवा जोड़े की हत्या के लिए पाँच लोगों को पहली बार मृत्युदंड सुनाया। अदालत ने खाप पंचायत के उस सदस्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जिसने विवाह को अमान्य घोषित कर दिया था और जो हत्या के समय मौजूद था। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और आठ राज्यों को नोटिस जारी कर ऑनर किलिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों की व्याख्या करने को कहा था। सरकार ने सतर्क रुख अपनाते हुए तत्कालीन कानून मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के भारतीय दंड संहिता में संशोधन और खाप पंचायतों (जाति-आधारित संविधानेतर संस्थाएँ) पर लगाम लगाने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। केंद्र सरकार ने राज्यों से परामर्श करने और ऑनर किलिंग को एक सामाजिक बुराई मानने वाले एक विशेष कानून को लागू करने की संभावनाओं पर विचार करने के लिए एक मंत्रिसमूह गठित करने का निर्णय लिया था। तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र और केरल जैसे राज्यों में, जहाँ दलित समुदायों का अपेक्षाकृत अधिक सशक्तिकरण हुआ है, अंतर्जातीय विवाहों की दर भी अधिक दर्ज की गई है। भारत मानव विकास सर्वेक्षण द्वितीय के अनुसार, अंतर्जातीय विवाहों की राष्ट्रीय दर लगभग 5त्न है, लेकिन सशक्त दलित आबादी वाले राज्यों में यह दर अधिक है। विडंबना यह है कि इन्हीं राज्यों में ऑनर किलिंग की घटनाएँ भी बढ़ी हैं। यह विरोधाभास एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर करता है। ऑनर किलिंग वहाँ नहीं होती जहाँ जातिवाद सबसे ज़्यादा प्रबल होता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रस्ताव के साथ संघ को गठबंधन का प्रस्ताव गोलवाकर गुरुजी द्वारा आसानी से स्वीकारा गया होता। इसकी स्थापना के बाद से संघ के पास एकमात्र दृष्टि है हिंदुओं को अपने राष्ट्रीय और व्यक्तिगत चरित्र बनाने के लिए संगठित करना। आरएसएस जनसंघ और भाजपा दोनों से पहले स्थापित हुआ है। असल में, आरएसएस कई संगठनों का मूल संगठन है जिसे संघ परिवार कहा जाता है जो विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है। इन संगठनों को आरएसएस से सलाह मिलती है और आरएसएस शीर्ष कार्यकारी समिति के साथ लगातार बैठकों को उनके काम पर अपडेट पर चर्चा करने या विषयों की एक श्रृंखला पर सलाह देने के लिए आयोजित किया जाता है।

# मनगढ़ंत कहानियों के जरिए संघ पर हमले के निहितार्थ



पंकज जयसवाल

**मुद्दा यह है कि क्या हमें एक ऐसे संगठन में विश्वास रखना चाहिए जो साल 1925 से नि:स्संदेह राष्ट्र और समाज में निस्वार्थ रूप से सेवा कर रहा है या किसी पार्टी या व्यक्तियों में जो आतंकवादियों, नक्सलियों, हिंदुत्व विरोधी संगठनों और अन्य समूह जो मानवता के खिलाफ काम करते हैं, उनका भरोसा करना चाहिए। झूठी कथाएं और आधा सत्य हमेशा राष्ट्र और समाज के लिए हानिकारक होते हैं।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के दौरान संघ की गतिविधियों के खिलाफ़ घिनौने झूठे आख्यान और राजनीति से प्रेरित प्रयास हमारे महान राष्ट्र के विरोधियों के बीच अभूतपूर्व भय का प्रदर्शन करते हैं। आरएसएस एक मूक संरक्षक के रूप में कार्य करता है, जो समाज में विवेकपूर्ण ढंग से कार्य करने में विश्वास करता है। हम सभी जानते हैं, शब्दों का दीर्घकालिक प्रभाव नहीं हो सकता लेकिन किसी के प्रयासों का प्रभाव हो सकता है। इसी धारणा के आधार पर आरएसएस भारतीयों और राष्ट्र की मदद, विकास और एकता के अपने प्रयासों का कभी प्रचार नहीं करता। नतीजतन, किसी भी खामोश व्यक्ति या समूह पर कीचड़ उछालना आसान है। मिशनरियों, इस्लामी चरमपंथियों, कुछ राजनीतिक दलों ने आरएसएस को बदनाम करना शुरू कर दिया और इस संगठन को असंवैधानिक रूप से गैरकानूनी घोषित करने की बात करने लगे। समकालीन भारतीय राजनीति के प्रामाणिक अध्ययनों के लिए जाने जाने वाले प्रसिद्ध इतिहासकार वाल्टर के. एंडरसन ने टिप्पणी की है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आरएसएस को पश्चिम और भारत में भी कई लोगों की तरह एक धार्मिक संगठन समझने की भूल कर बैठे हैं। यह रणनीति राहुल गांधी के खुद को हिंदू और देशभक्त के रूप में पेश करने के प्रयासों को कमजोर कर सकती है। जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज में दक्षिण एशिया अध्ययन के पूर्व प्रमुख एंडरसन लगभग 50 वर्षों तक आरएसएस का गहन अध्ययन करने के लिए जाने जाते हैं। वे ब्रदरहुड इन सैफ्रन जैसी पुस्तकों के लेखक हैं। उन्होंने चर्चा की कि पश्चिम में आरएसएस को कैसे देखा जाता है, उसे किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है- जैसे जातिगत भेदभाव का समाधान- अल्पसंख्यकों तक कैसे पहुँचा जाए और बौद्धिक अभिजात वर्ग का दिल कैसे जीता जाए और भाजपा के भविष्य के बारे में उनका दृष्टिकोण। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कुछ अन्य नेताओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति उनके खराब नजरिये के लिए जाना जाता है। इस धारणा और राहुल गांधी द्वारा उस पर किए गए मुखर हमलों के बावजूद आरएसएस उनसे घृणा नहीं करता। इसका कारण संघ का दर्शन, नेतृत्व का इतिहास और उनकी विचार प्रक्रिया है, जो एक सदी में विकसित हुई है। स्वतंत्रता के बाद से ही आरएसएस ने राष्ट्र प्रथम की मानसिकता को बनाए रखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं के साथ सहयोग किया है। आरएसएस पर हमला करने की कोशिश में वर्तमान कांग्रेस नेतृत्व विडंबनापूर्ण रूप से अपने ही अतीत की उपेक्षा कर रहा है, जिसमें कई कांग्रेस नेताओं ने कई विषयों पर आरएसएस के साथ घनिष्ठ सहयोग किया है। संघ का सौ साल का इतिहास इस बात को पूरी तरह से प्रमाणित करता है कि हज़ारों स्वयंसेवकों ने राष्ट्र की सेवा में जीवन त्याग दिया



**साल 1925 से आरएसएस ने बिना किसी स्वार्थ के, कुछ भी उम्मीद किए बिना देश को सेवाएं प्रदान की हैं। प्रचारक अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों को छोड़ कर और अविवाहित रहकर, आरएसएस में शामिल होते हैं और अपने घर-परिवार को पीछे छोड़ देते हैं।**

या अपनी जान गँवाई और इस दौरान एकता, राष्ट्रीय पहचान और हिंदू जागरण के सिद्धांतों पर अडिग रहे। राष्ट्र के कल्याण के लिए सोचना और कार्य करना आरएसएस का एकमात्र दायित्व है। हज़ारों लोग प्रचारक के रूप में काम करते हैं जो राष्ट्र की सेवा के एकमात्र उद्देश्य के साथ एक त्यागी जीवन जीते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान या जब भी राष्ट्र को आवश्यकता हो, आरएसएस सभी जाति-धर्म के लोगों की मदद और समर्थन के लिए तैयार रहता है। कुछ उदाहरण हैं- चीन और पाकिस्तान के साथ संघर्ष, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित अवैध आपातकाल के खिलाफ लड़ाई, पंजाब में अशांति के दौरान शांति प्रक्रिया और समाज को दोबारा एकजुट करने के लिए किए गए प्रयास। जो लोग भारत की विरासत, कला और संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं, उन्हें हमेशा आरएसएस के विरोध का सामना करना पड़ेगा। चूँकि भारत में बहुसंख्यक लोग हिंदू हैं इसलिए आरएसएस हिंदू समुदाय या भारतीयता को विभाजित या विघटित करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा, चाहे विरोधी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। नफरत करने वाले आरएसएस को बदनाम करने और सभी भारतीयों को भयभीत करने की अपनी लंबे समय से चली आ रही रणनीति को जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं। यह रणनीति यह सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यक भाजपा के खिलाफ एकजुट रहें और भाजपा के मतदाताओं के दिलों में भी डर पैदा हो, क्योंकि अधिकांश भाजपा पदाधिकारियों की पृष्ठभूमि आरएसएस से है।

स्वार्थी प्रेरणा या लालची प्रवृत्ति वाले किसी भी व्यक्ति के लिए समाज और राष्ट्र कभी भी सर्वोच्च उद्देश्य नहीं होते; वे राष्ट्र और उसकी सामाजिक एकता की कीमत पर प्रसिद्धि, धन और शक्ति चाहते हैं। ये स्वार्थी लोग आरएसएस, पर्यावरण, राष्ट्र और विश्व को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास करने वाले कई अन्य संगठनों के साथ ठीक यही कर रहे हैं। राष्ट्र को महान बनाने के लिए, एक लोकतंत्र को आलोचना, गहन विश्लेषण, राय और सुझावों की आवश्यकता होती है। हालाँकि, यदि एजेंडा हानिकारक है और हमारे राष्ट्र के दुश्मनों का समर्थन करता है, तो नागरिकों को अधिक सतर्क और जागरूक होने की आवश्यकता है और प्रासंगिक और तथ्यात्मक जानकारी के साथ ऐसे झूठे आख्यानों का जवाब देना चाहिए। मुद्दा यह है कि क्या हमें उस संगठन पर भरोसा करना चाहिए जो दशकों से निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा कर रहा है या उस पार्टी पर जो संविधान को खारिज करती है। झूठे आख्यान गढ़ना सस्ता है। असली पत्रकारिता महंगी है। जनहित में महत्वपूर्ण नई जानकारी खोजना और उसे इस तरह से प्रासंगिक बनाना कि हम उसका उपयोग मानवीय स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कर सकें, पत्रकारिता का मुख्य कर्तव्य है। यह जनता के बीच एकजुटता को बढ़ावा देने में बहुत मददगार हो सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य समग्र समाज में सुधार लाना होना चाहिए। जनता को विभिन्न प्रकार के आख्यानों से सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि बिना समझ और विश्लेषण के उन पर प्रतिक्रिया देने से व्यवस्था, समाज और राष्ट्र पंगु हो जाते हैं। प्रत्येक समाचार या विमर्श का आदर्श वाक्य एकता और राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। हालाँकि आरएसएस को उसकी अर्धसैनिक रणनीति और अनुशासन पर ज़ोर देने के कारण कुछ लोग फासीवाद का भारतीय संस्करण मानते हैं। सेंटर फॉर स्टडीज़ एंड रिसर्च (ष्टश्वऋ) के निदेशक क्रिस्टोफर जैफ्रेलॉट कहते हैं कि आरएसएस का दर्शन समाज को एक धर्मनिरपेक्ष जीव के रूप में देखता है जिसकी भावना नस्ल के बजाय एक सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था में निहित है और अंततः निरंतर जमीनी प्रयासों के माध्यम से इसे पुनर्स्थापित किया जाएगा। उनके अनुसार, आरएसएस की विचारधारा ने राज्य और नस्ल के सिद्धांत का निर्माण नहीं किया, जो नाज़ीवाद और फासीवाद जैसे यूरोपीय राष्ट्रवादों के प्रमुख कारक थे। इसके अतिरिक्त, वह इस बात पर ज़ोर देते हैं कि आरएसएस नेताओं के लिए नस्लीय एकरूपता उतनी महत्वपूर्ण नहीं है जितनी सांस्कृतिक एकता। राष्ट्र के पास एक ऐसा संगठन है जो राष्ट्र के बारे में केवल सकारात्मक सोचता है और अपने नागरिकों को उनके व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र के विकास के लिए प्रशिक्षित करता है, साथ ही राष्ट्रीय आवश्यकताओं या आपदाओं की स्थिति में स्वयंसेवा करने के लिए भी तैयार करता है। कांग्रेस, वामपंथी और अन्य विपक्षी दल इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 09:12 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 18:20 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | ध्रुव, 26:09 तक |
| सूर्योदयः | 06:33 |
| सूर्यास्तः | 17:35 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 09:19-10:41 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### जंग ये हमारी !

*मान और सम्मान की ।*
*हो चली लड़ाई ।।*
*ठोकनी है ताल ।*
*करनी और कड़ाई ।।*
*अब जमकर ललकारेंगे ?।*
*जंग ये हमारी ।।*
*उसी दिशा में बढ़ रही ।*
*आगे की तैयारी ।।*
*है पड़ाव आखिरी ।*
*जोर है लगाना ।।*
*बज के रहेगा डंका ।*
*देखेगा जमाना ।।*
*छप गया है पर्चा ।*
*हम ही आने वाले ।।*
*भले कोई वर्तमान में ।*
*अपना नाम निकाले ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वर्कआउट के बाद खानपान से जुड़ी ये 3 गलतियां सेहत पर पड़ सकती हैं भारी



**अच्छे** स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोगों को नियमित एक्सरसाइज करने, हेल्दी डाइट लेने, पर्याप्त नींद लेने और शरीर को हाइड्रेट रखने की सलाह दी जाती है। एक्सरसाइज करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, लेकिन एक्सरसाइज करने के बाद कुछ गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, वर्कआउट के बाद अच्छे स्वास्थ्य के लिए कुछ गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

**एक्सरसाइज के बाद खाना न छोड़ें:** अक्सर लोग वर्कआउट करने के बाद खाना या नाश्ता छोड़ देते हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य को नुकसान होता है। जबकि एक्सरसाइज या वर्कआउट करने के बाद फाइबर और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से युक्त फूड्स को डाइट में शामिल करें। इससे मांसपेशियों को रिपेयर करने, शरीर को एनर्जी देने और शरीर को पोषण देने में मदद मिलती है।

**कार्बोहाइड्रेट को डाइट में शामिल न करना:** वजन कम करने और शरीर को हेल्दी रखने के लिए वर्कआउट करने वाले लोग अक्सर प्रोटीन पर ज्यादा ध्यान देते हैं और कार्बोहाइड्रेट्स को नजरअंदाज नहीं करते हैं, जिसके कारण शरीर में ग्लाइकोजन या एनर्जी की कमी होने लगती है, जिसके कारण लोगों को थकान, कमजोरी और मांसपेशियों में रिकवरी की कमी होने की समस्या हो सकती है।

**सप्लीमेंट्स पर निर्भर न रहें:** वर्कआउट करने वाले बहुत से लोग सप्लीमेंट्स पर निर्भर रहते हैं, जो शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने, थकान होने, कमजोरी होने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में शरीर में पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए सप्लीमेंट्स पर निर्भर रहने के बजाए, डाइट में अंडे, सब्जियां, फल, अनाज और लीन मीट को डाइट में शामिल करें। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# नौकरशाही के दरबार में फाइलों के बीच दम तोड़ती संवेदनाएँ



डॉ. सत्यवान सौरभ

**आज हमारे देश में हर विभाग में योजनाएँ हैं लेकिन क्रियान्वयन में संवेदना नहीं है। यही कारण है कि योजनाएँ रिपोर्ट कार्ड बनकर रह गई हैं, न कि राहत का साधन। जरूरत इस बात की है कि सरकारी तंत्र को फिर से सेवा का पर्याय बनाया जाए।**

**हमारे** समय की सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं है कि समाज अन्याय से भर गया है बल्कि यह है कि संवेदनाएँ खोती जा रही हैं। जिस देश में सरकारी तंत्र सेवा का प्रतीक होनी चाहिए थी, वहाँ अब नौकरशाही शब्द ही अहंकार और दूरदर्शिता की कमी का पर्याय बन चुका है। सरकारी तंत्र जब संवेदनहीन हो तो व्यवस्था का चेहरा निर्दयी हो जाता है। छोटी-सी समस्या के समाधान के लिए व्यक्ति फ़ाइलों के जंगल में भटकता है। फोन उठाने से लेकर जवाब देने तक हर कदम पर दीवार खड़ी है- उस दीवार का नाम है नौकरशाही की असंवेदनशीलता। नौकरशाही का मूल उद्देश्य नागरिकों की सुविधा, प्रशासन की पारदर्शिता और नीतियों की समानता था। लेकिन धीरे-धीरे यह वर्ग अपने ही बनाए दायरे में कैद हो गया। सत्ता के निकट रहकर उसने सेवा को सत्ता-साझेदारी में बदल दिया। आज अधिकारी जनता के प्रतिनिधि नहीं, सत्ता के प्रतिनिधि बन चुके हैं। फ़ाइलों पर फैसले अब संवेदना से नहीं, किसे खुश करना है और किससे बचना है जैसी मानसिकता से लिए जाते हैं। इस मानसिकता ने शासन को जीवंतता से दूर कर दिया है। नौकरशाही अब अपने भीतर ऐसा 'प्रशासनिक अहंकार' पाल चुकी है जो हर आलोचना को शत्रुता समझता है। फ़ाइलें महीनों दबाई जाती हैं, नियुक्तियाँ वर्षों तक लंबित रहती हैं और जब जवाब माँगा जाए तो कहा

**आज आवश्यकता अकुशल प्रशासनिक मशीनरी की नहीं, मानवीय प्रशासन की है- जहाँ प्रत्येक निर्णय के केंद्र में नागरिक का दु:ख, उसकी गरिमा और उसका जीवन हो। हमारे समय का असली सुधार यही होगा कि नौकरशाही और सत्ता में संवेदना वापस लाई जाए। कानून की कठोरता के साथ मानवीयता की कोमलता भी जरूरी है। आज अगर हम सरकारी तंत्र में फिर से मनुष्यता को जीवित नहीं कर पाए।**

जाता है- प्रक्रिया में है। यह प्रक्रिया अब बहाने का दूसरा नाम बन चुकी है। जनता के सवालों का जवाब कागज़ों में मिलता है लेकिन न्याय का उत्तर शून्य में खो जाता है। सत्ता अपने स्वभाव में आकर्षक होती है। यह व्यक्ति को शक्ति देती है पर उसी शक्ति के साथ चरित्र की परीक्षा भी लेती है। दुर्भाग्य से, हमारे समय की राजनीति ने इस शक्ति को ज्यादातर जिम्मेदारी नहीं बल्कि विशेषाधिकार समझ लिया है। सत्ताधारी तब तक सक्रिय रहते हैं, जब तक प्रशंसा मिलती रहती है। लेकिन आलोचना या असहमति के क्षणों में उनकी सहनशीलता समाप्त हो जाती है। यही संवेदनहीन सत्ता का भयावह रूप है- जहाँ जनता की पीड़ा आँकड़ों में बदल दी जाती है और आँकड़ों की भाषा में संवेदना मर जाती है। हर बार जब कोई त्रासदी होती है- दुर्घटना, दंगा या भ्रष्टाचार- तब ज़मीनी स्तर पर प्रशासन केवल रिपोर्ट तैयार करता है, जिनमें संवेदना नहीं, केवल डेटा होता है। यह स्थिति लोकतंत्र के उस आत्मा को चोट पहुँचाती है जो जन से शुरू होकर जन पर ही समाप्त होती है।

संवेदनहीनता केवल प्रशासन की नहीं समाज की भी बीमारी बन चुकी है। आज दुर्घटनाओं के वीडियो बनाए जाते हैं पर किसी की मदद करने की हिम्मत कम ही होती है। गरीब की पीड़ा पर ताली बजाना आसान है पर मदद करना कठिन। यह वही मानसिकता है जिसने एक गहरी खाई बना दी है। जहाँ ऊपर बैठे लोग 'नीतियों' की बात करते हैं, वहीं नीचे खड़े लोग 'रोटी' की। नौकरशाही-जो पुल नहीं, दीवार बन चुकी है। यही वह त्रासदी है जो लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर रही है। एक समय था जब सरकारी अधिकारी जनसेवक कहलाते थे। यह शब्द अब मज़ाक लगता है। आज का प्रशासन इतना प्रक्रियात्मक हो गया है कि वह मनुष्यता को भूल गया है। फ़ाइलों और कानूनों की दुनिया में संवेदना को अपवाद मान लिया गया है। यह विचलित करने वाली सच्चाई है कि जो तंत्र जनता की सेवा के लिए बना, वही तंत्र अब नागरिक को संदेह की दृष्टि से देखता है। अधिकारी जनता को सुविधा देने से अधिक उसके इंटेंशन पर शक करने लगे हैं। यह शक लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है। नौकरशाही और सत्ता के बीच यह मानसिक दूरी अब सामाजिक असमानता को और गहरा रही है। गाँवों में सड़क तब पहुँचती है जब वोट की ज़रूरत पड़ती है। स्कूलों में शिक्षक तब लगते हैं जब मीडिया हंगामा करती है। अस्पतालों में दवा तब आती है जब मंत्री का दौरा तय होता है। यह संवेदनहीन तंत्र आम नागरिक की ज़िंदगी को उस प्रतीक्षा की यातना में बदल देता है जो कभी समाप्त नहीं होती। संवेदनहीनता की यह संस्कृति सरकारी तंत्र की स्थायी साथी बन चुकी है। हम यह भूल चुके हैं कि शासन का सार मनुष्यता में निहित है। कानून तभी तक उपयोगी हैं जब वे मानवीयता की रक्षा करें और प्रशासन तभी तक वैध है जब वह नागरिक के दुख को अपनी जिम्मेदारी माने। आज हमारे देश में हर विभाग में योजनाएँ हैं लेकिन क्रियान्वयन में संवेदना नहीं है। यही कारण है कि योजनाएँ रिपोर्ट कार्ड बनकर रह गई हैं, न कि राहत का साधन। जरूरत इस बात की है कि सरकारी तंत्र को फिर से सेवा का पर्याय बनाया जाए। शासन में इमोशनल इंटेलिजेंस को नीतिगत अनिवार्यता बनाया जाए। नौकरशाही को प्रशिक्षण के दौरान केवल प्रोटोकॉल नहीं, संवेदना भी सिखाई जाए। पद का अहंकार अगर सेवा की भावना से नहीं मिला, तो हर नीति अधूरी रह जाएगी।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पीलीभीत में 'रन फॉर यूनिटी' और पदयात्रा का भव्य आयोजन

- केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद व विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने की सहभागिता, युवाओं ने लिया एकता का संकल्प

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





भारत रत्न, लौहपुरुष और राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जनपद पीलीभीत में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर गांधी स्टेडियम पीलीभीत में सरदारॠ150 - यूनिटी मार्च और रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 567 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता की मजबूत नींव रखी। उनका त्याग, समर्पण और नेतृत्व आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पटेल जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की एकता और प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने भी सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि लौहपुरुष सरदार पटेल ने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्र भारत को एकजुट राष्ट्र के रूप में संगठित कर इतिहास रच दिया। उनकी 150वीं जयंती पर हमें एकता, समरसता और सेवा के उनके संदेश को आत्मसात करना चाहिए।÷

कार्यक्रम में लखीमपुर खीरी के पूर्व सांसद जुगल किशोर ने राष्ट्रीय एकता शपथ का वाचन किया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने रन फॉर यूनिटी और एकता पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर सुंगधी चौक और छतरी चौक से होते हुए पुनः स्टेडियम में संपन्न हुई। देशभक्ति के नारों से गूंजती इस पदयात्रा में लगभग 1200 प्रतिभागियों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेटों, पीआरडी और होमगार्ड जवानों सहित अनेक सामाजिक संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

युवा कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने राष्ट्र एकता और अखंडता पर आधारित देशभक्ति गीतों और नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। छात्रों द्वारा बनाए गए स्लोगन, बैनर और झंडों ने एकता का सशक्त संदेश दिया।

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और कहा कि सरदार पटेल का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देश को न केवल एकजुट किया, बल्कि प्रशासनिक एकता की मजबूत नींव रखी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार, नोडल अधिकारी इंतजार खान, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख अजय गंगवार, जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पूर्व सांसद नवल किशोर पटेल, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, देव स्वरूप पटेल, लेखराज भारती, डॉ. आर.सी. गंगवार, गीता मिश्रा, अशोक कुमार, जयप्रकाश सिंह, पंकज सिंह, रुचि गंगवार, कविता पटेल समेत अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक और समाजसेवी उपस्थित रहे। पूरा गांधी स्टेडियम एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र की एकता व अखंडता को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ।

## पटेल जी ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की अखंडता को सशक्त किया- महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद

**पीलीभीत**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र बरखेड़ा के ग्राम पंचायत भैंसहा ग्वालपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए

### भैंसहा ग्वालपुर में आयोजित कार्यक्रम में लौहपुरुष के योगदान पर दी जानकारी

कहा कि पटेल जी ने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की अखंडता को सशक्त किया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठन क्षमता



आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है।

विधायक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे पटेल जी के आदर्शों को जीवन में अपनाकर देश की एकता और विकास में योगदान दें।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री सूरज श्रीवास्तव, अभिषेक, नागेंद्र प्रताप सिंह गंगवार, ग्राम प्रधान रुद्रपाल गंगवार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता और समरसता के संकल्प के साथ हुआ।

# योनेक्स सनराइज सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य समापन

- केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने विजेताओं को किया सम्मानित, मनोज गंगवार को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवाड

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



स्थानीय गांधी स्टेडियम में आयोजित योनेक्स सनराइज सेकंड सब जूनियर मेजर बैडमिंटन टूर्नामेंट अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग का शनिवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर स्टेडियम देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों से खचाखच भरा रहा। मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि ÷खेल युवा पीढ़ी में अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना का संचार करते हैं। बैडमिंटन जैसे खेल ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में छिपी प्रतिभा को निखारने का उत्कृष्ट माध्यम हैं।÷

### मनोज गंगवार को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

बैडमिंटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पीलीभीत के वरिष्ठ खिलाड़ी मनोज गंगवार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, मुख्य संरक्षक मनजीत सिंह और बैडमिंटन एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल महेंद्रु ने शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

अकेंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के साथ नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, मुख्य संरक्षक मनजीत सिंह, और भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मंत्री के स्वागत में बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल महेंद्रु, सचिव राजेश सक्सेना और आयोजन सचिव मनोज गंगवार ने बुके भेंट किए। समारोह का संचालन और आभार प्रदर्शन बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।

### आयोजकों और रेफरी को भी किया गया सम्मानित

टूर्नामेंट की सफलता में योगदान देने वाले मुख्य रेफरी राजित श्रीवास्तव, मैच कंट्रोलर मनीष कुमार, इरशाद अहमद, हरेंद्र त्रिपाठी, राहुल घोष, अमानत त्रिपाठी, सुधांशु गंगवार, अंशुल कुमार, सत्यम त्रिपाठी, अभिषेक पटेल, उत्सव शर्मा, वंदना यदुवंशी, आशीष रस्तोगी आदि को सम्मानित किया गया। इसके अलावा आयोजन समिति के सदस्य संदीप सिंह, साकेत सक्सेना, दीपेंद्र चौहान, सौरव पांडे, जाहिर मलिक, संजय गुप्ता, विक्रम शर्मा, जगन्नाथ, अद्वितीय अग्निहोत्री, शिवम कश्यप, अभिजीत सिंह, और हर्ष कंचन को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह खेल भावना, उत्साह और युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने वाले माहौल में संपन्न हुआ।

### रोमांचक मुकाबलों में विजेताओं ने दिखाया दमखम

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहें।



- गर्ल्स सिंगल्स -15 : नोएडा की अग्रिमा सिंह ने आगरा की कुहू को 21-19, 21-17 से हराकर खिताब जीता।
- मिक्स डबल्स -15 : आगरा के अंकुर प्रताप सिंह और आजमगढ़ की सौम्या सिंह की जोड़ी ने 21-14, 14-21, 21-17 से जीत दर्ज की।
- बॉयज सिंगल्स -15 : मेरठ के आदित्य तोमर ने अलीगढ़ के अतीक अहमद को 21-17, 18-21, 21-13 से पराजित किया।
- बॉयज सिंगल्स -17 : प्रयागराज के प्रखर तिवारी ने अयोध्या के दिव्यांशु सिंह को 18-21, 21-17, 21-16 से मात दी।
- गर्ल्स डबल्स : नोएडा की अग्रिमा सिंह और आगरा की संघमित्रा गौतम की जोड़ी ने 21-10, 21-11 से आसान जीत दर्ज की।
- गर्ल्स सिंगल्स -17 : आगरा की कुहू ने दिव्यांशी गौतम को हराया।
- बॉयज डबल्स -15 : आगरा के अंकुर प्रताप सिंह और अलीगढ़ के अतीक अहमद की जोड़ी ने 21-18, 19-21, 21-11 से जीत दर्ज की।
- बॉयज डबल्स -17 : गाजियाबाद के अभिनव चौहान और जय सिंह की जोड़ी ने 21-19, 21-13 से खिताब जीता।

सभी विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गईं।

# बीसलपुर में रिश्वतखोरी पर विजिलेंस का शिकंजा, लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

- जमीन की कुराबंदी के नाम पर मांगी थी 10 हजार रुपये की घूस, तहसील में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

तहसील प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार की पोल उस समय खुल गई जब विजिलेंस टीम ने शुक्रवार दोपहर तहसील परिसर में ही एक लेखपाल को 10,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। जमीन की कुराबंदी (बंटवारा) के नाम पर किसान से घूस मांगने की शिकायत पर बरेली विजिलेंस सेक्टर की टीम ने यह कार्रवाई की। घटना से तहसील में हड़कंप मच गया और कई कर्मचारियों ने अपने कमरे बंद कर लिए। जानकारी के अनुसार, ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी किसान सरताज ने बरेली सतर्कता अधिष्ठान में शिकायत की थी कि बीसलपुर तहसील में तैनात हल्का लेखपाल संजीव कुमार उसकी जमीन के बंटवारे से जुड़ी रिपोर्ट उसके पक्ष में लगाने के लिए 10,000 की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने पर टीम ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। शुक्रवार को सरताज तय स्थान पर तहसील पहुंचा और जैसे ही उसने लेखपाल को 10,000 नकद दिए, टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे पकड़ लिया। मौके पर ही रुपये बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। बाद में विजिलेंस टीम आरोपी को बीसलपुर कोतवाली लाई और आवश्यक औपचारिकताओं के बाद उसे बरेली लेकर रवाना हो गई। विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, कार्रवाई की जानकारी मिलते ही तहसील परिसर में अफरातफरी मच गई। कई कर्मचारी अपने-अपने कक्षों में ताले डालकर बाहर निकल गए।

एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विजिलेंस टीम ने रिश्वतखोरी के मामले में लेखपाल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विजिलेंस की यह कार्रवाई भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार है

बीसलपुर तहसील में हुई यह कार्रवाई केवल एक रिश्वतखोर लेखपाल की गिरफ्तारी भर नहीं, बल्कि प्रशासनिक तंत्र को आईना दिखाने वाली घटना है। यह इस बात का प्रतीक है कि यदि शिकायतकर्ता साहस दिखाए और प्रणाली सक्रिय हो, तो भ्रष्टाचार के गढ़ भी ढहाए जा सकते हैं। भूमि विवादों और बंटवारे जैसी प्रक्रियाओं में आम किसान वर्षों से शोषण का शिकार रहा है। राजस्व विभाग के कुछ भ्रष्ट कर्मचारी 'सेवा' के नाम पर 'सुविधा शुल्क' की परंपरा को बढ़ावा देते रहे हैं। अब जरूरत है कि ऐसे ट्रैप अभियान लगातार चलाए जाएं और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई हो। विजिलेंस की इस कार्रवाई से एक स्पष्ट संदेश गया हैं। अब रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि प्रशासन ने इसी तरह पारदर्शिता और ईमानदारी को बढ़ावा दिया, तो यह कदम भ्रष्टाचार मुक्त तहसील प्रशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरुआत साबित होगा।

# श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई सरदार पटेल की 150वीं जयंती



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

लौहपुरुष एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के अनुज विजय सिंह गंगवार ने सरदार पटेल के देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत की एकता के लिए जो कार्य किया, वह सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी लौहपुरुष के जीवन और कर्तृत्व पर चर्चा करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने की बात पर सभी ने गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, पूर्व महामंत्री मनोज मिश्रा, मनीष पटेल, नगर मंत्री ओमकार मौर्य ओ.पी., ओमप्रकाश, शांति स्वरूप सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, सौहार्द और राष्ट्रभाव से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# राष्ट्र निर्माता सरदार पटेल व आचार्य नरेंद्र देव की जयंती समाजवादी पार्टी ने श्रद्धा से मनाई

## स्वतंत्रता के बाद पटेल ने भारत की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर देश को एकता और अखंडता की पहचान दी- नफीस अहमद अंसारी

- सपा कार्यालय नकटादाना में हुआ कार्यक्रम, नेताओं ने उनके आदर्शों को बताया आज भी प्रासंगिक

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी की ओर से शुक्रवार को नकटादाना स्थित केजीएन-2 सपा कार्यालय में राष्ट्र निर्माता भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं महान समाजवादी चिंतक आचार्य नरेंद्र देव की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की तथा संचालन सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया।

### समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में मौजूद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरदार पटेल और आचार्य नरेंद्र देव के आदर्श आज भी समाजवादी आंदोलन के मार्गदर्शक हैं। दोनों ही नेताओं ने देश को एकता, त्याग, समानता और न्याय की भावना से जोड़ा। नेताओं ने संकल्प लिया कि समाजवादी पार्टी इन दोनों महान विभूतियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नफीस अहमद अंसारी, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, बालकराम सागर, राजकुमार राजू, धनपति वर्मा एडवोकेट, हाजी अकबर अहमद अंसारी, भगवानदास सहित समाजवादी पार्टी के अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल के योगदान को बताया अद्वितीय

अपने संबोधन में सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा, राष्ट्र निर्माता और स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री थे। उन्हें लौह पुरुष इसलिए कहा गया क्योंकि उन्होंने अपने अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति से भारत की 562 रियासतों का एकीकरण कर एक अखंड राष्ट्र का निर्माण किया। उन्होंने बताया कि वल्लभभाई पटेल एक साधारण किसान परिवार से निकलकर इंग्लैंड जाकर वकालत की पढ़ाई पूरी कर सफल वकील बने। परंतु महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र सेवा और स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित कर दिया। खेड़ा और बारडोली सत्याग्रह में किसानों के अधिकारों के लिए उनकी लड़ाई ने ब्रिटिश शासन को झुकने पर मजबूर कर दिया। यही कारण है कि आज उन्हें भारत के एकीकरण के शिल्पी के रूप में सदा याद किया जाता है।

### दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक- नफीस अहमद अंसारी

कार्यक्रम का संचालन कर रहे सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस एकजुट भारत का सपना देखा था, आज उस भावना को साकार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पटेल ने भारत की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर देश को एकता और अखंडता की पहचान दी। आचार्य नरेंद्र देव जी के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वे भारतीय समाजवादी आंदोलन के प्रमुख स्तंभों में से एक थे। उन्होंने 1934 में कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई थी, जिसका उद्देश्य कांग्रेस के भीतर समाजवादी विचारधारा को सशक्त बनाना था। वे जयप्रकाश नारायण, डॉ. राममनोहर लोहिया और अच्युत पटवर्धन जैसे महान समाजवादी नेताओं के सहयोगी रहे। नफीस अहमद ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव का जीवन समाजवाद, राष्ट्र सेवा और मानवता के आदर्शों को समर्पित रहा। आज उनके सिद्धांत सामाजिक समानता और समरसता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# अलियापुर तिराहा से चपरतला अंडरपास तक बनेगा संपर्क मार्ग

**जन एक्सप्रेस। मैगलगंज खीरी**



क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए एक खुशी की बात यह है कि जल्द ही क्षेत्र के अलियापुर तिराहा से बाबे के पब्लिक इंटर कालेज के पास से संपर्क मांग की शासन से स्वीकृति होने के बाद शीघ्र ही लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क बनाई जाएगी। क्षेत्रीय गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर के द्वारा इस सड़क को लेकर बराबर चीनी मिल अधिकारियों से प्रयास किए जा रहे हैं।हाल ही में जिलाधिकारी खीरी के निर्देशन पर सड़क सुरक्षा सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर ने गन्ना किसानों की इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। साथ ही क्षेत्रीय चीनी मिल डीसीएम अजबापुर के द्वारा भी इस सड़क की पैरवी की जा रही है। सब कुछ सही रहा तो जल्द ही लोक निर्माण विभाग के द्वारा शीघ्र ही 1400 मीटर सड़क का निर्माण शुरू होगा। इस बाबत उत्तर प्रदेश शासन के सचिव अभिषेक गंगवार ने प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोग निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को कार्यवाही हेतु पत्राचार कर जल्द ही इस सड़क को स्वीकृत कराये जाने का निर्देश दिया है। इस सड़क के निर्माण हो जाने से क्षेत्र के तमाम गन्ना किसानों के साथ-साथ एक दर्जन किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा और हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं से निजात मिल सकेगी। क्षेत्र की जनता ने इस पहल के लिए गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर व डीसीएम अजवापुर को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है। इस बाबत डीसीएस ग्रुप के निदेशक सीईओ रोशन लाल टामक ने बताया यह सड़क हमारे प्रमुख आगे एजेंडे में है, जल्द ही लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस सड़क का निर्माण शुरू होगा।

इस सड़क के निर्माण को लेकर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरुजी, क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह समेत कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के द्वारा भी पत्राचार किया गया है।

# अजबापुर चीनी मिल के 29 वें पेराई सत्र 2025-26 का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। मितौली खीरी**



डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की शुगर यूनिट-अजबापुर में शुक्रवार को गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण, विधिवत पूजन एवं हवन के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मोहम्मदी श्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने अपराह्न 11:30 बजे प्रथम गन्ना वाहन की पूजा कर सत्र का शुभारंभ किया।प्रथम गन्ना वाहन ग्राम बहिरवा के कृषक श्री रामबहादुर तथा ग्राम पिपरी अजीज के किसान श्री राम महेश अवस्थी द्वारा लाया गया। तिलक लगते ही किसानों में हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ पड़ी तथा पूरे परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण छा गया। क्षेत्र के सैकड़ों किसान व मिल कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अधिशाषी निदेशक आर.एल. टामक, सीओओ आशुतोष त्रिपाठी, इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह, समूह की अन्य इकाइयों के प्रमुखगण, गन्ना समितियों के चेयरमैन – राजेन्द्र मिश्र (मैगलगंज), अखिलेश त्रिवेदी (जे.बी.गंज), हितेन्द्र सिंह, त्रिवेन्द्र सिंह, महेन्द्र पाल, सचिवगण एवं मिल के सभी विभागों के अधिकारी व क्षेत्र के तमाम गण मान्य किसान मौजूद रहे।अयोध्या से पधारे आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन एवं हवन संपन्न कराया गया। किसानों ने गन्ना सत्र के सफल संचालन की मंगलकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने डीसीएम श्रीराम लिमिटेड प्रबंधन को पेराई सत्र के 29वें वर्ष में प्रवेश करने पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह संस्था सदैव किसानों के हित में कार्य करती रही है। साथ ही उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में की गई वृद्धि का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश के करोड़ों गन्ना किसानों के जीवन में नई मिठास घोलने वाला साबित होगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अजबापुर चीनी मिल अपने उत्कृष्ट संचालन, तकनीकी नवाचार और किसान-हितैषी नीतियों के बल पर इस सत्र में भी प्रदेश की अग्रणी इकाई बनी रहेगी।अधिशाषी निदेशक ने इस मोके पर किसानों से अनुरोध किया की वह कम क्षेत्र फल में अधिक से अधिक गन्ने की उपज प्राप्त करे और समूह द्वारा चलाये जा रहे उपज बढ़ाओ अभियान में ज्यादा से ज्यादा भागी दारी सुनिश्चित करें।इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह ने किसानो को समय से पूर्व गन्ना भुगतान चीनी मिल पूर्व की भांति करता रहेगा।इस अवसर पर गन्ना विभाग प्रमुख एच.के. त्रिपाठी, एच.आर. हेड के.एन. राय, डीजीएम (केन) ए.के.एस. बघेल, रमेश चौधरी, शेर सिंह राठौर, सूर्य प्रकाश मिश्र, अरविन्द सिंह सहित हजारों किसान व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एकता के संदेश के साथ सरदार पटेल की मनाई गई 150वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कस्बे में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया कोतवाल महेश चंद ने कोतवाली परिसर में कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई उसके बाद थाने से मुख्य चौराहे पहुंचे सुबह 8 से 10 बजे के बीच दौड़ का आयोजन हुआ जिसमें कस्बे के जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता अध्यापकों सहित बच्चों में खासा उत्साह दिखा इसी दौरान मुख्य चौराहे से एब्लॉन पब्लिक स्कूल से होते हुए पुनः मुख्य चौराहे पर वापस आए जबकि कोतवाल महेश चंद्र ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बिस्किट व पानी की बोतल का वितरण किया सुरक्षा और सुविधा का ध्यान विशेष ध्यान रखा गया साफ सफाई के उद्देश्य से नगर पंचायत कर्मचारी भी रहे इस अवसर पर दौड़ की अवधि 45 मिनट व दूरी करीब एक से डेढ़ किलोमीटर रही मार्ग का चिन्हांकन कर दिशा संकेतक का प्रयोग किया गया कार्यक्रम स्थल के आसपास मेडिकल टीम व एंबुलेंस भी मुस्तैद रही प्रतिभागियों के लिए पीने का पानी व नाश्ता मौजूद रहा दौड़ के मार्ग पर यातायात व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी भी तैनात रहे इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक आदित्य यादव उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह दीवान लवकुश यादव हरिकेश राय सिपाही माधव यादव अनिल कुमार प्रशांत अंकित सहित अन्य विभागों के भी कर्मचारी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय एकता से जोड़कर देश को मजबूत बनाने में सरदार पटेल की अहम भूमिका: डीएम

जन एक्सप्रेस | हरदोई




सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती को राष्ट्रीय एकता के रूप में 150 यूनिटी मार्च-एक भारत आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत नगर के अम्बेडकर पार्क से आयोजित विशाल जनपद स्तरीय पदयात्रा को मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष,भाजपा जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष तथाजिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले अम्बेडकर पार्क में स्थापित डा0 अम्बेडकर की मूर्ति पर डीएम सहित सभी ने माल्यार्पण किया तथा पार्क में झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। पदयात्रा अम्बेडकर पार्क से प्रारम्भ होकर डीएम चौराहा, अटल चौक से रोडवेज बस स्टाप होते हुए गांधी भवन परिसर में समाप्त हुई, पदयात्रा में जिलास्तरीय अधिकारी एवं भारी संख्या में विभिन्न स्कूल एवं कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सरदार पटेल जी की जयंती पर गांधी भवन परिसर में सरदार / 150 यूनिटी मार्च के तहत स्वास्थ्य, खादी ग्रामोघोग, जिला उद्योग, आयुष्मान,आजीविका मिशन, नगर पालिका आदि विभागों द्वारा लगायी गयी प्रर्दशनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन तथा डीएम अनुनय झा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया तथा सभी ने स्टालो का अवलोकन किया, तथा प्रांगण मे जनप्रतिनिधियों व डीएम ने वृक्षारोपण किया। इसके उपरान्त सरदार / 150 यूनिटी मार्च कार्यक्रम के तहत गांधी भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने जीवन में जो भी कार्य किये वह देश एवं देशवासियों की एकता एवं अखंण्डता के लिए किया।भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल से सीख लेकर हम सभी को देश की एकता एवं अखंण्डता के प्रति समर्पित रहना चाहिए और प्रत्येक कार्य देश हित में करना चाहिए। इस अवसर पर डीएम अनुनय झा ने सरदार पटेल जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद एक के तहत भारत देश के समस्त राज्यों को मिला एक यूनियन बना, जिसमें अलग-अलग भाषा, पहनावा, रहन-सहन, खान-पान आदि विभिन्नता थी, जिसे जोड़ने के लिए सरदार बल्लभ भाई पटेल ने राष्ट्रीय एकता व अखंण्डता का अभियान चलाया और देश के विभिन्न राज्यों में विभिन्न भाषाये, पहनावा, रहन-सहन, खान-पान आदि होने के बाद भी समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय एकता से जोड़कर देश को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई, इसलिए सरदार पटेल को लौह पुरूष कहा जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व समस्त भाजपा पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं स्कूल व कालेज के छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत अध्यक्ष ने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलायी, कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत एवं मनमोहक देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये गये तथा अन्त में मुख्य अतिथि ने पटेल जयंती पर उत्कृष्ट करने वाले युवक-युवतियों का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी,एसडीएम सुशील कुमार मिश्रा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति, भाजपा के पदाधिकारी, पत्रकार बन्धु तथा विभिन्न विद्यालयों के छा-छात्रायें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के तहत सभी नगर पालिका, नगर पंचायतों मे सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर मार्ल्यपण किया।

# पिता की हत्या का आरोपी पुत्र व साथी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | शाहाबाद




खेत बिक्री के रुपए न मिलने के कारण एक बेटे ने अपने पिता की हत्या कर चोरी का नाटक रच कर कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।लेकिन शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने बारीकी से जांच पड़ताल कर 27 दिन बाद घटना का खुलासा करते हुए हत्यारे बेटे उसके साथी एक बालाचारी को गिरफ्तार कर लिया।इस हत्या में नामजद गांव के अन्य बेकसूर ग्रामीण जेल जाने से बच गए। जानकारी के अनुसार बीती 3/4 अक्टूबर की मध्य रात्रि आगमपुर तिराहा पर होटल रखने वाले 65 वर्षीय राम सुरेश खेत में खून से लथपथ पड़े मिले थे।अगले दिन बेटे विवेक ने दुकान विवाद के चलते कुरसेली गांव के कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।तथा राम सुमेर को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया गया था। जहां 5 अक्टूबर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना संदिग्ध प्रतीत होने पर जांच के 27 दिन बाद शुक्रवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए विवेक पुत्र राम सुरेश,अमन पुत्र बहोरन एवं एक बाल अपचारिक को गिरफ्तार कर लिया। विवेक ने बताया उसके पिता राम सुरेश ने कुछ खेत बेचा था जिसके पैसे मांगने पर वह गाली-गलौज करते थे और बड़ी बहू को पैसे देना चाहते थे। जिससे विवेक काफी नाराज था। पैसे के लालच में उसने अमन के साथ मिलकर योजना बनाई और 3/4 अक्टूबर के मध्य रात्रि में लोहे की सरिया और डंडों से पिता को लहूलुहान करके धान के खेत में फेंक दिया और पड़ोस की ही एक दुकान के तालों को सरिया डालकर तोड़ दिया ताकि चोरी की घटना मानी जाए। विवेक स्वयं अपने डाला से अपने पिता को लेकर सीएचसी गया। वहां पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने पूछताछ की। पूछताछ में प्रभारी निरीक्षक को मामला संदिग्ध लगा। इलाज के दौरान राम सुरेश की मौत होने के बाद पुलिस ने विवेक कुमार और अमन को जेल भेज दिया।जबकि बाल अपचारी पुलिस की कस्टडी में है। विवेक और उसके साथी के पास से 1 लाख 60, 000 रुपए के नगदी, मृतक का मोबाइल बरामद हुआ।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी रैली व पदयात्रा का आयोजन



जन एक्सप्रेस | हरदोई

अरवल थाना पुलिस ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कार्यवाहक थानाध्यक्ष अमित सिंह द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों व बिहारी लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनपुर की छात्र-छात्राओं द्वारा चौंसार तक पैदल यात्रा निकाल कर सरदार वल्लभभाई पटेल को याद किया गया। विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर सरदार पटेल के स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री होने के साथ-साथ भारत देश को एक सूत्र में बांधने तथा एकता एवं अखंडता के प्रतीक लौहपुरुष के रूप में याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

जन एक्सप्रेस | शाहाबाद




ब्लॉक संसाधन केंद्र भरखनी में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।शुभारंभ धीरेंद्र प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष, द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार द्विवेदी , खंड विकास अधिकारी भरखनी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरेंद्र प्रताप सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस कुशलता और दृढ़ निश्चय से देश की रियासतों का एकीकरण किया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज के दिन हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार द्विवेदी ने कहा राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब समाज में एकता और समरसता हो। सरदार पटेल का जीवन हमें यही सिखाता है कि एकजुट होकर ही हम हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। डा. सुनील कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हम सबको याद दिलाता है कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। हमें अपने कर्तव्यों के माध्यम से इस एकता को और सुदृढ़ बनाना चाहिए। इस अवसर पर एडीओ पंचायत, पुलिस विभाग के अधिकारीगण, प्रधानगण, शिक्षकगण, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात ब्लॉक संसाधन केंद्र भरखनी से ÷राष्ट्रीय एकता मार्च÷ का आयोजन किया गया। मार्च में सभी प्रतिभागियों ने तिरंगा ध्वज लेकर देशभक्ति नारों के साथ एकता, सद्भावना एवं राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। यह एकता यात्रा ब्लॉक संसाधन केंद्र भरखनी परिसर से आरंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए विकास खंड भरखनी पर समाप्त हुआ।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने देश की अखंडता, सुरक्षा एवं समरसता के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। डा. सुनील कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सरदार पटेल के विचार सदैव हमें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

# राष्ट्र की एकता, अखण्डता और अक्षुण बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा: डीएम

जन एक्सप्रेस | हरदोई



सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम अनुनय झा एवं एडीएम वि़रा0 प्रियंका सिंह के साथ सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यापर्ण किया तथा डीएम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए कहा कि ''मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हू कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और अक्षुण बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी प्रयास करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका, मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा करने के लिए अपना योगदान करने का सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं। इस अवसर पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## छात्र ने जहर खाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नगर के मोहल्ला कागजीपुरा में विधि के छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

नगर के मोहल्ला कागजीपुरा निवासी गौरव मिश्रा 30 वर्ष ने शुक्रवार को किन्हीं कारणों से घर में ही विषाक्त पदार्थ खा लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ी और उसने उल्टियां करना शुरू कर दी और वह अचेत हो गया। पुत्र की हालत बिगड़ते देख परिजनों में कोहराम मच गया और कुछ शंका होने पर परिजन युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां पर डॉ. शेख ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

बताया गया कि छात्र के पिता पूर्व बारसंघ अध्यक्ष रह चुके है और वह विधि का छात्र था। मृतक तीन भाई दो बहनों में दूसरे नम्बर का था।युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसके बारे परिवार के लोग कुछ भी नहीं बता सके। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# डीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई एकता की शपथ



जन एक्सप्रेस | उरई

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एकता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीएम ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। शपथ में सभी ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और देशवासियों के बीच एकता का संदेश प्रसारित करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता, संगठन क्षमता और अटूट संकल्प से ही आज भारत एक सूत्र में बंधा हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता और अखंडता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, एडीएम न्यायिक योगेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एसडीएम न्यायिक विशेश्वर यादव, हेमन्त पटेल आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे, उन्होंने एकता व सद्भाव की भावना को बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

## शिवप्रताप हिन्दू वाहिनी संघ के जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**जनएक्सप्रेस/हरपालपुर।** हरपालपुर,हरदोई।हिन्दू वाहिनी संघ की संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू राखी द्वारा शिवप्रताप को हरदोई जनपद की कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है।संघ द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि वह हिन्दू धर्म के प्रचार प्रसार तथा उनके स्वाभिमान हेतु कार्य करेंगे।तथा हिन्दू हित के लिए संघ में लोगो को जोड़कर हिन्दू एकता को बल प्रदान करेंगे।शिव प्रताप के मनोनयन पर उनके समर्थक ब्रजेश सिंह टिंकू,आलोक सिंह प्रिंस,अमित कुमार सिंह,सहित तमाम लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



## सरदार पटेल की जयंती पर निकाली जाएगी 8 किमी एकता यात्रा

**जनएक्सप्रेस/हरपालपुर।** लौहपुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य सवायजपुर विधानसभा के हरपालपुर मंडल में आयोजित होने वाली आठ किलोमीटर लंबी एकता यात्रा की तैयारियों को लेकर कस्बे के एक निजी गेस्ट हाउस बैठक संपन्न हुई। शुक्रवार को आयोजित बैठक में यात्रा की विस्तृत रूप रेखा तय की गई।यात्रा हरपालपुर कस्बे से शुरू होकर चौसार गांव तक आयोजित की जाएगी। 8 किलोमीटर यात्रा के दौरान प्रत्येक 2 किलोमीटर पर विश्राम पड़ाव बनाए जाएंगे।यात्रा का अंतिम पड़ाव चौंसार गांव में होगा।जहां एक भव्य जनसभा का आयोजन किया जायेगा।वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा देश की एकता और अखंडता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि डॉ.रजनीश त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश मिश्रा,मंडल अध्यक्ष कमलेश पाल,अभिराम सिंह,रामप्रताप पांडेय,गजेंद्र सिंह,रंजन गुप्ता,राजेश तिवारी,अवनीश द्विवेदी,धर्मपाल सिंह, ज्ञानू सिंह,संजू पाठक आदि मौजूद रहे।

# गोलीकांड में जिला पंचायत अध्यक्ष के पति, पुत्र व बाउंसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | उरई

बावर्ची की गोली लगने से हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने जिला पंचायत अध्यक्ष के पति, पुत्र व बाउंसर के खिलाफ हत्या, एससी एसटी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर ली है। हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने से राजनैतिक गलियारों में भी चर्चा तेज हो गई है।

मध्य प्रदेश के भांडेर के नई बस्ती निवासी महेश अहिरवार 40 वर्ष खाना बनाने का काम करता था।।बताया गया कि 24 अक्तूबर को वह कोंच नगर में स्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन निरंजन पति देवेंद्र निरंजन उर्फ छुन्ना के आशीर्वाद होटल में बावर्ची का काम करने आया था। बुधवार की रात उसकी सीने में रिपीटर बंदूक की गोली लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को कमरे में बावर्ची का शव बेड पर रक्तरंजित हालत में पड़ा मिला था। मामले में मृतक के भाई ने उसकी हत्या करने का आरोप लगाया था। गुरुवार की रात मृतक की पत्नी नंदनी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति महेश होटल का काम अच्छे से जानता था। इसी बात को लेकर होटल मालिक हिमांशु निरंजन पुत्र देवेंद्र निरंजन ने महेश से हमेशा के लिए होटल में काम पर लग जाने की बात कही थी। जब महेश ने प्रस्ताव ठुकरा दिया, तो हिमांशु ने यह बात अपने पिता को बताई और जबरन होटल में रहकर काम करने का दबाव बनाया। पत्नी ने बताया कि महेश ने खुद अपने घरवालों को फोन पर यह बात बताई थी। पत्नी का आरोप है कि बुधवार की रात हिमांशु, उसके पिता देवेंद्र, गार्ड संदीप और तीन-चार अज्ञात लोग होटल में पहुंचे और महेश को धमकाकर जबरन होटल में रहकर काम करने को कहा होगा। जिसके मना करने पर उन्होंने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने देवेंद्र निरंजन, उसके पुत्र हिमांशु निरंजन और गार्ड संदीप के खिलाफ हत्या, एससी/एसटी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर ली है। बताया गया कि सुमन निरंजन भाजपा की वरिष्ठ नेत्री और 2016 से 2020 तक जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। अब उनके परिवार पर लगे ये गंभीर आरोप प्रशासन और पार्टी दोनों के लिए चुनौती बन गए हैं। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## शॉर्ट सर्किट के चलते पशुबाड़े में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द में बीती रात पशुपालक के बाड़े में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। जिसमें तीन भैंसों की झुलसकर मौत हो गई, जबकि वहां रखा भूसा भी जलकर तवाह हो गया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैसारी खुर्द गांव में गुरुवार की रात पशुपालक तुलाराम अहिरवार के पशुबाड़े में अचानक रात के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। बताया गया कि आग से तीन भैंसों की मौके पर मौत हो गई और करीब बीस कुंतल भूसा जलकर खाक हो गया।शुक्रवार की सुबह पशुपालक भैंसो का दूध निकालने के लिए पशुबाड़ा पहुंचा। जहां पर देखा कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से उसकी तीन भैंसो की मौके पर मौत हो गई। करीब बीस कुंतल भूसा जलकर खाक हो गया। जिससे पीड़ित पशुपालक का करीब दो लाख रुपए का नुकसान होना बताया गया है। हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। पीड़ित ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## जब क्रिकेट रुका, संगीत बजा, कोका-कोला इंडिया ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमी-फाइनल को दी नई ताज़गी

जन एक्सप्रेस | आगरा

नवी मुंबई में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल के दौरान, कोका-कोला के हाफटाइम कैंपेन ने मजेदार तरीके से वापसी की। इसने मैच के ब्रेक को मौसम के जोश का जश्न बना दिया। जब दर्शक गाने गाने लगे और खुशी से चिल्लाने लगे, तो यह ब्रेक ताजगी लाने, जश?न मनाने और दोस्तों से जुड़ने का पल बन गया। कोक स्टूडियो भारत के गाने और ठंडी कोका-कोला की झागदार फिज़ के साथ, हाफटाइम मैच जितना ही रोमांचक हो गया।

मध्य पारी के ब्रेक में आदित?य गढ़वी ने सभी का ध?यान आकर्षित किया। उन्होंने भीड़ को खलासी गाने से खुश किया, जो खोजबीन का एक कान?स लायंस पुरस्कार जीतने वाला लोकप्रिय गीत है। साथ ही ÷मीठा खारा÷ भी सुनाया, जो गुजरात की लोक संस्कृति को समर्पित एक जोशीला गाना है। यह शो कोक स्टूडियो भारत की असली भावना को दिखाता है। यह कोका-कोला का नया संगीत प्लेटफॉर्म है, जो भारत के गांवों और छोटे शहरों के लिए बनाया गया है। यह असली इलाकाई कलाकारों का सम्मान करता है और लोकल म्यूजिक को दुनिया भर के लोगों तक पहुंचाता है। इसकी सच्चाई पर जोर देने वाली नीति ने इसे भारत में संगीत को सबके लिए खोलने का सबसे अच्छा जरिया बना दिया है। इससे घरेलू टैलेंट दुनिया के बड़े स्टेज पर अपनी आवाज बुलंद कर पाते हैं। आदित?य गढ़वी ने कहा, हर दिन आपको आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जैसे मंच पर प्रदर्शन करने का मौका नहीं मिलता, जहां पूरा देश देख रहा हो और तालियां बजा रहा हो। कोक स्टूडियो भारत के साथ, मैं उन गानों को एक ऐसी जगह जहां क्रिकेट प्रशंसक देख रहे हैं और तालियां बजा रहे हैं, ला रहा हूं जिन?हें सुनकर मैं बड़ा हुआ हूं । यह देखकर अच्छा लगता है कि हमारा संगीत इतने जीवंत तरीके से लोगों तक पहुंच रहा है। शांतनु गंगाने, आईएमएक्स (इंटीग्रेटेड मार्केटिंग एक्सपीरियंस) लीड, कोका-कोला आईएनएसडब्ल्यूए ने कहा, लाइव स्पोर्ट्स के दौरान लोगों के अनुभव बदल रहे हैं, क्योंकि आज के फैंस आपस में जुड़ना चाहते हैं।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस | उरई



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जालौन में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया।पुलिस लाइन से टाउन हॉल तक निकली यह दौड़ राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सद्भाव का संदेश देती नजर आई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। रन फॉर यूनिटी में युवाओं, स्कूली छात्रों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। दौड़ के दौरान ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। विधायक सदर ने कहा कि पटेल जी ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत नींव दी है। उनके आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन राष्ट्र भावना और आपसी सौहार्द को और सशक्त करते हैं। एसपी ने कहा कि जनसमूह ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर पुलिस लाइन से टाउन हॉल तक लगभग 3 किलोमीटर की भव्य रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारी राष्ट्रीय एकता अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

# तरणताल निर्माण में सुस्ती पर डीएम सख्त, ठेकेदार को नोटिस



जन एक्सप्रेस | उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को इंदिरा स्टेडियम स्थित तरणताल के सौंदर्यीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य में धीमी गति पाये जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित संस्था को नोटिस निर्गत करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि 15 नवम्बर तक कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए, अन्यथा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, क्रीड़ा अधिकारी, कार्यदायी संस्था आदि मौजूद रहे।

# महराजगंज महोत्सव का भव्य आगाज़

- तीन दिनों तक सजेगी सांस्कृतिक, सामाजिक और रचनात्मक महफिल
- डीएम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर संबंधित को दिए सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद महराजगंज में आज से शुरू हो रहा तीन दिवसीय महराजगंज महोत्सव जिले के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन में नई ऊर्जा का संचार करने जा रहा है। पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित हो रहे इस भव्य आयोजन में स्थानीय परंपराओं, लोककला, हस्तशिल्प, कृषि उत्पादों और व्यंजनों की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए जिला प्रशासन ने आगंतुकों के स्वागत के लिए व्यापक इंतज़ाम किए हैं।

> महराजगंज महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जिले की पहचान और गौरव का प्रतीक है। कार्यक्रम को लेकर सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी और तत्परता से निभाए, इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले हर आगंतुक को स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक वातावरण मिले। यह आयोजन जिले की संस्कृति को नई ऊंचाई देगा और पर्यटन व आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगा।
>
> **'संतोष कुमार शर्मा**
> **जिलाधिकारी, महराजगंज**

### केंद्रीय मंत्री ने किया महोत्सव का शुभारंभ

तीन दिवसीय महराजगंज महोत्सव का शुभारंभ भव्यता के साथ होगा। इस सांस्कृतिक आयोजन का उद्घाटन भारत सरकार के केन्द्रीय वित्त एवं राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा किया जाएगा। उनके साथ क्षेत्र के सभी विधायकगण भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह का आरंभ प्रातः 11ः00 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा, जो भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है। इसके पश्चात स्वागत गीत, अतिथियों का सम्मान और उद्घाटन भाषणों की श्रृंखला चलेगी। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया है, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं और सांस्कृतिक दलों की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजनों की झलक देखने को मिलेगी।

**डीएम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर, दिए सख्त निर्देश** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर मंच, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, खोया पाया केंद्र, विद्युत व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन में किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहे और आगंतुकों को एक बेहतर अनुभव मिले। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### स्थानीय और राष्ट्रीय कलाकार करेंगे प्रस्तुति

महराजगंज महोत्सव में जिले की लोकसंस्कृति, कला और प्रतिभा को मंच मिलेगा। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से महफिल को सजाएंगे। लोकनृत्य, लोकगायन, नाटक, कवि सम्मेलन और संगीत संध्या जैसे विविध कार्यक्रम दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

### विकास योजनाओं की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र

महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, ताकि आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके। साथ ही जिले के कारीगरों और उद्यमियों के लिए अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जिससे स्थानीय उद्योग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### तीन दिन तक रहेगी महोत्सव की रौनक

तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में हर शाम नई थीम पर आधारित कार्यक्रम होंगे। शहर और ग्रामीण अंचलों से लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। ऐसे में महराजगंज महोत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम बनेगा, बल्कि जिले की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान भी दिलाएगा।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर ठूठीबारी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

## पुलिस और एसएसबी जवानों ने दिया एकता का संदेश, स्थानीय नागरिकों की रही सहभागिता

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार की सुबह भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन एवं 22वीं बटालियन के एसएसबी जवानों ने संयुक्त रूप से ÷रन फॉर यूनिटी÷ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

एसएसबी बीओपी कैंप परिसर से प्रारंभ हुई रन फॉर यूनिटी रैली ठूठीबारी उपनगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नो मैंस तक निकाली गई। इस दौरान पुलिसकर्मी, एसएसबी जवान एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ और ÷एकता में ही शक्ति है÷ जैसे नारे लगाकर वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

इस अवसर पर ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए हमें एकता और समरसता के मूल्यों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। वहीं 22वीं बटालियन एसएसबी के अधिकारी ने बताया कि यह दौड़ युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करती है और समाज में एकता का संदेश देती है।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई और सभी को सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। पुलिस और एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से सीमा तैनात सुरक्षा बलों और स्थानीय नागरिकों के बीच सौहार्द और सद्भाव भी मजबूत होता है।

# पुलिस लाइन में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन: एसपी ने दिया एकता व अखंडता का संदेश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में शुक्रवार को पुलिस लाइन में भारत को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए पुलिस की ओर से रन फॉर यूनिटी का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता और सद्भाव का संदेश प्रसारित करना था। पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस लाइन से दौड़ का शुभारंभ किया। यह दौड़ राजापाल टंकी चौराहा, श्रीराम तिराहा और घंटाघर चौराहा होते हुए वापस पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं दौड़ में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ के नारे लगाए और सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण में अमूल्य योगदान को याद किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस ने नागरिकों को देश की एकता और अखंडता के लिए सदैव एकजुट रहने का प्रेरक संदेश दिया। इस दौरान एसपी दीपक भूकर ने कहा कि भारत को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष की संज्ञा पाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस है. सरदार पटेल ने जिस तरह से पूरे भारत को टूटने से बचाते हुए उसे एक किया, यह एक लौह पुरुष ही कर सकते थे, जिस तरीके से सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजूट किया, उसी का मैसेज देने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेंद्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय, सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ) प्रशांत राज, क्षेत्राधिकारी लाइन शिवनारायण वैस सहित अन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी और रिक्रूट आरक्षी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर लौह पुरुष को नमन, निकली एकता की पदयात्रा

- केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी ने दिलाई एकता की शपथ, युवाओं से देशभक्ति और अनुशासन अपनाने का आह्वान

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, फरेन्दा विधायक विरेंद्र चौधरी, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सरदार पटेल के अदम्य साहस और दूरदर्शी नेतृत्व को नमन करते हुए कहा कि सरदार जी ने अपने दृढ़ संकल्प और संकल्पशक्ति से भारत को अखंड राष्ट्र के रूप में एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ भी दिलाई। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में युवाओं से अनुशासन, देशभक्ति और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी जिला महोत्सव की तैयारियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी भी साझा की। इसके उपरांत मंत्री पंकज चौधरी ने यूनिटी मार्च (पदयात्रा) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पदयात्रा सदर ब्लॉक परिसर से प्रारंभ होकर शहर की मुख्य सड़कों से होते हुए पी.जी. कॉलेज प्रांगण तक निकाली गई। पदयात्रा में मंत्री, विधायकगण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, एडीएम, भाजपा पदाधिकारी, पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स एवं आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सक्सेना चौक पहुंचकर प्रो. सिब्बन लाल सक्सेना की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की।राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले में एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का संदेश गूंजता रहा।

### दी पैरामाउंट अकादमी स्कूल में मनाया सरदार पटेल की जयंती

दी पैरामाउंट अकादमी में देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शहादत दिवस भी श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल एवं इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर संविधान निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका पर विशेष संवाद और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा सिंघानिया ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बारडोली सत्याग्रह के माध्यम से उन्होंने किसानों के अधिकारों की रक्षा की और इसी आंदोलन के बाद उन्हें सरदार' की उपाधि प्राप्त हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### लौह पुरुष सरदार पटेल को श्रद्धांजलि, एकता की शपथ ली

नौतनवा प्रतिनिधि के अनुसार- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को नौतनवा नगर पालिका कार्यालय में श्रद्धांजलि व शपथ समारोह आयोजित किया गया। पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी व अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार सरोज ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि आज का सशक्त भारत पटेल जी के लौह-संकल्प का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रधान लिपिक रमाशंकर सिंह, सभासद धर्मात्मा जायसवाल, अनिल मद्धेशिया, राकेश जायसवाल सहित अनेक कर्मचारी व नागरिक मौजूद रहे।

# समितियों में उर्वरक वितरण अनियमितता पर होगी कार्यवाही: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सहकारिता विभाग के समस्त समिति सचिवों, एडीओ एवं एडीसीओ की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। किसान बन्धु की समीक्षा बैठक में उर्वरक वितरण में अनियमितता के सम्बन्ध में उठाये गये मुद्दों के दृष्टिगत एआर कोआपरेटिव देवेन्द्र बर्मन द्वारा सर्वप्रथम जनपद में उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं आगामी रैक के बारे में जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समिति सचिवों से किसानों की जोत (रकबा) चेक करने के तरीके के विषय में जानकारी ली गयी, जिस पर कुछ सचिवों द्वारा खतौनी के विवरण को समझने में आ रही समस्या से अवगत कराया गया। जिसपर तत्काल सचिवों की खतौनी पढ़ने के सम्बन्ध में एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उर्वरक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के विषय पर भी दिशा निर्देश दिये गये। सभी सचिवों को निर्देशित किया गया कि अत्यधिक भीड़ को देखते हुए टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण किया जाये तथा वितरण रजिस्टर में किसान के रकबे का विवरण अवश्य अंकित किया जाये। साथ ही प्रमुख सचिव कृषि के निर्देश के क्रम में किसानों को उर्वरक वितरण किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आगामी उर्वरक वितरण के दौरान लेखपाल एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की भी ड्युटी लगायी जायेगी जिससे पारदर्शी तरीके से नियमानुसार शांतिपूर्वक ढंग से उर्वरक वितरण सम्पन्न कराया जा सके। अन्त में सीडीओ ने सभी सचिवों को सचेत करते हुए निर्देशित किया कि जनपदीय अधिकारियों की ड्युटी लगाकर रैण्डम आधार पर समितियों के उर्वरक वितरण की जांच करायी जायेगी तथा वितरण में अनियमितता पाये जाने पर दोषी सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### छ्द्वश्व्द्वड्ड ह्द्व2ह्य- धोबी और परसिया बंशी गांव में हुए विवाद में पांच पर केस

**देवरिया।** सिसवार गांव में एक वृद्ध महिला का इलाज करने पहुंचे झोलाछाप डॉक्टर पर बुधवार को धारदार हथियार से हुए जानलेवा हमले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को धोबी गांव के पांच आरोपियों के केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस बुधवार की पूरी रात हमलावरों की धड़पकड़ के लिए जगह-जगह दबिश देती रही। बताते चलें कि पुलिस इस मामले में पांच संदिग्धों को हिरासत में ले रखा है। उन्हीं के माध्यम से पुलिस हमलावरों की धड़पकड़ में जुटी है। उधर, घायल झोलाछाप का मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, परसिया बंशी उर्फ भरथुआ गांव निवासी गोलू गुप्ता (27) पुत्र महेश गुप्ता गांव के चौराहे पर मेडिकल स्टोर की दुकान चलाता है और घूम-घूमकर लोगों का इलाज भी करता है। बुधवार को वह क्षेत्र के सिसवार गांव निवासी रामप्यारे यादव के घर उनकी पत्नी बेइला देवी उम्र करीब 65 वर्ष को इंजेक्शन लगाने गया था।

# एसपी दीपक भूकर ने जागरूकता कार्यक्रम में नये कानूनों पर दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जनपद में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा नये आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूकता अभियान कार्यक्रम में जानकारी दी गयी। यह कार्यक्रम नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के मुनीश्वर दत्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को संबोधित करते हुए नए कानूनों के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन कानूनों का लक्ष्य केवल अपराधियों को दंडित करना ही नहीं, बल्कि न्याय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और पीड़ित-केंद्रित बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि वे कानूनी व्यवस्था में सहयोगी बन सकें। साथ ही उन्होंने भारतीय न्याय संहिता- 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता- 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम- 2023 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि नए कानूनों में जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर की प्रक्रिया को मजबूत किया गया है। इनमें समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने, महिला और बाल संरक्षण से संबंधित नए प्रावधान लागू करने, तकनीकी और फोरेंसिक साक्ष्यों के अनिवार्य उपयोग को बढ़ावा देने तथा पीड़ित-केंद्रित न्याय प्रणाली को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया है। इस दौरान एसपी द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे नये कानूनों की जानकारी प्राप्त करें, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा विधि-व्यवस्था के पालन में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# सीडीओ ने विकास भवन का किया आकस्मिक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान खुली पोल, 22 कर्मचारी अनुपस्थित

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में शुक्रवार को सुबह साढ़े दस बजे मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण शुरू कर दिया। निरीक्षण के दौरान कई अधिकारियों व कर्मचारियों की कुर्सियां खाली मिलीं। यह देख सीडीओ का पारा चढ़ गया। जैसे-जैसे वह आगे बढ़ती गईं, पोल खुलती गई। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के चार, मत्स्य विभाग के दो, पिछड़ा वर्ग व दिव्यांगजन विभाग के एक, लघु सिंचाई विभाग के एक, युवा कल्याण विभाग के एक, पशुपालन विभाग के एक, कृषि विभाग के एक, कौशल विभाग के एक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के एक, समाज कल्याण विभाग के एक, पंचायती राज विभाग के छः तथा एनआरएलएम विभाग के दो अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। इस पर सीडीओ ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुये अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से तीन दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। सन्तोषजनक कारण न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की भी बात कही। उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और सभी कार्यालयों के अंदर फाइलों के रखरखाव से लेकर दूसरे इंतजाम भी देखे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना किसी अवकाश के कार्यालय से अनुपस्थित न रहें।

### डीएम ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलायी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ

**ब्यूरो, जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद में शुक्रवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी व अन्य अधिकारियों, अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्र के प्रति एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाते हुए कहा कि 卐मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ卐। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लौह पुरूष की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है कि विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में सरदार पटेल जी का अप्रतिम योगदान है।

# भाजपाइयों ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जनपद में शुक्रवार को भारतरत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी पदयात्रा शहीद उद्यान से शुरू होकर पुलिस लाइन चौराहे तक निकाली गई। इस अवसर पर सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद राघवेन्द्र सिंह ने उनको याद करते हुए कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरदार पटेल एक ऐसे नेता थे जिन्होंने केवल अपनी इच्छाशक्ति और राजनीतिक बुद्धि के बल पर 562 रियासतों को एकजुट कर भारत को टूटने से बचाया था। यही कारण है कि उनके मजबूत नेतृत्व की वजह से उन्हें लौहपुरुष भी कहा गया। पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल देश की एकता के सूत्रधार थे। जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने उनको याद करते हुए कहा कि आजाद भारत में सरदार पटेल पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय सिविल सेवाओं के महत्व को बखूबी समझा और भारतीय संघ के लिए उसकी निरंतरता को आवश्यक बताया। यह सरदार पटेल का ही विजन था कि भारतीय प्रशासनिक सेवाएं देश को एक रखने में अहम भूमिका निभाएगी। जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ ने सभी बूथों पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया एवं उनको याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा नेता राकेश सिंह, जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला मंत्री नितिन केसरवानी, आलोक गर्ग, ओम प्रकाश पांडे गुड्डु, दिनेश सिंह दिन्नु, रुचि केसरवानी, नीरज ओझा, सुनील गोयल, सुनील दुबे सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी

## धान की फसल बर्बाद, गेहूं की बुआई पर भी संकट

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



मछलीशहर लगातार तीन दिनों से जारी बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। गुरुवार की रात तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने ऐसा कहर बरपाया कि शुक्रवार की सुबह मछलीशहर तहसील क्षेत्र के खेतों में किसानों की मेहनत डूबती नजर आई। कई खेतों में पकी हुई धान की फसल लोट गई, जबकि जिन किसानों ने फसल काट ली थी, उनका धान पूरी तरह भीग गया। खेतों में पानी भर जाने से फसल सड़ने का खतरा बढ़ गया है।

यह तस्वीर मछलीशहर विकास खंड के बामी गांव की है, जहां शुक्रवार सुबह किसान अपनी गिरी हुई फसल की बालियों को सड़ने से बचाने के लिए ऊपर उठा रहे थे। किसान शैलेन्द्र सिंह ने बताया, अब जब खेतों में पानी भर गया है, तो हार्वेस्टर चल पाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा नुकसान उन किसानों को हुआ है जिन्होंने हाल में धान की सिंचाई इस उम्मीद में की थी कि उसी नमी से गेहूं की बुआई भी हो जाएगी, लेकिन बारिश ने उनकी दोनों उम्मीदें तोड़ दीं।

गांव के ही किसान राजनाथ पाल अपने खेत की धराशायी फसल दिखाते हुए बोले, ऐसी तबाही की कल्पना भी नहीं की थी। मछलीशहर-जंघई हाईवे से गुजरते हुए हर गांव- मोलनापुर, गोधना, अदारी, तिलौरा, जमुहर, करौदी, भाटाडीह, कोटवां, ताजुद्दीनपुर- में यही नजारा है। कहीं खड़ी फसल गिरी पड़ी है, कहीं कटी हुई फसल पानी में सड़ रही है। सुबह अपने खेतों का हाल देखने पहुंचे किसानों के चेहरों पर मायूसी साफ झलक रही थी। उधर, खेतों में बगुलों का झुंड गिरे हुए धानों के बीच 'आपदा में अवसर' तलाशता दिखा। यही दृश्य मछलीशहर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित पवांरा, कुंवरपुर, खरुआंवा, खाखोपुर और रामपुर कला गांवों में भी देखने को मिला।

फिर भी किसानों की उम्मीदें टूटी नहीं हैं। मछलीशहर-जंघई रोड पर सुबह साढ़े सात बजे ही सैकड़ों किसान तुलापुर साधन सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए लाइन में खड़े दिखाई दिए- चेहरे उदास, मगर मन में अगले मौसम की तैयारी।

बारिश के साथ गलन भी बढ़ गई है। दो दिन पहले जो लोग टी-शर्ट में घूम रहे थे, अब स्वेटर और जैकेट निकाल चुके हैं।

मछलीशहर- वाराणसी और मछलीशहर- रायबरेली हाईवे पर रेनकोट पहने बाइक सवार भीगते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे, जबकि चारपहिया वाहन पानी के छींटे उड़ाते बेपरवाह चलते दिखे।

हार्वेस्टर चालक संतोष सिंह (महुआरी गांव) ने बताया, अगर आज बारिश थम भी जाए तो कम से कम आठ से दस दिन बाद ही खेतों में हार्वेस्टर चल पाएंगे।

बेमौसम बारिश ने किसानों पर दोहरी मार डाली है- धान की फसल बर्बाद, और सरसों, चना, मटर, आलू की बुआई भी पीछे धकेल दी गई है। अब सबकी निगाहें आसमान पर टिकी हैं- कि शायद अगली सुबह राहत लेकर आए

## किशोरी से दुराचार के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद जलालपुर क्षेत्र के सिरकोनी बाजार में पुलिस ने नाबालिग के अपहरण तथा दुराचार के आरोपी को दबोच लिया।पुलिस आरोपी को कई माह से ढूढ़ रही थी। ज्ञात हो क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग लड़की को एक लड़का अपहरण कर भगा कर ले गया था।उसके बाद लड़की के परिजनों ने 26 सितंबर 25 को सौरभ राजभर पुत्र गुलाब राजभर निवासी चितईपुर थाना जलालपुर के विरुध्द मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस तभी से ऊक्त युवक के तलाश में थी।गुरुवार की देर शाम को थाना प्रभारी गजानंन्द चौबे को मुखबिर से सूचना मिली के सौरभ राजभर ऊक्त तिराहे के पास मौजूद है।वह कही भागने के फिराक में है।उन्होंने तत्काल एस आई रामभवन यादव व अमरनाथ यादव को मय फोर्स मौके पर भेजा।वहां पर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी गजानंन्द चौबे ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया।

# सरदार सेना ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती पर निकाली भव्य संदेश यात्रा

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल को उनकी जयन्ती पर याद किया गया। शुक्रवार को सरदार सेना द्वारा बड़े बन के निकट स्थित पदमा होटल से विशाल सरदार पटेल संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा फौव्वारा चौराहा पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोडवेज स्थित पं. जवाहर लाल नेहरू प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद नगर पालिका के परिसर में स्थित बाबा साहब प्रतिमा तक पहुंची यहां से माल्यार्पण के बाद गांधीनगर होते हुये लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कुंआनो तट के निकट स्थित पटेल जी की प्रतिमा के समक्ष पहुंची। यहां माल्यार्पण के बाद आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भारतीय कुर्मी महासभा पटेल जयन्ती परिचायिका का अतिथियों ने लोकार्पण किया। महादेवा विधायक दूधराम ने हरी झण्डी दिखाकर बड़े बन से यात्रा को रवाना किया और सरदार सेना के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी बृजेश पटेल के साथ रथ पर सवार हुये। बूंदाबादी, बरसात के बीच लोगों का उत्साह देखने लायक था। मार्ग में सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे के नारे लगते रहे।

कार्यक्रम संयोजक चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि देश को आजाद कराने से लेकर गृह मंत्री के रूप में देश के निर्माण में उनके योगदान से युवाओं को प्रेरणा लेना चाहिये, वे महान नेता थे। किसान के बेटे के रूप में उन्होने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद अपनी सुविधा की जगह देश के हितों की चिन्ता किया। ऐसे महापुरूष विरले होते हैं जो संकट में बहादुरी का परिचय देते हुये विजेता बनकर उभरे। उन्होने 562 रियासतों को एकता के सूत्र में बांध कर भारत के स्वरूप को सशक्त बनाया। विधायक दूधराम ने कहा कि युवा पीढी को सरदार बल्लभ भाई पटेल जैसे महापुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिये।

सरदार सेना जिलाध्यक्ष विनय चौधरी, बस्ती सदर विधानसभाध्यक्ष आकाश पटेल, जिला संरक्षक सुरेन्द्र कुमार चौधरी 'राजा भैया' ने सरदार बल्लभ भाई पटेल जी से जुड़े अनेक प्रसंगों पर विस्तार से चर्चा करते हुये कहा कि पटेल का योगदान सदैव याद किया जायेगा। सरदार पटेल ऐसे लौह पुरूष है जिन्होने अनगिनत रियासतों को भारत से जोड़कर देश के भूगोल को समृद्ध किया। पटेल जी का समग्र जीवन देश को समर्पित रहा, नई पीढी को उनके योगदान से प्रेरणा लेते हुये आगे बढना होगा।

कार्यक्रम में प्रभाकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौधरी 'शाका', राजेश पटेल, अनिरुद्ध चौधरी,शिवा गोस्वामी, अशोक चौधरी, पुष्कर पटेल, राजेश चौधरी, अभिषेक चौधरी, प्रदीप चौधरी 'राना', अमरजीत चौधरी, उमेश चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# देश को स्थापित करने में सरदार पटेल की अहम भूमिका- अरविन्द पटेल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**





जिला मुख्यालय पर सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में लौह पुरुष, भारत रत्न, आधुनिक भारत के निर्माता, अखण्ड भारत के शिल्पकार, एकता के प्रति मूर्ति, भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर विकास भवन में स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत देश की एकता के सूत्रधार थे ऐसे महापुरुष को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृह मंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों का विलय की जिम्मेदारी उनको सौपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए छोटी-बड़ी रियासतों को भारत में विलय कराया देश के एकता के सूत्रधार थे भारत की राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी बुलाया जा नहीं सकता। सरदार पटेल नवीन भारत के निर्माता के राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी के देश के विकास में सरदार पटेल का महत्व को सदैव याद रखा जाएगा। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरव पूर्ण स्थान प्राप्त किया था। वास्तव में वे आधुनिक भारत के शिल्पी से उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता राजनीतिक तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। उनके ईमानदारी के कारण विश्व के राजनीतिक मानचित्र में उन्होंने अनोखा स्थान बना लिया। भारत की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान था।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसार मंत्री रहे इससे भी बढ़कर उनकी ख्याति भारत के राजवाड़े को शांतिपूर्ण तरीके से भारतीय संघ में शामिल करने तथा भारत की राजनीति के एकीकरण के कारण सरदार पटेल ने भारतीय संघ में उन्होंने रियासतों का विलय किया।जो सबसे प्रभुता प्राप्त थी। उनका अलग झंडा और अलग शासक था।आज देश को फिर सरदार पटेल जैसा नेता की आवश्यकता है। वर्तमान परिवेश में देखा जाए तो इस समय केंद्र व प्रदेश में चलने वाली सरकार पूरी तरह से विफल है और महापुरुषों के नाम पर राजनीतिक कर रही है। इस समय महापुरुषों के विचार धारा पर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनेता को सरदार पटेल की जीवनी पढ़ कर उनसे सीख लेनी चाहिए। इस कार्यक्रम के दौरान वृजेंद्र पटेल, विपिन पटेल, विकास पटेल, अमर बहादुर चौहान, रवि पटेल, रवि रंजन पटेल, राजकुमार पटेल, मनीष पटेल, सूरज पटेल, कौशल पटेल, अनिल पटेल, अमित पटेल, संदीप पटेल, राहुल यादव, त्रिलोकी नाथ, मुन्ना लाल, स्वतंत्रत सिंह, छोटे लाल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक जगदीश राय के प्रयास से जफराबाद को मिली विकास की सौगात

- सई नदी पर बनेगा पीपा पुल, दो स्थानों पर पुलिया व संपर्क मार्ग को हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जफराबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए खुशखबरी है। विधायक जगदीश नारायण राय के प्रयासों से क्षेत्र को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बड़ी सौगात मिली है। सरकार ने सालखपुर-गुतवन मार्ग पर सई नदी पर पीपा पुल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। यह पुल 30 लाख 74 हजार रुपये की लागत से बनाया जाएगा।

इसके साथ ही सरकार ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से दो प्रमुख नालों पर पुलिया व पहुंच मार्ग के निर्माण की भी मंजूरी दी है। विधायक जगदीश नारायण राय ने बताया कि उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के दो स्थानों पर पुलिया और संपर्क मार्ग निर्माण का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा था, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकृत कर लिया है। उन्होंने कहा कि इन पुलों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से बड़ी राहत मिलेगी। स्वीकृत परियोजनाएं इस प्रकार हैं सेहमलपुर गांव (भैंसहां बस्ती से ताला मझवारा तक) नाले पर 2म5 मीटर पुलिया एवं पहुंच मार्ग का निर्माण 86 लाख रुपये की लागत से होगा। धर्मपुर क्षेत्र के समोपुर कला यादव बस्ती संपर्क मार्ग पर 64 लाख रुपये की लागत से पुलिया का निर्माण किया जाएगा। सालखपुर-गुतवन मार्ग पर सई नदी पर पीपा पुल 30 लाख 74 हजार रुपये की लागत से बनेगा। विधायक ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं से क्षेत्र का संपर्क बेहतर होगा और विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए अनुरोध किया कि जनहित में इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

## तेज रफ्तार बनी काल, बस की चपेट में तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिले के शाहगंज थाना क्षेत्र के ताखापुर गांव में शुक्रवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार निजी बस ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में छात्र आकाश माली और सीताराम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल प्रिंस को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ अजीत सिंह चौहान सहित चार थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। सीओ अजीत सिंह चौहान ने बताया कि, मामले की जांच की जा रही है, बस और चालक पुलिस हिरासत में हैं। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को मुआवजा व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# डीआईजी ने दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ, लौह पुरुष पटेल को किया नमन

- परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती में श्रद्धा और गर्व के साथ मनाई गई 150वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) बस्ती परिक्षेत्र संजीव त्यागी ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई।

डीआईजी संजीव त्यागी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन समर्पण, त्याग और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में जोड़कर भारत की अखंडता को नई दिशा दी। आज उनके आदर्श और नेतृत्व क्षमता से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ÷एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और जब हर नागरिक इस भावना को अपने आचरण में लाता है, तभी सशक्त भारत का निर्माण संभव होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरदार पटेल ने न केवल स्वतंत्र भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि उन्होंने पुलिस प्रशासन और नागरिक सेवा तंत्र को भी मजबूत नींव दी। आज देशभर में मनाया जा रहा ÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷ हमें यह याद दिलाता है कि जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र से ऊपर उठकर हमें केवल 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को जीना है।

इस अवसर पर परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभी शाखा प्रभारी, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समारोह के अंत में देशभक्ति के नारों और एकता के गीतों से पूरा परिसर गूंज उठा, जहां हर चेहरे पर गर्व और सम्मान की चमक साफ दिखाई दे रही थी।

# चौकियां धाम में भव्य देव दीपावली का आयोजन 4-5 नवम्बर को



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जौनपुर शीतला माता चौकियां धाम में इस वर्ष देव दीपावली का आयोजन अत्यंत भव्य रूप से किया जाएगा। चौकियां धाम के महंत श्री विनय त्रिपाठी ने बताया कि यह आयोजन 4 एवं 5 नवम्बर को संपन्न होगा, जिसमें जिले और प्रदेश के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जौनपुर डॉ. दिनेश चंद्र तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुंभ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। आयोजन की विशेषता यह होगी कि इस देव दीपावली पर्व में बॉलीवुड के प्रसिद्ध हास्य अभिनेता राजपाल यादव अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और भक्तों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम में श्री स्वामी विश्वात्मानंद जी महाराज, श्री आचार्य रामचंद्र दास महाराज, सांसद श्री मनोज तिवारी, पूर्व गृह राज्यमंत्री श्री कृपा शंकर सिंह, समाजसेवी श्री मनोज सिंह, पूर्व छात्र नेता ज्ञानप्रकाश सिंह जी सहित अनेक गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

महंत श्री विनय तिवारी एवं कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतीश जयकृष्ण तिवारी ने बताया कि चौकियां धाम में इस बार देव दीपावली के अवसर पर भव्य दीपोत्सव, भजन संध्या और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। धाम परिसर में हजारों दीपों की ज्योति से माता शीतला का दरबार आलोकित होगा और समूचा क्षेत्र आध्यात्मिकता से ओतप्रोत रहेगा।

# हर्रैया में सरदार पटेल जयंती पर भव्य पदयात्रा, गूंजा- एक भारत, श्रेष्ठ भारत

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को हर्रैया विधानसभा क्षेत्र में भव्य पदयात्रा निकालकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया गया। यह पदयात्रा हर्रैया विधायक अजय सिंह के नेतृत्व में झिल्ला चौराहा रजवापुर से प्रारंभ होकर चेफवा, मेढ़ाए, फरेंदा होते हुए सरदार पटेल चौक खम्हरिया चौराहे पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के नारों से वातावरण गूंज उठा। देशभक्ति गीतों, तिरंगे झंडों और उत्साही कार्यकर्ताओं के जोश से माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।

पदयात्रा का समापन सरदार पटेल चौक पर हुआ, जहां एकता और सद्भाव के संदेश के साथ श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक अजय सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और समरसता का प्रतीक है। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना से भारत को एक सूत्र में पिरोया। कहा कि 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 से सरदार पटेल की जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। पटेल जी के आदर्श आज भी हमें राष्ट्र निर्माण में प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख विक्रमजोत कृष्ण कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि परसरामपुर श्रीश पाण्डेय, अनन्त कृष्ण पाण्डेय, श्रवण तिवारी, राजदत्त शुक्ला, शिवकेसरी वर्मा, पटवारी चौधरी, सरोज मिश्र बाबा, संतोष सिंह, संजय सिंह, वीरू, राम ललित, विनोद गुप्ता, शोभा वर्मा, सोनू पाण्डेय, अरविन्द सिंह, विपनेश पाण्डेय, राम भवन वर्मा, प्रवीण निषाद,ओमप्रकाश चौहान, अमरपाल चौधरी, योगेन्द्र पटेल, तिलकराम चौधरी, भरत लाल पटेल, अशोक वर्मा, संतराम वर्मा, रामचन्द्र निषाद, कन्हैया वर्मा, राजकिशोर वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, गोविन्द चौधरी, अखिलेश पाण्डेय, जय प्रकाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल रहे। पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गूंज उठा और हर ओर सरदार पटेल अमर रहें, एक भारत श्रेष्ठ भारत के जयघोष सुनाई दिए।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह की एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर राष्ट्रवादी नौजवान सभा के संस्थापक व पूर्व सांसद धनंजय सिंह, संरक्षक एमएलसी बृजेश सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को शहर में आयोजित जन एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। लगातार वर्षा के बावजूद लोगों में जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित यह यात्रा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई। सुबह से ही लोगों का हुजूम मोहम्मद हसन डिग्री कॉलेज परिसर में जुटने लगा। भगवान शिव के डमरू वादन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात पूर्व सांसद धनंजय सिंह और विधानपरिषद सदस्य बृजेश सिंह ने सरदार पटेल तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया। हजारों लोगों की उपस्थिति में यह यात्रा अनुशासित रूप से शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई तिलकधारी कॉलेज स्थित महाराणा प्रताप व्यायामशाला तक पहुँची, जहाँ इसका समापन हुआ। व्यायामशाला में प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश सिंह ने पूर्व सांसद का स्वागत करते हुए उन्हें विशाल माला पहनाई और सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा, सरदार पटेल ने देश को अखंडता और एकता का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर एक भारत - श्रेष्ठ भारत के निर्माण में योगदान देना होगा। वहीं एमएलसी बृजेश सिंह ने कहा, युवा वर्ग को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम का संचालन अनिल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रमुख के.डी. सिंह, पूर्व प्रमुख गप्पू सिंह, पूर्व प्रमुख आशुतोष सिंह, प्रमुख विनय सिंह, अमित सिंह टाटा,पुनीत सिंह, माँ सचिव राणा सिंह, जिलाध्यक्ष रत्नदीप सिंह, जयप्रकाश सिंह, शिवेंद्र सिंह,दुर्गेश सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस बीच यात्रा के कारण शहर में कई जगह जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस जाम से निपटने में हाँफती रही, वहीं बॉर्डर पर रोके गए कई लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

बाद में पूर्व सांसद के हस्तक्षेप से उन्हें प्रवेश मिला, लेकिन तब तक यात्रा समापन की ओर बढ़ चुकी थी। बावजूद इसके, कार्यक्रम ने एकता और सामाजिक सद्भाव का प्रभावशाली संदेश दिया।

## बेमौसम बरसात से फसल क्षतिग्रस्त होने पर 72 घंटे के अन्दर करे शिकायत: उप कृषि निदेशक



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जनपद में खरीफ 2025 सत्र के दौरान खरीफ फसले अधिसूचित की गई हैं। जनपद के कुल 20095 किसानों ने अपनी खरीफ फसल का बीमा कराया है। हाल ही में आए मोन्था चक्रवात के कारण जिले में मध्यम से भारी वर्षा हो रही है, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचना स्वाभाविक है। इस स्थिति को देखते हुए उप कृषि निदेशक हिमांशु पाण्डेय ने बीमित किसानों से अपील की है कि यदि उनकी फसल क्षतिग्रस्त हुई है तो वे क्षति की सूचना 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अवश्य दें। उन्होंने बताया कि सूचना प्राप्त होने पर संयुक्त टीम (कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि) द्वारा क्षति का सही आकलन किया जाएगा, ताकि प्रभावित किसानों को उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जा सके। जनपद में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को फसल बीमा कार्य के लिए अधिकृत किया गया है।

# सरदार पटेल की जयंती पर जिले ने मंत्री के नेतृत्व में दिया एकजुटता का संदेश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य एवं विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत तथा जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की उपस्थिति में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया द्य जनपद में ÷सरदारञ्च150-यूनिटी मार्च÷ कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अन्तर्गत मेरा युवा भारत कन्नौज द्वारा कार्यक्रम का पी0एस0एम0 डिग्री कालेज कन्नौज में दीप प्रज्वलन तथा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात् एक पेड़ मां के नाम के तहत मंत्री, अध्यक्ष जिला पंचायत, विधायक तिर्वा, जिलाधिकारी ने एक पेड़ मां के नाम लगाया द्य इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इस अवसर पर मंत्री ने पी0एस0एम0 डिग्री कालेज से बोडिंग ग्राउंड तक ÷यूनिटी मार्च÷ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूनिटी मार्च में माई भारत टोलियां, एनसीसी की टोलियां, एनएसएस की टोलियां, विद्यालयों के बच्चें, पुलिस के जावन व अधिकारिगण तथा जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे। इस दौरान राज्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के प्रथम गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल को हम ÷एकता के शिल्पकार÷ के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कूटनीतिक सूझबूझ और अद्वितीय संगठन क्षमता से देश की 567 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कराया। कहा कि स्वतंत्रता के समय अंग्रेजों की मंशा भारत को अनेक छोटे-बड़े राज्यों में विभाजित कर विखंडित छोड़ने की थी, किंतु सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय, व्यवहारिक दृष्टि और राष्ट्रहित सर्वोपरि भावना के कारण यह साजिश असफल रही। जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी बड़ी रियासतों को भी भारत में सम्मिलित कर उन्होंने सच्चे अर्थों में अखंड भारत की नींव रखी।

मंत्री ने कहा कि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। यह वही मजबूत नींव है जो सरदार पटेल ने अपने कर्म, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा से रखी थी। कहा कि आप सभी के स्नेह और आशीर्वाद से ही मुझे जनसेवा का अवसर मिला- पहले विधायक के रूप में और अब समाज कल्याण मंत्री के रूप में। समाज में जो असमानताएँ और गरीबी की विषमताएँ शेष हैं, उन्हें दूर करना ही सरदार पटेल जी के संकल्प- एकता, समानता और आत्मनिर्भरता- को साकार करने का वास्तविक मार्ग है। हम 'लोकल फॉर वोकल' के मंत्र के साथ कन्नौज और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। यही सरदार पटेल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**रन फार यूनिटी, अखण्ड भारत के लिए काम करने की शपथ के साथ लगाया एक पेड़ माँ के नाम**

अध्यक्ष, जिला पंचायत प्रिया शाक्य ने कहा कि सरदार पटेल ने ऊंच नीच का भेद भाव खत्म किया। रियासतों मे बंटे देश को एक करने का कार्य किया। तथा देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। इसलिए सरदार पटेल को लौह पुरुष कहते है। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस धरती पर सरदार पटेल जी का जन्म हुई उसी धरती पर देश के प्रधानमंत्री जी का जन्म हुआ। सरदार पटेल जी ने अखण्ड देश को एक करने का कार्य किया तो वहीं प्रधानमंत्री जी विकसित भारत देश बनाने के लिए प्रयासरत है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धाजलि होगी।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी अतिथियों, विभागीय अधिकारियों, विद्यालयों एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल जी भारतीय एकता के प्रतीक हैं, उनके अटूट साहस और संगठन कौशल के कारण ही देश एक सूत्र में बंध सका। आज जब भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है, तो सरदार पटेल के आदर्श और नीतियाँ हमें मार्गदर्शन देती हैं। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब प्रत्येक नागरिक देश की प्रगति में सहभागी बने। इस अवसर अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी वैशाली, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# डिजिटल लाइब्रेरी को समय से संचालित किया जाए : डीएम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिन्हित तीन कमरों वाली 111 ग्राम पंचायत लाइब्रेरियों को डिजिटल लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जाए। इन लाइब्रेरियों में कम्प्यूटर, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था एवं विद्युत सुविधाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एस्टिमेट शीघ्र तैयार कर आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए लाइब्रेरी क्रियाशील किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी सामुदायिक शौचालय नियमित रूप से खुले रहें तथा पंचायत भवन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुलने चाहिए। यदि किसी ग्राम पंचायत सचिव की अनुपस्थिति पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद कन्नौज की कुल 27 ग्राम पंचायतों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चाइल्ड लिमिट के रूप में ?71,92,004.00 की धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। इसके सापेक्ष 17 ग्राम पंचायतों द्वारा शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है।

हालांकि, विकास खण्ड छिबरामऊ की ग्राम पंचायत भीखमपुर सानी एवं रनधीरपुर, हसेरन की ग्राम पंचायत ऊधमपुर, जलालाबाद की ग्राम पंचायत गुधनी एवं कूलापुर, कन्नौज की ग्राम पंचायत तारामऊगढ़ी, सौरिख की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझगवा, परौर एवं सिकंदरपुर तथा वि0ख0उमर्दा की ग्राम पंचायत सरसई, कुल 10 ग्राम पंचायतों द्वारा धनराशि व्यय न कर मिशन कार्यालय को वापस कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इन ग्राम पंचायतों में कार्य समय से पूर्ण न किए जाने तथा कार्य में शिथिलता बरतने पर संबंधित सचिवों एवं प्रधानों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रकाश, जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट कर्मियों ने सरदार पटेल को किया नमन



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह बड़े ही उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देश की एकता, अखंडता और समरसता का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और दृढ़ नेतृत्व से स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। उप जिलाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सरदार पटेल के योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के अंत में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सजाई गई रंगोली प्रदर्शनी का अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने अवलोकन किया और रचनात्मकता व उत्साह की सराहना भी की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु थाना बारासवर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। पुलिस ने नये आपराधिक कानूनों के अधिक प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद उन्नाव में 03 दिवसीय ह्ष्टरु जागरूकता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 31.10.2025 को थाना बारासगवर पुलिस द्वारा कृष्णा पब्लिक स्कूल रामनेर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नये आपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विशेष रूप से 'शून्य एफआईआर' (द्ब्रह्म४ स्रद्बक्र), ध्र-स्रद्बक्र समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण संबंधी प्रावधान, नये अपराधों की परिभाषा, तथा फोरेंसिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग से जुड़े प्रावधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि नये कानून न्यायिक प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित-केंद्रित बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं से नए कानूनों के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया।

# सरदार पटेल के आदर्शों संग निकली एक भारत की पदयात्रा, 'यूनिटी मार्च' में उमड़ा जनसैलाब

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

राष्ट्र एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर जनपद में सरदार/150 यूनिटी मार्च के तहत जिला-स्तरीय पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। आइए, एकता के लिए चलें। राष्ट्र के उत्थान के लिए जगें के प्रेरक संदेश के साथ यह मार्च मुख्य अतिथि द्वारा पटेल तिराहा पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर पुष्पांजलि के उपरांत हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ हुआ, और राजकीय इंटर कॉलेज, बाराबंकी के ऑडिटोरियम तक पहुँचा। यह यात्रा एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जीवंत प्रतीक बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर रहे। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत के एकीकरण का सपना देखा था, उसे सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की जिम्मेदारी आज हम सबकी है। एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें राष्ट्रहित में संगठित होकर समाज में समरसता, सहयोग और सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने यहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि यह यूनिटी मार्च एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है। जिस तरह उन्होंने बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में पिरोया, वह एक अनूठा और आश्चर्यजनक उदाहरण है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में सरदार पटेल के योगदान को नमन करते हुए यूनिटी मार्च के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों और प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह मार्च केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की एकता और अखंडता का संदेश है। आने वाली 25 तारीख तक सरदार वल्लभभाई पटेल पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। सभी अधिकारी और प्रतिभागी अपनी जिम्मेदारियां शत-प्रतिशत निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाएं। यूनिटी मार्च में स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों, पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' जैसे नारों से पूरी बाराबंकी की गलियाँ गूंज उठीं।

रंग-बिरंगे बैनरों, तिरंगों और सरदार पटेल के चित्रों से सुसज्जित यह पदयात्रा शहर में देशभक्ति और एकता का सजीव दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, नगर अधिशाषी अधिकारी संजय शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी आदि बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देश की एकजुटता के लिए दौड़ी कन्नौज पुलिस

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरीश चन्दर, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के उपलक्ष्य में रिजर्व पुलिस लाइन में हरी झण्डी दिखाकर रन फॉर यूनिटी का शुभांरभ किया गया। जिसमें पुरूष/महिला पुलिस कर्मियों ने बढ-चढकर प्रतिभाग कर राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ लगायी गयी। रन फॉर यूनिटी पुलिस लाइन से होकर पैट्रोल पम्प से होते हुए थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बोर्डिंग ग्राउंड में समाप्त हुई। जहाँ डीआईजी द्वारा सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित कर दिया। उनका संपूर्ण जीवन हमें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। इस दौरान श्री चन्दर द्वारा वहां उपस्थित समस्त पुलिसबल को एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाई गयी। रन फॉर यूनिटी का आयोजन इसी उद्देश्य से किया गया है कि प्रत्येक नागरिक के भीतर ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ की भावना जागृत हो। यूनिटी और इंटेग्रीटी की भावना केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है। यह एक सामान्य दौड़ नहीं, बल्कि यह हमारें देश की एकता और अखण्डता को मजबूती प्रदान करने का एक माध्यम है। इसी प्रकार जनपद के समस्त थानों पर भी रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

# हंस वाहिनी विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल पूरन नगर में गांधी चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उन्नाव सर्वोदय मण्डल उन्नाव द्वारा शहर स्थित हंस वाहिनी विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल पूरन नगर में गांधी चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नसीर अहमद नसीर जी, कार्यक्रम संयोजक रघुराज सिंह मगन एवं विद्यालय के प्रबंधक रजपाल यादव, प्रधानाध्यापिका प्रीति यादव, शिक्षक जितेन्द्र जी, तथा रजनीकांत उपस्थित रहे।

बच्चों ने पूरे मनोयोग से गांधी चर्चा में भाग लिया इसी के साथ गांधी चर्चा पर आधारित गांधी ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। संस्था द्वारा परीक्षा का परिणाम दूसरे दिन घोषित किया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए सर्वोदय मंडल के सक्रिय सदस्य पुत्तन लाल पाल ने बताया कि इस परीक्षा में जो विद्यार्थी 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करेंगे उन सभी विद्यार्थियों को गांधी सम्मान पत्र तथा गांधी साहित्य देकर सम्मानित किया जाएगा। पुत्तन लाल पाल ने यह भी बताया कि इस गांधी परिचर्चा का उद्देश्य बच्चों को गांधी जी के कृतित्व और व्यक्तित्व के बारे में जागरूक करना है।

# सीएचसी नवाबगंज में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




**नवाबगंज।** राजमार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने का महत्व बताया और सभी से उनके बताए मार्ग पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर डॉ अखिलेश विक्रम, डॉ पंकज वर्मा, डॉ रविशेष, डॉ सिद्धार्थ आनंद, फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार, फार्मासिस्ट विजय कुमार, बीपीएम मलखान सिंह, प्रशांत दीक्षित, बीसीपीएम संगीता गौतम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में राष्ट्र की एकता और सेवा भाव से कार्य करने की शपथ ली।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पटेल जयंती पर निकाली गयी रैली

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर कोतवाली बड्डूपुर प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता रैली बड़े धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर इंडियन फार्मर कॉन्वेंट इंटर कॉलेज बड्डूपुर के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा राष्ट्रीय एकता रैली में झांकी निकाली गई। कस्बा बड्डूपुर में पुलिस जनों के साथ 102 एम्बुलेंस, डायल 112 गाड़ी एकता रैली में अपना प्रदर्शन कर रही थी। तथा विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरदार भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद सरदार वल्लभभाई पटेल की वेशभूषा में नन्हे मुन्ने बच्चे लोगों को आकर एकता रैली में लोगों आकर्षित कर रहे थे। इस अवसर पर योगेंद्र मिश्रा वरिष्ठ उपनिरीक्षक राम शंकर यादव निष्कर्ष चैरसिया, अनिल पांडेय, रमाकांत सिंह, अरविंद कुमार विनय कुमार भगौली चैंकी इंचार्ज मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं सरदार पटेल : डॉ रंजन मिश्र

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती टीआरसी महाविद्यालय परिसर में मनाई गई। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता तथा भाषण, वाद विवाद प्रतियोगिता छात्र-छात्रों के बीच आयोजित की गई। स्टेचू ऑफ़ रन के अंतर्गत राष्ट्र एकता के रूप में पदयात्रा निकाली गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल से संबंधित नारों का उद्घोष किया। पटेल जी के विचारों से प्रभावित छात्र-छात्राओं ने दृढ़ निश्चय, सफल नेतृत्व एवं, कूटनैतिक राजनीति व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ सफल संघर्ष करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से आजीवन प्रभावित होकर देश के देश को नए मुकाम तक पहुंचने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। हम सभी के भारतवासियों के प्रेरणा स्रोत सरदार वल्लभभाई पटेल स्टैचू ऑफ यूनिटी के रूप में आज भी विद्यमान है जिनके भाव एवं विचारों से आज की पीढ़ी निरंतर प्रेरणा प्राप्त कर नए-नए आयामो को प्राप्त कर रही है। महाविद्यालय प्राचार्य गिरजा शंकर ने बताया कि सरदार पटेल ने देश की अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए रियासतों का एकीकरण किया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ रंजन मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं।

### नगर पंचायत में मनायी गयी पटेल जयंती, दिलायी गयी शपथ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। नगर पंचायत सिद्धौर कार्यालय सभागार में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर बोलते हुए अधिषाषी अधिकारी आषुतोष त्रिपाठी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो देश की दिशा और दशा कुछ और होती। उन्होने सभागार में मौजूद चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत के साथ में मिलकर देष की एकता और अखण्डता की शपथ सभी लोगों को दिलायी। श्री त्रिपाठी ने कहा कि नगर को स्वच्छ रखना नगरवासियों की प्राथमिकता भी है। उन्होने पटेल जयंती पर नगरवासियों को स्वच्छता का पाठ भी पढ़ाया। इस मौके पर अभिषेक यादव, राहुल यादव, सभासद दीप्तांशु निगम, अतहर मलिक, अखिलेश यादव, राकेश वर्मा, आशिक अली, रोशन, वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा, व नगर पंचायत के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे थे।

# एक सफल अधिवक्ता थे सरदार बल्लभ भाई पटेल-वसीम राईन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म गुजरात में हुआ था वह एक सफल वकील थे। महात्मा गांधी के शुरुआती राजनीतिक लेफ्टिनेंटों में से एक थे। उक्त विचार सट्टी बाज़ार स्थित कार्यालय पर सरदार पटेल की 150 वी जयंती पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने व्यक्त किए उन्होंने सरदार पटेल को खिराज ए अक़ीदत पेश किया और उन्होंने कहाँ की सरदार पटेल का ताल्लुक़ पिछड़े तबके से था पिछड़े सब एक समान हिन्दू हो या मुसलमान देश पटेल की कुर्बानी को कभी भूल नहीं सकता है भारत छोड़ो आंदोलन को बढ़ावा देते हुए, पटेल ने 7 अगस्त 1942 को बंबई के लोगों को संबोधित करते हुए एक शानदार भाषण दिया। इतिहासकारों का मानना है कि पटेल के भाषण ने राष्ट्रवादियों में जोश भरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो तब तक प्रस्तावित विद्रोह को लेकर संशय में थे। इस अवधि में पटेल के आयोजन कार्य को इतिहासकारों द्वारा पूरे भारत में विद्रोह की सफलता सुनिश्चित करने का श्रेय दिया जाता है। इस मौके पर हाजी नूरुल हसन अंसारी, नगर अध्यक्ष निसार राईन, महमूद चैधरी, अशफाक राईन, रिजवान राईन, अब्दुल्ला राईन, कमाल अंसारी, सद्दाम इदरीसी, गुफरान राईन, जावेद राईन, इमरान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त हुए डा.ए.के.सिन्हा, दी गयी विदाई

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिरौलीगौसपुर। संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके सिन्हा प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। उनके साथ अस्पताल के फार्मासिस्ट राम भारत को भी विदाई दी गई। इस अवसर पर अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी और नवनियुक्त सीएम एस डॉ. एके प्रियदर्शी को कार्यवाहक का पदभार सौंपा गया। सीएमएस डॉ. एके सिन्हा ने राम भारत को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि 31 अक्टूबर को 60 वर्ष पूरे होने पर वे प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए हैं, लेकिन मरीजों की सेवा जारी रखेंगे। उन्होंने प्रशासनिक पद को एक बड़ी जिम्मेदारी बताया, जो डॉक्टर की कुर्सी से भिन्न है, क्योंकि इसमें अस्पताल के संचालन और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जिम्मेदारी होती है। फार्मासिस्ट राम भारत ने भावुक होते हुए कहा कि उन्होंने इस अस्पताल में कई वर्षों तक कार्य किया और सेवा दी है। उन्होंने कहा कि भले ही वे पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन अस्पताल और यहां के लोग हमेशा उनके दिल में रहेंगे। डॉ. एके प्रियदर्शी को कार्यवाहक सीएमएस के रूप में नियुक्त किया गया,जिनका अस्पताल स्टाफ ने स्वागत किया। डॉ. प्रियदर्शी ने कहा कि यह पद बहुत ही जिम्मेदारी भरा है और सभी के सहयोग के बिना इसका अच्छे से निर्वहन संभव नहीं है। उन्होंने सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों से अपील किया कि वे बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करें। इस अवसर पर डॉ.अविनाश उपाध्याय, डॉ. गौरव कृष्ण, डॉ. गौरव, डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. तथीर फातिमा सहित अस्पताल के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# एकता अखंडता और सौहार्द का प्रतीक है रन फॉर यूनिटी : बृज बहादुर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। सभी विधानसभाओं में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। बस अड्डा तिराहा स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके लोगों ने लौह पुरुष को नमन किया गया।इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व मुख्य अतिथि बृज बहादुर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। एनसीसी और स्काउट गाइड के कैडेट सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लिया। जिसका समापन जीआईसी ऑडिटोरियम में हुआ, जहां भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी ने संकल्प लिया। अपने उद्बोधन में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि भारत की अखंडता और एकता के लिए जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, उन लौह पुरुष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारें। उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन, समर्पण और त्याग हर भारतीय को लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने जाति, भाषा, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। कहा कि सरदार पटेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना पूरा करने में अपना जीवन खपा दिया। उन्होंने कहा कि 563 से अधिक रियासतों को एक करके उन्होंने आधुनिक भारत निर्माण किया। उन्होंने सरदार पटेल आधुनिक भारत का शिल्पी कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 समाप्त करके सरदार पटेल के सपनों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को प्रबल करने का अभियान है। जिसमें युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, हरगोविंद सिंह, संदीप गुप्ता, रामकुमारी मौर्य, डॉ विवेक वर्मा, विजय आनंद बाजपेई, नवीन राठौर, राकेश पटेल, रोहित सिंह, संतोष सिंह मौजूद रहे।

# भारत-अमेरिका के बीच ऐतिहासिक समझौता

## दोनों देशों में 10 साल के रक्षा सहयोग ढांचे पर बनी सहमति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के बीच एक 10 वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों देशों के रिश्तों के लिए इसे अहम समझौता बताया जा रहा है। अमेरिका के युद्ध मंत्री ने समझौते पर हस्ताक्षर के बाद कहा कि दोनों देशों के रक्षा संबंध इतने मजबूत कभी नहीं रहे। अमेरिकी युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि उनकी भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात हुई और एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर हुए। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुआ समझौता क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि सूचनाएं साझा करने, तकनीकी सहयोग बढ़ाने में हम अपने समन्वय को बेहतर कर रहे हैं। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समझौते को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि आज रक्ष ढांचा समझौते पर हस्ताक्षर के बाद एक नए अध्याय की शुरुआत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ये समझौता भारत और अमेरिका के बीच की रक्षा साझेदारी की नीतियों को तय करने में मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे द्विपक्षीय संबंधों में रक्षा क्षेत्र एक अहम स्तंभ है। एक मुक्त, नियम आधारित हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के लिए हमारी साझेदारी बेहद अहम है। यह समझौता दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के मजबूत होने का संकेत है।

### टैरिफ के कारण रद्द हुई थी पिछली मुलाकात

राजनाथ ने इससे पहले अगस्त में वाशिंगटन में हेगसेथ से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय आयात पर टैरिफ दोगुना करके 50त्न कर दिया और दोनों देशों के बीच संबंध दशकों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए, जिसके बाद राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा रद्द कर दी गई थी। अब आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए राजनाथ सिंह कुआलालंपुर गए, जहां उनके और अमेरिकी रक्षा मंत्री के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

### संबंध सुधार की कवायद

पिछले हफ्ते अमेरिका ने रूस की दो शीर्ष कच्चे तेल निर्यातक कंपनियों पर प्रतिबंधों के एलान किया। जिसके बाद भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी तेल आयात में कटौती की है, जिसके बाद दोनों देश अब संबंधों के पुनर्निर्माण की संभावना देख रहे हैं। पिछले दिनों दक्षिण कोरिया दौरे के दौरान ट्रंप ने भी कहा कि वह भारत के साथ एक व्यापार समझौता करना चाहते हैं। हाल के वर्षों में अमेरिका और भारत के बीच अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन टैरिफ विवाद और रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर दोनों देशों के संबंधों में थोड़ी गिरावट आई। भारत ने इसे लेकर कहा कि उसे गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगी अपने हितों के अनुसार मॉस्को के साथ व्यापार जारी रखे हुए हैं।

### विदेश मंत्रियों की भी हुई थी मुलाकात

इससे पहले भारतीय विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने भी कुआलालंपुर में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ मुलाकात की थी। उस मुलाकात में भी दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर करने पर चर्चा हुई थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने भी अपने एक बयान में कहा था कि भारत के साथ रिश्तों की कीमत पर अमेरिका, पाकिस्तान से संबंध मजबूत नहीं करेगा।

## एलएंडटी और अमेरिकी जीएएएसआई में साझेदारी, भारत में बनेगी अत्याधुनिक मानवरहित विमान प्रणाली



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इंफ्रास्ट्रक्चर दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो एलएंडटी ने शुक्रवार को अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स एरोनॉटिकल सिस्टम्स इंक. जीएएएसआई के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है। इस साझेदारी के तहत भारतीय सेना के लिए दोनों कंपनियां मीडियम ऑल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्यूरेंस रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम का निर्माण भारत में करेंगी।

### एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के कार्यक्रम में लेगी हिस्सा

कंपनी ने बयान में कहा कि इस गठजोड़ के तहत एलएंडटी की इंजीनियरिंग, सटीक विनिर्माण और डिफेंस-एयरोस्पेस सेक्टर में सिस्टम इंटीग्रेशन की विशेषज्ञता व जीएएएसआई की परिचालन क्षमता का उपयोग किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत एलएंडटी रक्षा मंत्रालय के आगामी 87 एमएएलई आरपीएएस कार्यक्रम में भाग लेगी, जहां एलएंडटी प्रमुख बोलीदाता होगी और जीए-एएसआई प्रौद्योगिकी साझेदार होगी।

### एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में बढ़ती आत्मनिर्भरता

एलएंडटी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि यह साझेदारी भारत को स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक मानवरहित प्लेटफार्मों के निर्माण का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। यह गठबंधन भारत की रक्षा क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाएगा।

# एसआईआर के एलान के बाद बंगाल के मतुआ समुदाय में डर का माहौल, भाजपा और टीएमसी की बढ़ी चिंता



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हाल ही में चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कराने का एलान किया है। चुनाव आयोग के इस एलान के साथ ही पश्चिम बंगाल के मतुआ समुदाय में डर, नाराजगी और चिंता का माहौल है। मतुआ समुदाय को विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) के तहत बड़े पैमाने पर वोट देने का अधिकार छिन जाने का डर सता रहा है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस, दोनों ही पार्टियों का मतुआ समुदाय में जनाधार है, ऐसे में दोनों पार्टियों को अपने वोटबैंक की नाराजगी की चिंता सता रही है।

### 40 विधानसभा सीटों पर मतुआ समुदाय का प्रभाव

मतुआ समुदाय एक हिंदू शरणार्थी समुदाय है और इस समुदाय के लोग उत्तर 24 परगना, नादिया और दक्षिण 24 परगना के कुछ हिस्सों में रहते हैं और बंगाल की 40 से ज्यादा विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव है। चुनाव आयोग ने साल 2002 के बाद पहली बार फर्जी, मृत और अयोग्य वोटरों को हटाने के लिए एसआईआर कराने का फैसला किया है। ऐसे में जो लोग 2002 की वोटर लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें अब अपनी योग्यता साबित करने के लिए दस्तावेज देने होंगे।

### राजनेताओं के बयानों से बढ़ा असमंजस

मतुआ समुदाय के हजारों लोग दशकों से बांग्लादेश से बिना दस्तावेजों के पलायन कर भारत में बसे हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सबसे प्रमुख मतुआ नेता बनगांव सांसद शांतनु ठाकुर ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा, अगर शरणार्थी मतुआ लोगों के नाम हटा दिए जाते हैं तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्हें सीएए के तहत भारतीय नागरिकता मिलेगी। हालांकि उनके बयान के बावजूद मतुआ लोगों की नाराजगी शांत नहीं हुई है। वहीं मतुआ के प्रथम परिवार की नेता और शांतनु ठाकुर की चाची टीएमसी की राज्यसभा सांसद ममता बाला ठाकुर ने समुदाय के नेताओं की ठाकुरनगर में बैठक बुलाई है। इस बैठक में अगले कदम पर चर्चा की जाएगी। टीएमसी सांसद ने कहा कि 2002 के बाद आने वाले लोगों के पास दस्तावेज नहीं हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। भाजपा के नागरिकता देने वाले जुमले के बाद से समुदाय के लोग हमें वोट दे रहे हैं। भाजपा विधायक सुब्रत ठाकर ने कहा कि जो लोग 2002 से 2025 के बीच भारत आए हैं, उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अगर वे सीएए के तहत आवेदन करेंगे तो हम उनके नाम रखने की अपील कर सकते हैं लेकिन चुनाव आयोग स्वायत्त निकाय है और उनके नाम रखे जाएंगे या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार कोशिश कर रही है कि घुसपैठिए और रोहिंग्या एसआईआर प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल न कर सकें। राजनीतिक विशेषज्ञ सुमन भट्टाचार्य कहते हैं कि अगर मतुआ लोग सीएए के तहत आवेदन करते हैं तो उन्हें पहले विदेशी माना जाएगा, जिससे वे मताधिकार खो देंगे और अगर वे एसआईआर के तहत आवेदन करेंगे तो भी उनका वोट देने का अधिकार छिन सकता है क्योंकि वे दस्तावेज नहीं दे पाएंगे।

# मेरी निजी राय में, आरएसएस पर लगना चाहिए प्रतिबंध: मल्लिकार्जुन खरगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि उनकी व्यक्तिगत राय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि देश में ज्यादातर कानून-व्यवस्था की समस्याएं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस की वजह से पैदा हो रही हैं। खरगे ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कांग्रेस पर किए गए हमलों पर पलटवार किया। उन्होंने सरदार पटेल के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या (1948) के बाद आरएसएस की आलोचना की थी।

### आयरन मैन और आयरन लेडी ने दिया बड़ा योगदान

आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने के सवाल पर खरगे ने कहा, यह मेरी निजी राय है, इसे किया जाना चाहिए, क्योंकि देश में ज्यादातर मुद्दे और कानून-व्यवस्था की दिक्कतें भाजपा-आरएसएस से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आज देश लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मना रहा है। ये दोनों महान नेता एक आयरन मैन और एक आयरन लेडी देश की एकता बनाए रखने में बड़ा योगदान देने वाले थे।

### सरदार पटेल के पत्र का किया जिक्र

खरगे ने एक पत्र का भी जिक्र किया जो सरदार पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लिखा था, जिसमें उस समय के गृह मंत्री पटेल ने कहा था कि आरएसएस ने ऐसा माहौल बनाया, जिससे महात्मा गांधी की हत्या जैसी त्रासदी संभव हो सकी।

### एक-दूसरे का बेहद सम्मान करते थे पटेल और नेहरू

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हमेशा यह दिखाने की कोशिश करती है कि नेहरू और पटेल के बीच मतभेद थे, जबकि हकीकत में दोनों एक-दूसरे का बहुत सम्मान करते थे। नेहरू ने पटेल की देश की एकता कायम करने में भूमिका की तारीफ की थी और पटेल ने नेहरू को देश का आदर्श नेता बताया था।

### पीएम मोदी ने नेहरू पर क्या बयान दिया था?

खरगे की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी के उस बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरदार पटेल जम्मू-कश्मीर को भी भारत में शामिल करना चाहते थे, लेकिन नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने ब्रिटिश शासन से मिली गुलामी की मानसिकता को अपना लिया है, जबकि आज देश औपनिवेशिक सोच के हर निशान को मिटा रहा है। सरदार पटेल का जन्म 1875 में गुजरात के नाडियाड में हुआ था। वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता थे और राष्ट्र के एकीकरण के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता के लिए भारत के लौह पुरुष के रूप में याद किए जाते हैं। उनका निधन 1950 में हुआ था।

# भारतीय नौसेना का फरवरी में 'मिलन 2026' समुद्री अभ्यास, अमेरिका और रूस सहित 55 देश होंगे शामिल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत अगले साल फरवरी में विशाखापत्तनम में होने वाले मिलन 2026 समुद्री अभ्यास में अमेरिका और रूस दोनों की नौसेनाओं की मेजबानी करेगा। दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में नौसेना उप प्रमुख ने सबसे बड़े सैन्य अभ्यास मिलन को लेकर जानकारी साझा की।

### अमेरिका और रूस की नौसेना होंगी शामिल

वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने अगले साल 19 से 26 फरवरी तक चलने वाले सप्ताह भर के सैन्य अभ्यास की घोषणा की। नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने बताया कि अमेरिका और रूस दोनों ने अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा और मिलन अभ्यास में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। वे अपने जहाज भेजेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ विमानों के भी आने की उम्मीद है। दरअसल, मिलन अभ्यास भारतीय नौसेना की ओर से आयोजित एक द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास है, जो मित्र देशों की नौसेनाओं के बीच पेशेवर संपर्क और सैन्य सहयोग को बढ़ाने के लिए किया जाता है।

### मिलन 2026 में शामिल हो सकते हैं 55 देश

प्रेस वार्ता में वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने कहा, ÷हमने बड़ी संख्या में देशों को निमंत्रण भेजा है, और अब तक हमें 55 से ज्यादा देशों से प्रतिक्रियाएं मिली हैं, जिन्होंने तीनों कार्यक्रमों में शामिल होने की इच्छा जताई है। बहुत बड़ी संख्या में नौसेनाएं अपने जहाज भेजने के अलावा उच्च-स्तरीय समर्पण के जरिए भी इसमें भाग ले रही हैं। लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, अभी चार महीने बाकी हैं। इसलिए जैसे-जैसे और पुष्टियां आती जाएंगी, ये संख्याएं बदलती रहेंगी और जैसे-जैसे भू-राजनीति विकसित होती है, हम भविष्यवाणी नहीं कर सकते कि 7 या 15 दिनों में क्या होगा। इसलिए संख्याओं में बदलाव होगा। उन्होंने आगे कहा, ÷हम समुद्री डकैती से लेकर मानव तस्करी, ड्रग्स वगैरह तक हर पहलू पर नजर रखते हैं। इसलिए ये चुनौतियां मौजूद हैं और हम इनके प्रति सजग हैं। हम किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इस साल हमने 10 जहाज और एक पनडुब्बी शामिल की है, और मुझे उम्मीद है कि दिसंबर के अंत से पहले चार और जहाज मिल जाएंगे और मुझे लगता है कि अगले साल हमारे पास 19 जहाज होंगे, जिनके शामिल होने की संभावना है। उनमें से ज्यादातर दिसंबर तक कमीशन हो जाएंगे। और अगले साल तक, हमें उम्मीद है कि लगभग 13 जहाज भारतीय नौसेना को मिल जाएंगे।÷ इसके अलावा हिंद महासागर में चीनी नौसैनिक जहाजों के बारे में पूछे जाने पर नौसेना के उप प्रमुख ने कहा कि सभी चीनी जहाजों पर नजर रखी जा रही है।

### अमेरिकी और रूसी नौसेना के शामिल होने की पुष्टि

उन्होंने आगे कहा कि लेकिन निश्चित रूप से हम 55 से ज्यादा देशों के आने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अमेरिका और रूस दोनों ही इसमें भाग ले रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया है कि वे अपने जहाज भेजेंगे, और हमें शायद कुछ विमान भी मिलने की उम्मीद है, लेकिन अभी भी काम चल रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र को लेकर नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने कहा, मौजूदा स्थिति के कारण हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्र-बाह्य शक्तियों की निरंतर उपस्थिति बनी हुई है। यह हमेशा से ऐसा ही रहा है और यह लगातार बढ़ रहा है। किसी भी समय हमारे पास कम से कम 40, बल्कि 50 से भी ज्यादा जहाज हिंद महासागर क्षेत्र में कार्यरत होते हैं और आप सभी को आश्वस्त करने के लिए हम उनमें से प्रत्येक पर नजर रख रहे हैं। हम जानते हैं कि वे क्या कर रहे हैं, उनके क्या करने की संभावना है, वे कब आते हैं, कब जाते हैं, चुनौतियां बनी हुई हैं।

# सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता भी जरूरी: थल सेना प्रमुख

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध अब तेजी से संपर्क रहित होते जा रहे हैं। इसलिए इसके जवाब में सैन्य ताकत के साथ-साथ बौद्धिक क्षमता और नैतिक तैयारी की भी जरूरत है। यह बात उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नई दिल्ली के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि युवाओं की भूमिका थिंक टैंक, प्रयोगशालाओं और युद्धक्षेत्र जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में होनी चाहिए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी सेना के अधिकारियों, छात्रों और रक्षा विशेषज्ञों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज की ओर से चाणक्य डिफेंस डायलॉग यंग लीडर्स फोरम के तहत आयोजित हुआ। मुख्य भाषण में सेना प्रमुख ने युद्ध की बदलती प्रकृति और उसके अनुसार रणनीतिक प्रतिक्रिया की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, युद्ध अब तेजी से गैर-गतिशील और बिना प्रत्यक्ष संपर्क वाला होता जा रहा है।

# इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि: कांग्रेस नेताओं ने पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि, राहुल बोले, दादी, आपने हमें सिखाया...

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इंदिरा गांधी निडर और अडिग थीं और उन्होंने हमें सिखाया कि भारत के आत्म-सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने नई दिल्ली में शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और 1, सफदरजंग रोड पर उनके स्मारक का भी दौरा किया। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की एकता व अखंडता को संजोए रखने के लिए जिन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व व दूरदर्शिता से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक सशक्त प्रगतिशील भारत का निर्माण किया, साहस की ऐसी प्रतिमूर्ति, भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री व हमारी आदर्श इंदिरा गांधी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। कांग्रेस अध्यक्ष ने एक अन्य पोस्ट में कहा, भारत की आयरन लेडी इंदिरा गांधी का जीवन लाखों भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका साहस, दृढ़ता और दूरदर्शी नेतृत्व हमेशा हमारे दिलों और दिमाग में जिंदा रहेगा। उन्होंने देश की सेवा में अपने जीवन का बलिदान दिया। राहुल गांधी ने हिंदी में पोस्ट में कहा, भारत की इंदिरा- निडर, निर्णायक और ताकतवर के सामने अडिग। दादी, आपने हमें सिखाया कि भारत की पहचान और आत्म-सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं। आपका साहस, करुणा और देशभक्ति हर कदम पर मुझे प्रेरित करती है।

### असाधारण साहस वाली महिला थीं इंदिरा गांधी: जयराम

वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने याद दिलाया कि 1977 में इंदिरा गांधी पहले कार, जीप और ट्रैक्टर से और फिर हाथी की सवारी करके बिहार के बेलछी गांव गईं, जहां उन्होंने जातीय अत्याचारों से प्रभावित परिवारों से सीधे मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी असाधारण साहस और दृढ़ता वाली महिला थीं। रमेश ने बताया कि बेलछी गांव के दौरे के अगले दिन इंदिरा गांधी ने अपने उस समय के राजनीतिक आलोचक जयप्रकाश नारायण से पटना में मुलाकात की। इंदिरा गांधी की 1984 में इस दिन उनके अंगरक्षकों ने हत्या की थी। वह भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं और 19 नवंबर 1917 को उनका जन्म हुआ था।

# जनसांख्यिकी लाभ का नहीं किया गया सही इस्तेमाल तो यह बोझ बन जाएगा: किरेन रिजिजू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक युवा देश है, लेकिन अगर जनसांख्यिक लाभ युवाओं की संख्या का सही दिशा में इस्तेमाल नहीं किया गया, तो यह जनसांख्यिकीय बोझ बन सकता है। यह बात उन्होंने नई दिल्ली के मानेकशॉ केंद्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने वहां मौजूद दर्शकों के साथ बातचीत भी की। कार्यक्रम में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी मौजूद थे। यह आयोजन सेना और रक्षा थिंक-टैंक सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज द्वारा चाणक्य डिफेंस डायलॉग यंग लीडर्स फोरम के तहत किया गया। रिजिजू ने अपने संबोधन में कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य केवल इच्छा नहीं, बल्कि यह हमारी यात्रा है, ताकि भारत दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो। दर्शकों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश के युवा संपत्ति बनें, बोझ नहीं। उन्होंने कहा कि भारत के लिए इसे जनसांख्यिक लाभ कहते हैं, लेकिन अगर इसे सही दिशा में नहीं लगाया गया, तो यह बोझ बन सकता है। इसलिए यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी भी मौजूद थीं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मीडिया ब्रीफिंग में प्रमुख भूमिका निभाई थी। मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों की क्षमता और युवाओं के सही उत्साह के साथ यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं से कहा कि वे चुस्त और सतर्क रहें, गलत जानकारी से बचें और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दें। इस सेमिनार में विभिन्न विषयों पर पूरा दिन चलने वाले सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकली भव्य एकता यात्रा

- शहीद सरदार वल्लभभाई पटेल, भगत सिंह एवं महात्मा गांधी की झांकियाँ बनी आकर्षण का केंद्र

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद के तत्वावधान में भव्य एकता यात्रा यूनिटी मार्च का आयोजन शुक्रवार को बड़े उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के भाव से सम्पन्न हुआ। यात्रा का शुभारंभ मोहन नगर स्थित सरदार पटेल वाटिका से हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि पंकज सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं विधायक, नोएडा, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक गण अजीत पाल त्यागी एवं संजीव शर्मा आदि ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और यात्रा का शुभारंभ किया। भारत माता की भव्य झांकी, सरदार पटेल, भगत सिंह एवं महात्मा गांधी की जीवंत झांकियाँ, ÷माय भारत÷ के युवा दलों, एनसीसी, एनडीआरएफ, स्काउट, सिविल डिफेंस, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों एवं हजारों देशभक्तों की सहभागिता ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति और एकता के रंग में रंग दिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने कहा किनसरदार पटेल जी ने लौह इच्छाशक्ति से देश को एक सूत्र में पिरोया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उसी भावना से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं विधायक श्री सुनील शर्मा ने कहा गाज़ियाबाद की यह एकता यात्रा संगठन शक्ति और देशभक्ति का प्रतीक है। हर नागरिक में एकता का संदेश पहुंचाना ही इसका उद्देश्य है। सांसद अतुल गर्ग ने कहा सरदार पटेल जी ने भारत की एकता की नींव रखी थी। आज भाजपा उनके आदर्शों को आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से आगे बढ़ा रही है। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन सचिन डेढ़ा , प्रदीप चौधरी भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी एवं नवनीत मित्तल सह संयोजक द्वारा किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)